

राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातःकिरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran

हर खबर पर पकड़



11 वनडे क्रिकेट को हमेशा के लिये खत्म... | सेना का मानना है कि पेलोसी का ताइवान... 12

वर्ष : 10 | अंक : 67 | पटना, शुक्रवार, 22 जुलाई 2022 | श्रावण मास कृष्ण पक्ष, नवमी | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


**मौसम**

अधिकतम तापमान 30.0°C

न्यूनतम तापमान 27.0°C

मौसम विभाग के अनुसार गर्मी से थोड़ी राहत मिलेगी साथ ही बारिश होने की संभावना है।

**पोल**

**क्या उपराष्ट्रपति चुनाव में भी राजग उम्मीदवार की होगी जीत?**

| | |
|---|---|
| हां | 80% |
| नहीं | 10% |
| कह नहीं सकते | 10% |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सोना | 51,545 |
| चांदी | 55,600 |
| सेंसेक्स | 55,681 |
| निफ्टी | 16,605 |

## संक्षिप्त खबर

### अनंत सिंह को एक और मामले में 10 साल की सजा

पटना। मोकामा के पूर्व विधायक अनंत कुमार सिंह को एक और आर्म्स एक्ट मामले में सजा सुनाई गई है। गुरुवार को एमपी एमएलए कोर्ट की विशेष अदालत ने उन्हें दस वर्ष कैद और 40 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनायी है। इससे पहले एमपी एमएलए कोर्ट के विशेष न्यायाधीश त्रिलोकी दूबे ने मोकामा के पूर्व विधायक अनंत कुमार सिंह को आर्म्स एक्ट के मामले में दोषी करार दिया था। गुरुवार को बेऊर जेल में बंद अनंत कुमार सिंह को कड़ी सुरक्षा में एम्बुलेंस से कोर्ट में पेश किया गया। आर्म्स एक्ट का यह मामला सचिवालय थाना का है। इसी थाना क्षेत्र के माल रोड स्थित मोकामा विधायक के सरकारी आवास पर पुलिस ने वर्ष 2015 में छापेमारी की थी। इस छापेमारी के दौरान पुलिस ने उनके सरकारी आवास से इंसास राइफल की छह मैगजीन और एक बुलेट प्रूफ जैक्ट बरामद किया था। इसी मामले में विशेष कोर्ट ने सजा सुनायी है। एमपी-एमएलए कोर्ट की विशेष अदालत ने इससे पहले एके-47 व ग्रेनेड मामले में सजा सुना चुकी है।

### आईटीबीपी का 'हर घर तिरंगा' अभियान

नई दिल्ली। 75 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर और आजादी का अमृत महोत्सव के तत्वावधान में हर घर तिरंगा अभियान को घर घर पहुंचाने के लिए, भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) ने लेह लद्दाख से एक उत्तर पश्चिम सीमांत आईटीबीपी माउंटेन टेरेन बाइक (एमटीबी) अभियान की शुरूआत की है। यह अभियान लद्दाख के ऊंचाई वाले इलाकों से होते हुए कराकोरम दर्रे तक पहुंचेगा और सात अगस्त, 2022 को लेह लौटेगा।

# द्रौपदी मुर्मू देश की 15वीं राष्ट्रपति

## तीसरे राउंड की गिनती में ही 5.77 लाख वोट लेकर जीतीं, सिन्हा को सिर्फ 2.61 लाख वोट मिले



लोकसभा के सांसदों समेत 20 राज्यों के वोट शामिल हैं। बाकी के राज्यों की गिनती जारी है। मुर्मू की जीत पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और यशवंत सिन्हा ने भी बधाई दी है।

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की प्रत्याशी द्रौपदी मुर्मू देश की 15 वीं राष्ट्रपति होंगी। वे इस सर्वोच्च संवैधानिक पद पर पहुंचने वाली देश की पहली आदिवासी और दूसरी महिला राष्ट्रपति होंगी। गुरुवार को सुबह 11 बजे शुरू मतगणना में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की प्रत्याशी द्रौपदी मुर्मू ने दूसरे राउंड की मतगणना के बाद ही 10 राज्यों में सभी सांसदों और विधायकों के कुल मतों के लगभग 72 प्रतिशत मत प्राप्त कर अपनी बढ़त को मजबूत कर लिया था। तीसरे दौर की मतगणना के बाद ही वह विपक्ष के उम्मीदवार यशवंत सिन्हा को तीसरे राउंड की गिनती में ही हरा दिया। मुर्मू को जीत के लिए जरूरी 5 लाख 43 हजार 261 वोट तीसरे राउंड में ही मिल गए। थर्ड राउंड में ही मुर्मू को 5 लाख 77 हजार 777 वोट मिले। वहीं यशवंत सिन्हा 2 लाख 61 हजार 62 वोट ही जुटा सके। इसमें राज्यसभा और

**मुर्मू की जीत से राजनीतिक मैसेज देने की तैयारी**

द्रौपदी मुर्मू की जीत से भाजपा आदिवासी समुदाय सहित पूरे देश और खासतौर पर महिलाओं को खास संदेश देना चाहती है, ताकि मुख्य धारा से कटे इस समुदाय में राजनीतिक मैसेज जाए कि भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है जो सत्ता के लिए नहीं बल्कि देश के वंचित तबकों और वर्गों के लिए काम करती है। यही वजह है कि पार्टी कार्यकताओं को जीत के बाद पोस्टर में द्रौपदी मुर्मू के साथ किसी और नेता की तस्वीर न लगाने के सख्त निर्देश दिए गए हैं। माना जा रहा है कि पार्टी राष्ट्रपति चुनाव से ही 2024 में होने वाले आम चुनाव की तैयारी में जुट गई है। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा, पहली महिला आदिवासी राष्ट्रपति होने से न केवल आदिवासी, बल्कि देश में सभी को गर्व की अनुभूति होगी।



### भारत ने इतिहास रच दिया : पीएम मोदी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दिल्ली में द्रौपदी मुर्मू के घर पहुंचे,यहां उनके साथ भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा भी रहे। दोनों ने मुर्मू को राष्ट्रपति चुनाव जीतने पर बधाई दी। मोदी ने मुर्मू की जीत पर ट्वीट भी किये हैं। उन्होंने लिखा कि भारत ने इतिहास रच दिया है। जिस वक्त भारत आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है, तब भारत की बेटी जो कि अदिवासी समुदाय से आती हैं उनको राष्ट्रपति चुना गया है।

### 25 को शपथ ग्रहण

वोटों की गिनती खत्म होने के बाद देश के नए राष्ट्रपति की घोषणा कर दी जाएगी। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद का कार्यकाल 24 जुलाई की मध्य रात्रि को खत्म हो रहा है। 25 जुलाई को नए राष्ट्रपति का शपथ ग्रहण होगा। इधर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी काउंटिंग के बाद द्रौपदी मुर्मू से मिलने जाएंगे। उनके साथ कैबिनेट के मंत्री और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा भी जा सकते हैं। इसके अलावा भाजपा के दिल्ली हेड ऑफिस में भी जश्न की तैयारी है। इसमें जेपी नड्डा भी शामिल होंगे।

**क्या बोले द्रौपदी मुर्मू के भाई**

राजग की राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू के भाई तारिनसेन टुडू ने कहा कि हमारे गांव में खुशी का माहौल है क्योंकि हमें उम्मीद है कि द्रौपदी मुर्मू भारत की अगली राष्ट्रपति बनेंगी। यह आदिवासी समुदाय, ओडिशा और देश के लिए गर्व की बात है।

**1.35 लाख गांवों में जश्न**

राष्ट्रपति पद के लिए हो रहे चुनाव में द्रौपदी मुर्मू लगातार जीत की ओर अग्रसर हैं। इस जीत को ऐतिहासिक बनाने के लिए भाजपा ने पूरी तैयारी भी कर ली है। भाजपा ने जश्न के लिए ऐसे एक लाख 35 हजार गांवों को चुना है जहां पर आदिवासी आबादी ज्यादा है। भाजपा ने उन इलाकों के सांसदों को ये काम सौंपा है कि वो जन-जन तक ये बात पहुंचाएं कि मोदी सरकार आदिवासी चेहरे को देश के शीर्ष पद पर पहुंचाया है।



- राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने भी द्रौपदी मुर्मू को जीत की बधाई दी। उन्होंने ट्वीट किया- श्रीमती द्रौपदी मुर्मू को देश का 15वां राष्ट्रपति चुने जाने पर हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं।



- राष्ट्रपति चुनाव में प्रभावी जीत दर्ज करने पर द्रौपदी मुर्मू को बधाई। वे गाँव, गरीब, वंचितों के साथ-साथ झुग्गी-झोपड़ियों में भी लोक कल्याण के लिए सक्रिय रहीं हैं। आज वे उनके बीच से निकल कर सर्वोच्च संवैधानिक पद तक पहुँचीं। यह भारतीय लोकतंत्र की ताकत है-रक्षा मंत्री, राजनाथ सिंह



- पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने राष्ट्रपति निर्वाचित श्रीमती द्रौपदी मुर्मू को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि हमारे संविधान के आदर्शों की रक्षा करने और हमारे लोकतंत्र के संरक्षक होने के लिए देश ईमानदारी से आपको राज्य के प्रमुख के रूप में देखेगा, खासकर जब राष्ट्र इतने सारे मतभेदों से त्रस्त है।



- आज देश में नया इतिहास बनेगा। एक आदिवासी घर की बेटी (द्रौपदी मुर्मू) देश की अगली राष्ट्रपति चुनी जाएंगी। देश में खुशी है कि पहली बार प्रजातंत्र का सही मायने सामने आ रहा है।-धर्मेंद्र प्रधान, केंद्रीय मंत्री



- मैं राष्ट्रपति चुनाव 2022 में द्रौपदी मुर्मू को उनकी जीत पर बधाई देता हूं। देश को उम्मीद है कि गणतंत्र के 15वें राष्ट्रपति के रूप में वे बिना किसी भय या पक्षपात के संविधान के संरक्षक के रूप में कार्य करेंगी-यशवंत सिन्हा

### सीएम अरविंद केजरीवाल ने दी बधाई



- विपक्षी पार्टियों के नेताओं ने भी द्रौपदी मुर्मू को जीतने पर बधाई दी है। दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने लिखा कि देश के 15वें राष्ट्रपति के रूप में निर्वाचित होने पर आदरणीय द्रौपदी मुर्मू को बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं।

### राहुल गांधी ने दी बधाई



- कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने राष्ट्रपति चुने जाने पर द्रौपदी मुर्मू को ट्वीट कर बधाई दी। उन्होंने ट्वीट किया, द्रौपदी मुर्मू जी को भारत के 15वें राष्ट्रपति के रूप में निर्वाचित होने पर बधाई और शुभकामनाएं गौरतलब है कि राष्ट्रपति चुनावों में कांग्रेस पार्टी भी विपक्षी उम्मीदवार यशवंत सिन्हा का समर्थन कर रही थी।

मुख्यमंत्री ने बाबा ब्रह्मेश्वर नाथ मंदिर के विकास एवं सौंदर्यीकरण कार्य का किया शिलान्यास

# रघुनाथपुर रेलवे स्टेशन का नाम होगा बाबा ब्रह्मेश्वर नाथ

**नीतीश बोले...**

- केन्द्र को जल्द भेजा जाएगा प्रस्ताव

पटना, प्रात: किरण संवाददाता

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुरूवार को 8 करोड़ 74 लाख 75 हजार 500 रुपये की लागत से बक्सर जिलान्तर्गत ब्रह्मपुर स्थित बाबा ब्रह्मेश्वर नाथ मंदिर के विकास एवं सौंदर्यीकरण कार्य का रिमोट के माध्यम से शिलान्यास किया। 1 अणे मार्ग स्थित संकल्प में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित इस शिलान्यास कार्यक्रम में प्रधान सचिव पर्यटन संतोष कुमार मल्ल ने मुख्यमंत्री को हरित पौधा भेंटकर उनका स्वागत किया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के समक्ष बाबा ब्रह्मेश्वर नाथ मंदिर पर आधारित लघु फिल्म भी प्रदर्शित की गयी। आयोजित कार्यक्रम को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि बाबा ब्रह्मेश्वर नाथ मंदिर परिसर में 5 एकड़ का प्राचीन तालाब है जिसका जीर्णोद्धार किया जाएगा। श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए शौचालय निर्माण, चेंजिंग रूम, स्वागत द्वार आदि का भी



निर्माण कराया जाएगा ताकि यहां आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने कहा कि बाबा ब्रहमेश्वर नाथ मंदिर भगवान शिव का प्राचीन मंदिर है। ऐसी मान्यता है कि भगवान ब्रह्मा के द्वारा ही इस मंदिर की स्थापना करायी गयी है जिसके कारण इस मंदिर का नाम ब्रहमेश्वर नाथ मंदिर पड़ा है।

बाबा ब्रह्मेश्वर नाथ मंदिर का बड़ा महत्व है। शादी-विवाह करने के लिए लोग बड़ी संख्या में यहां आते हैं। बक्सर के रामरेखा घाट से गंगाजल लेकर भक्त यहां जलाभिषेक करने के लिए सावन के महीने में बड़ी संख्या में पहुंचते हैं। वर्षों पहले मुझे भी वहां जाने का सौभाग्य प्राप्त हुआ था। हमारे पुराने मित्र भाई सरयू राय जी बक्सर जिले के ही रहने वाले हैं। हमलोगों का संबंध वर्ष 1974 से ही है। एक बार उन्होंने ही इस बात की चर्चा की थी कि बाबा ब्रह्मेश्वर नाथ मंदिर पर काम होना चाहिए। अभी दो दिन पहले 19 तारीख को सरयू राय, बिहार विधान परिषद के कार्यकारी सभापति अवधेश नारायण सिंह जी के साथ झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायाधीश डॉ एसएन पाठक जी हमसे मिलने आये थे। इनलोगों ने काम शुरू होने पर काफी प्रसन्नता व्यक्त की है। डॉ पाठक बाबा ब्रह्मेश्वर नाथ मंदिर के पास के ही रहने वाले हैं।

इस संबंध में हमने विभागीय अधिकारियों से रायशुमारी की, फिर कार्यक्रम की रूपरेखा तय की गयी। इसमें थोड़ा वक्त लगा और आज शिलान्यास भी हो गया है। विभाग ने दावा किया है कि एक साल के अंदर इस काम को पूर्ण कर लिया जाएगा। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने ब्रह्मपुर रघुनाथपुर स्टेशन का नाम बदले जाने की भी जरूरत बताई। कहा कि रघुनाथपुर स्टेशन का नाम बदलकर बाबा ब्रह्मेश्वर नाथ स्टेशन किया जाना चाहिए। राज्य सरकार इसके लिए रेल मंत्रालय को अपनी तरफ से प्रस्ताव भेजेगा। इस संबंध में हम केन्द्रीय मंत्री से भी बात करेंगे। मुझे पूरा भरोसा है कि रघुनाथपुर रेलवे स्टेशन का नामकरण बाबा ब्रह्मेश्वर नाथ के नाम पर किया जाएगा।

**बैठक** | उपमुख्यमंत्री की अध्यक्षता में राज्य पशु कल्याण बोर्ड की हुई बैठक

# बिहार में पशु तस्करी में लिप्त लोगों पर होगी कठोर कार्रवाई : तारकिशोर

**निर्देश**

- पशुपालन पदाधिकारियों को थाना के समन्वय से चेक पोस्ट बनाकर गहन जांच के निर्देश

पटना, प्रात: किरण संवाददाता



उपमुख्यमंत्री सह पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग के मंत्री तारकिशोर प्रसाद की अध्यक्षता में सचिवालय स्थित कार्यालय कक्ष में बिहार राज्य पशु कल्याण बोर्ड की बैठक संपन्न हुई, जिसमें उन्होंने राज्य के विभिन्न इलाकों में रेल मार्ग एवं सड़क मार्ग के द्वारा हो रही पशुओं के तस्करी पर प्रभावी नियंत्रण के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि खास तौर पर सीमांचल क्षेत्र में रेलमार्गों तथा सड़क मार्ग के द्वारा मवेशियों की तस्करी हो रही है, जिसपर कारगर रूप से नकेल कसने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि मवेशी तस्करी, पशु क्रूरता और अत्याचार की रोकथाम की दिशा में पूरी संवेदनशीलता के साथ ठोस पहल करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि पशु तस्करी और क्रूरता पर प्रभावी नियंत्रण के लिए पशु क्रूरता निवारण अधिनियम 1960 के सुसंगत धाराओं के मुताबिक जिला पशुपालन पदाधिकारी स्थानीय पुलिस के साथ समन्वय स्थापित कर विधि सम्मत्त कार्रवाई करें तथा चेक पोस्ट बनाकर जांच करते हुए ठोस कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि पशु क्रूरता एवं अत्याचार पर नियंत्रण के लिए स्थापित कानून है। इस कानून के अंतर्गत मवेशियों की आवाजाही हेतु समुचित प्रबंध किये गये है। मवेशियों के आवागमन के लिए निर्धारित स्थान की आवश्यकता, आवागमन के दौरान दुधारू मवेशियों के साथ बछड़े के रहने की अनिवार्यता सहित अन्य विभिन्न प्रावधान अधिनियम के अंतर्गत सुनिश्चित किये गये हैं। साथ ही, मवेशियों के आवागमन के पूर्व रजिस्टर्ड चिकित्सक का प्रमाण पत्र लिया जाना अनिवार्य है। लेकिन, इस अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन में नियमों की कहीं-न-कहीं अनदेखी की जा रही है, इसे रोकने के लिए कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि जिला स्तर पर पशुपालन विभाग के अंतर्गत जिला पदाधिकारी की अध्यक्षता में पशु क्रूरता एवं अत्याचार नियंत्रण के लिए समिति गठित है। इस समिति की नियमित बैठकें समय पर हों। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि पशु बधशाला का नगर विकास विभाग एवं पशुपालन विभाग यथाशीघ्र अद्यतन प्रतिवेदन उपलब्ध कराएं ताकि इसकी गहन समीक्षा की जा सके। उन्होंने कहा कि प्रत्येक थाना से पशु तस्करी के दर्ज मामलों की समीक्षा पुलिस मुख्यालय के स्तर से होगी, खास तौर पर सीमावर्ती 15 जिलों के पुलिस उप महानिरीक्षक पशु तस्करी की रोकथाम हेतु नियमित रूप से समीक्षा करें।

उन्होंने कहा कि तस्करी के क्रम में पकड़े गए पशुओं को रखने एवं खाने-पीने के लिए संचालित योजना के तहत अंतरराष्ट्रीय सीमा वाले 7 जिलों एवं अंतरराज्यीय सीमा वाले 15 जिलों को प्रति जिला 03 लाख रुपये एवं 16 जिलों को प्रति जिला 02 लाख रुपये की दर से राशि उपलब्ध कराई गई है, ताकि तस्करी के क्रम में पकड़े गए पशुओं के लिए चारा, दाना, भोजन, पशु दवा इत्यादि की व्यवस्था समुचित रूप से हो सके।




## संक्षिप्त खबरें

### आंगनबाड़ी केंद्रों के भवन के निर्माण की मांग

गोपालगंज। जिले के कुचायकोट प्रखंड की मतेया खास पंचायत की बीडीसी सदस्य सीमा यादव ने समाज कल्याण विभाग के प्रधान सचिव को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में कहा है कि पंचायत के वार्ड एक, दो व 12 में आंगनबाड़ी केंद्र का भवन निर्माण नहीं होने से पढ़ने वाले बच्चों को काफी परेशानी हो रही है। वहीं पहले से निर्माण कराए गए आंगनबाड़ी केंद्रों के भवन की मरम्मत नहीं होने से भी परेशानी हो रही है। उन्होंने केंद्रों में बिजली आपूर्ति कराने, आंगनबाड़ी केंद्रों की चहारदीवारी निर्माण कराने व उसके आसपास किए गए अतिक्रमण को हटाने की भी मांग की है।

### मांझा में दो घंटे तक हुई भारी बारिश

गोपालगंज। गुरुवार की दोपहर अचानक से मौसम का मिजाज बदला और मांझा क्षेत्र में जमकर बारिश हुई। दोपहर ढाई बजे से बारिश शुरू हुई। लगभग 2 घंटे तक जमकर बारिश हुई। जिसके बाद मौसम पूरी तरह सुहाना हो गया। लोगों को गर्मी से भी काफी राहत मिली। वहीं बारिश होने से किसानों के चेहरे खिल उठे। बारिश के बाद मांझा बाजार में चारों तरफ जलजमाव हो गया। सभी सड़कें जलमग्न हो गईं। जिसके चलते लोगों को परेशानी हुई। देर शाम तक भी मौसम का मिजाज बदला रहा।

### सर्पदंश से दस लोग पीड़ित

गोपालगंज। जिले के बैकुंठपुर प्रखंड में सर्पदंश से दस लोग पीड़ित हो गए। पीड़ितों में गम्हारी गांव के चंदेश्वर साह, दिघवा के राजेश साह, नंदकिशोर राय, रीता देवी, दिघवा कचहरी टोला की प्रभावती देवी, मठिया गांव की सविता कुमारी, खजुहटी के आदित्य कुमार, बंधौली गांव की उर्मिला देवी, हकाम के नागेंद्र कुमार, हमीदपुर के मनोज साह शामिल हैं। पीड़ितों का इलाज स्थानीय अस्पताल में चल रहा है।

### आपसी विवाद में मारपीट में युवक घायल

गोपालगंज। जिले के बैकुंठपुर थाने के खैरा आजम गांव में आपसी विवाद को लेकर हुई मारपीट में एक युवक घायल हो गया। घायल सचिन कुमार को इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने घायल का बयान दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

### सगे भाइयों को घायल कर चेन छीनी

गोपालगंज। जिले के बैकुंठपुर थाने के बनौरा गांव में कुछ लोगों ने शशि भूषण बैठा एवं उनके भाई मणि भूषण बैठा को मारपीट कर घायल कर दिया। मारपीट के दौरान गले से सोने की चेन छीन ली गई। मामले में सात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

### कटेया में हुई झमाझम बारिश से धान की फसलों में आई जान

गोपालगंज। जिले के कटेया प्रखंड में गुरुवार को भारी बारिश से धान की फसलों में जान आ गई है। जिससे प्रखंड के किसानों में खुशी की लहर दौड़ गई है। वैसे तो पिछले कई दिनों से किसान बादल की तरफ एकटक देख रहे थे, परंतु बारिश नहीं हो रही थी। वहीं गुरुवार की दोपहर में प्रखंड क्षेत्र के कई हिस्सों में झमाझम बारिश शुरू हो गई। कई पंचायतों में भारी बारिश की सूचना मिल रही है, तो वहीं कहीं-कहीं हल्की बारिश हुई है। बारिश से एक तरफ जहां धान एवं गन्ने की फसलों में जान आ गई है, किसानों में खुशी की लहर है, तो वहीं दूसरी तरफ मौसम की पहली बारिश ने ही प्रशासन की पोल खोल दी है।

### योजना में मिली अनियमितता पर बीडीओ ने लगाया फटकार

गोपालगंज। जिला पदाधिकारी के निर्देश पर हथुआ प्रखंड के पचफेड़ा पंचायत में चल रहे सरकार की महत्वकांक्षी योजनाओं की गहन जांच पड़ताल की गई। जिसमें जल नल योजना बन्द पाए जाने पर बीडीओ राकेश कुमार सिंह भड़क उठे। जांच के क्रम में कई वार्डों में सुगमता से पानी नहीं मिलने, कई जगहों पर पाईप टूटे जाने, योजनाओं का बोर्ड नहीं लगाए जाने आदि अनियमितताओं को बीडीओ ने दो दिन में सुधार करने का निर्देश दिया। बीडीओ ने स्पष्ट कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन में कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। वहीं आंगनबाड़ी, आवास निर्माण को देख बीडीओ खुश नजर आए। साथ ही बीडीओ ने स्वास्थ्य केंद्र की भी जांच किया। वहीं जांच के क्रम में कई पीएचसी से सबको योजना का बोर्ड नहीं लगा था।

# ग्रामीण विकास शिविर का हुआ आयोजन

## दर्जनों लोगों की समस्याओं से जिलाधिकारी हुए अवगत, नियमानुकूल तरीके से अविलंब समस्याओं को निष्पादित कराने का निर्देश

बेतिया, प्रात: किरण संवाददाता



सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों में स्थानीय जनता को सरकार की सभी जनकल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराने, स्थानीय स्तर पर प्रशासन से सभी इकाईयों के माध्यम से सरकारी सेवाओं का लाभ पहुंचाने एवं जन शिकायतों को दूर करने के लिए आज बगहा अनुमंडल अंतर्गत मधुबनी प्रखण्ड के ग्राम पंचायत राज तमकुहाँ के राजकीय उ0 मा0 विद्यालय, तमकुहाँ में ध्यापकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत ग्रामीण विकास शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया।

इस शिविर के माध्यम से सैकड़ों निवासियों को लाभ पहुँचाया गया। जिलाधिकारी, पश्चिमी चम्पारण, बेतिया, कुंदन कुमार द्वारा फीता काटकर ग्रामीण विकास शिविर का विधिवत उद्घाटन किया गया। तत्पश्चात जिलाधिकारी द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना, सामाजिक सुरक्षा, राजस्व विभाग, आपूर्ति विभाग, पशुपालन विभाग, विद्युत विभाग, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग आदि विभागों द्वारा लगाए गए शिविरों का मुआयना किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी द्वारा संबंधित अधिकारियों, कर्मियों एवं लाभुकों से विभिन्न योजनाओं आदि की जानकारी ली गयी। ग्रामीण विकास शिविर में स्वास्थ्य के 411, कोविड टीका के 60, कोविड जाँच के 378, ब्लड टेस्ट के 102, कृषि के 09, शिक्षा के 02, आवास योजना के 54, सामाजिक सुरक्षा के 25, जन्म-मृत्यु के 02, अंचल कार्यालय के 17, मनरेगा के 17, मातृ वंदना के 04 कन्या सुरक्षा के 01, राशन कार्ड के 28, पशुपालन के 40, पशुपालक दवा वितरण के 114, बिजली के 20 मामलों का ऑन-द-स्पॉट निष्पादन किया गया। इसी क्रम में जिलाधिकारी द्वारा विभिन्न समस्याओं को लेकर पहुँचे ग्रामीणों वीरेंद्र महेशिया, छविलाल बैठा, हरिमोहन प्रसाद सिंह, दुर्गा प्रसाद गुप्ता, रामभरोस कुशवाहा, कैफ अंसारी, रमाशंकर यादव, संगीता देवी, फूल कुमारी, विनोद राम, वंशी खटिक, कुसमी देवी, फुलवा देवी, फूलमती देवी, बंधु राम आदि को जिलाधिकारी ने सुना और समस्याओं का निष्पादन कराया तथा कुछ मामलों का निष्पादन नियमानुकूल तरीके से अविलंब कराने का निदेश अधिकारियों को दिया। इंदिरा आवास की शिकायत लेकर पहुँची फुलवा देवी ने बताया कि वह बैरवा बाजार मुशहरी की रहने वाली है। उसे रहने के लिए

**निर्देश**

- इंदिरा आवास में रुपये लेने की शिकायत पर वार्ड सदस्य पर एफआईआर दर्ज कराने का निर्देश

पक्का मकान नहीं है। वार्ड सदस्य रमेश हरिजन द्वारा इंदिरा आवास योजना का लाभ दिलाने के लिए 10 हजार रुपया भी ले लिया गया है। जिलाधिकारी द्वारा इसे अत्यंत गंभीरता से लिया गया और एसएचओ को तुरंत प्राथमिकी दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई करने हेतु निदेशित किया गया। साथ ही बीडीओ को निदेश दिया गया कि उक्त फरियादी की समस्या का निराकरण कराना सुनिश्चित किया जाय।

शिविर में उपस्थित ग्रामीणों से बातचीत के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्र में जिला मुख्यालय से 80 किलोमीटर दूर ग्रामीण विकास शिविर का आयोजन किया गया है। स्थानीय प्रशासन द्वारा लगातार इस क्षेत्र की समस्याओं को सुलझाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार की सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक लाभुकों को समयबद्ध तरीके से आसानी से मिल जाया करे, इस हेतु हर संभव प्रयास किया जा रहा है। आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत ग्रामीण विकास शिविर इसका उदाहरण है। ऐसे कई शिविर लगाकर यहाँ के सभी लाभुकों को लाभान्वित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है और इस दिशा में निरंतर कार्य किया जा रहा है। इस दौरान जिलाधिकारी से स्थानीय जनप्रतिनिधि भी मिले और अपनी-अपनी बातों को रखा। सभी जनप्रतिनिधि काफी खुश थे और जिलाधिकारी के आगमन को लेकर उन्हें धन्यवाद दिया।

जिलाधिकारी ने जनप्रतिनिधियों से विद्यालय सचालन सहित अन्य विषयों से संबंधित फीडबैक लिया। उन्होंने कहा कि सभी जनप्रतिनिधिगण बच्चों, युवाओं के लिए बेहतर प्रयास करें ताकि उनका भविष्य उज्ज्वल हो सके। उन्होंने कहा कि अपने-अपने पंचायत को बेस्ट बनाएं, आदर्श पंचायत बनाएं। इससे पंचायत के विकास के साथ-साथ प्रखंड, जिला, राज्य और देश का विकास होगा। इस अवसर पर अपर समाहर्ता, अनिल राय, भूमि सुधार उप समाहर्ता, मो0 इमरान, विशेष कार्य पदाधिकारी, वैद्यनाथ प्रसाद सहित सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# भैरोगंज में लघु किसान का बेटा बना दरोगा, क्षेत्रीय लोगों में हर्ष



बगहा, प्रात: किरण संवाददाता

दिल में अरमान हो अपने आप पर भरोसा हो विश्वास के साथ मेहनतकश व्यक्ति के लिये किसी भी नौकरी या देश में सिविलियन से लेकर बॉर्डर पर देश की सेवा करने में किसी प्रकार रिश्वत की जरुरत नहीं पड़ती। उक्त बातें बगहा पुलिस जिला के भैरोगंज थाना क्षेत्र के बांसगांव परसौनी के एक लघु किसान परिवार के सुरेन्द्र पासवान का बेटा बना दरोगा कुंदन पासवान ने कहा। वही कुंदन ने कहा कि दरोगा बनने तक सफर में माता पिता को आदर्श मानता हूं। इसपर दारोगा के पिता सुरेंद्र पासवान ने कहा कि यह मेहनत का फल है। आप भी कर सकते हैं। जो करेगा आवश्य ही उसी को मिलेगा। इस तरह से दलित परिवार होने के वावजूद भी उनके पूरे परिवार में सभी बच्चे शिक्षा के क्षेत्र में किसी से पीछे नहीं है। वही अन्य युवाओं के लिए यह प्रेरणा तथा एक बड़ी चुनौती है। इस दौरान भैरोगंज थाना क्षेत्र से लेकर जिला में नाम किया है। कुंदन बचपन से ही बड़ी मेहनती तथा मेधावी स्कूली छात्र रहा है। छठा क्लास पास कर आगे की पढ़ाई करने के लिए पटना का रुख किया। अभिभावक भी बच्चे की मनसा को भांपते हुये अपने आप को मेहनत मजदूरी किसानी कर पढ़ाई के लिए खर्च उठाते रहे। आज उसी का परिणाम है कि इस क्षेत्र में कुंदन दरोगा बन कर सबका सम्मान बढ़ाया है।

# भोजपुर के लाल दिग्विजय ने एसआई बन जिले का नाम किया रोशन

आरा, प्रात: किरण संवाददाता



भोजपुर जिले के बड़हरा प्रखंड के एकवना गांव के लाल दिग्विजय कुमार सिंह ने बिहार पुलिस दरोगा भर्ती 2022 में सफलता हासिल कर जिले का नाम रोशन किया है। दिग्विजय को दरोगा बन जाने के बाद पूरे परिवार में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। परिवार वालों, रिश्तेदारों, सगे- संबंधियों, दोस्तों, नेता, अधिकारी, इलाके और गांव के लोगों ने दिग्विजय की सफलता पर प्रसंता व्यक्त करते हुए दिग्विजय को बधाई दी है। साथ ही दिग्विजय को बधाई देने वाले लोगों का ताता लगा हुआ है।

दिग्विजय को प्रेरणा उनके पिता से मिली है। क्योंकि दिग्विजय के पिता बिहार पुलिस में पुलिस अवर निरीक्षक के पद पर रह चुके हैं। दिग्विजय ने इस सफलता का श्रेय मां इंदु देवी- पिता विजेंद्र सिंह और पूरे परिवार को दिया है। पूछे जाने पर बिहार पुलिस दरोगा भर्ती परीक्षा में सफल दिग्विजय कुमार सिंह ने कहा कि गरीबों को न्याय दिलाना पहली प्राथमिकता होगी। भोजपुर में कार्य करने का मौका मिला तो गर्व की बात होगी। पूर्व एसआई विजेंद्र सिंह व मां इंदु देवी ने कहा कि दिग्विजय बचपन से ही परिश्रमी, कर्मठ, संघर्षशील, संघर्षवान और कर्मठ लड़का हैं। आज उसका परिश्रम रंग लाया हैं। हम लोगों को पूरा विश्वास है कि आगे आने वाले समय में इसी विभाग में वरिष्ठ पुलिस अधिकारी बनेगा। बाबा शुभ नारायण सिंह ने कहा कि नाती हमारे दिखाए रास्ते पर चलकर दरोगा बनकर दिखाया हैं। हमें अपने ऐसे नाती पर गर्व है। छोटा भाई रोशन कुमार सिंह ने कहा कि भैया से मुझे बहुत ही प्रेरणा मिलता है और सीख भी मिलती है। दिग्विजय को मिली उपलब्धि पर घरवाले इसे बड़ी सफलता मान रहे है।

### अजीब दास्ताँ है ये, कहाँ शुरू कहाँ खतम : मामला फूड पॉइजनिंग का

**भैरोगंज।** बीते मंगलवार को फूड पॉइजनिंग मामले में दर्जन से अधिक बच्चों के बीमार पड़ने को लेकर अभिभावक के फर्द बयान पर एफआईआर दर्ज की गई है। मामले की जानकारी देते हुए भैरोगंज थानाध्यक्ष राम उदय ने बताया कि नड्डा पंचायत के खेखरियाटोला निवासी सलाउद्दीन बैठा के फर्द बयान पर कांड अंकित किया गया है। मामले में स्थानीय दुकानदार गीता देवी और उसके पति रविन्द्र चैधरी के विरुद्ध एफआईआर दर्ज की गई है। उधर मामले की गंभीरता को देखते हुए विभागीय सक्रियता की बात भी बताई जा रही है। भैरोगंज के कुछ किराना दुकानदारों की दबी जबान से कथित बातों की मानें तो बुधवार को एक टीम आई थी। जो स्वयं को फूड विभाग से बता रही थी। वो अपने साथ दुकानों से खाद्य वस्तुओं के सैम्पल ले गई है तथा किराना दुकानदारों को हिदायत के साथ वाजिब कागज बनाने का दबाव बना कर गई है। हालांकि ऐन वक्त आई टीम को कुछ दुकानदारों ने बताया कि गत कई माह पहले कुछ ऐसे ही आई एक टीम द्वारा नियत राशि वसूली के बाद कागजात सौपे गए थे। उन कागजात को बुधवार को पहुँची टीम को दिखाया गया।

# किसान विरोधी सरकारी कमिटी में संयुक्त किसान मोर्चा शामिल नहीं होगा: प्रभुराज

बेतिया, प्रात: किरण संवाददाता



बिहार राज्य किसान सभा के संयुक्त सचिव प्रभुराज नारायण राव ने कहा है कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 13 महीने से चल रहे किसान आंदोलन की समाप्ति के लिए मजबूर होकर किसान विरोधी तीनों काले कानूनों की वापसी की घोषणा आनन-फानन में 19 नवंबर को 8 बजे रात्रि में की थी। उन्होंने यह भी कहा था कि किसान अपने घर जाएं मैं एमएसपी तथा अन्य मांगों के लिए कमेटी का गठन जल्दी करूंगा।

जिसमें संयुक्त किसान मोर्चा के प्रतिनिधि भी शामिल होंगे और उसमें इन सारी समस्याओं को हल कर लिया जाएगा। जब कृषि मंत्री द्वारा 24 मार्च को संयुक्त किसान मोर्चा से मात्र 3 प्रतिनिधियों की सूची मांगी गई और कहा गया की अगली बैठक में इन सवालों पर बैठकर इसे हल कर लिया जाएगा। तो संयुक्त किसान मोर्चा ने पूछा था की इस कमेटी के टर्म्स आफ रेफरेंस क्या होंगे। संयुक्त किसान मोर्चा के अलावा किन-किन और संगठनों, व्यक्तियों और पदाधिकारियों को इसमें शामिल किया जाएगा। इस कमेटी के अध्यक्ष कौन होंगे और उनकी कार्यप्रणाली क्या होगी। इस कमेटी को अपनी रिपोर्ट देने के लिए कितना समय लगेगा। क्या यह कमेटी अपनी सिफारिश जब सरकार को देगी तो सरकार इस कमेटी के फैसले को केंद्र सरकार मानने को बाध्यकारी होगी। केंद्रीय सरकार इन सवालों का कोई जवाब नहीं दिया। लेकिन टेलीविजन और अन्य प्रचार तंत्र के माध्यम से लगातार यह विज्ञप्ति दिया जाता रहा कि संयुक्त किसान मोर्चा के प्रतिनिधियों के नाम आते ही इस

**समस्या**

- कृषि मंत्री द्वारा 24 मार्च को संयुक्त किसान मोर्चा से मात्र 3 प्रतिनिधियों की सूची मांगी गई और कहा गया की अगली बैठक में इन सवालों पर बैठकर इसे हल कर लिया जाएगा

कमेटी का गठन कर लिया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की घोषणा के समय ही यह बात संयुक्त किसान मोर्चा के नेताओं को महसूस हो गया था कि केंद्र सरकार के द्वारा निश्चित रूप से किसानों को गुमराह करने की करवाई हो सकती है। ठीक वैसा ही हुआ। इस कमेटी के अध्यक्ष संजय अग्रवाल जो पूर्व कृषि सचिव थे और तीनों किसान विरोधी काले कानूनों को बनाने वाले हैं। उनके साथ नीति आयोग के सदस्य रमेश चंद जो लगातार तीनों किसान विरोधी कृषि कानूनों का प्रचार करते रहे हैं। इतना ही नहीं ये सरकारी विशेषज्ञ तथाअर्थशास्त्री भी वह हैं। जो हमेशा एमएसपी को कानूनी दर्जा देने के विरोधी रहे हैं। इस कमेटी में संयुक्त किसान मोर्चा से मात्र 3 प्रतिनिधियों का नाम मांगा गया। 5 स्थानों पर सरकार के वफादार लोगों को शामिल कर लिया गया। ये लोग हैं जो खुलकर किसान विरोधी तीनों काले कानूनों के प्रचार तंत्र का काम करते रहे हैं। कहीं ना कहीं ये लोग सीधे भाजपा और आर एस एस से से जुड़े हुए हैं।

कृष्णा बीर चैधरी भारतीय कृषक समाज से जुड़े हैं और वह भाजपा नेता भी हैं। सैयद पाशा पटेल महाराष्ट्र से भाजपा के पूर्व एमएलसी हैं। प्रमोद कुमार चैधरी आर एस एस तथा उसका किसान संगठन भारतीय किसान संघ की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य हैं। गुणी प्रकाश किसान आंदोलन के मुख्य विरोधी रहे हैं। गुणवंत पाटिल शेतकरी संगठन से जुड़े हैं तथा भारतीय स्वतंत्र पार्टी से जुड़े हुए हैं। इस तरीके से यह पांच लोग खुल्लम खुल्ला कृषि विरोधी तीनों काले कानूनों के पक्षधर रहे हैं और सरकार के करीबी हैं। कमेटी के द्वारा जारी एजेंडा में एमएसपी पर कानून बनाने के संबंध में कोई चर्चा नहीं है।

# जिलाधिकारी और संघ के बीच वार्ता सफल शिक्षकों का नही होगा शोषण: मंटु

आरा, प्रात: किरण संवाददाता



बिहार राज्य प्रारंभिक शिक्षक संघ की भोजपुर इकाई संघ के जिलाध्यक्ष पंकज कुमार सिंह मंटु के नेतृत्व में जिलाधिकारी भोजपुर से मुलाकात की। संघ के जिलाध्यक्ष पंकज ने बताया कि जिलाधिकारी भोजपुर के द्वारा पत्रांक-3554 दिनांक-18.07.2022 को जिलाधिकारी के द्वारा जो पत्र निर्गत किया गया था, उस पर संघ के द्वारा अपना विचार दिया गया।

संघ का स्पष्ट मानना है कि 20 मिनट के पश्चात रजिस्टर की उपस्थिति पंजी का फोटो खिंचकर बीईओ को देना है,जिसपर जिलाधिकारी महोदय ने विद्यालय के प्रधानाध्यापक को अधिकृत कर दिया। विद्यालय के समय पर संघ के द्वारा बातें उठाई गई जिसपर जिलाधिकारी ने शिक्षक को शिक्षा के स्तर को उठाने में सहयोग करने करने की बात कही। उन्होने स्पष्ट कहा कि समय कोई मायने नही रखता लेकिन शिक्षक को ससमय विद्यालय पहुंचना चाहिए। पत्र निकालने का हमारा उद्देश्य शिक्षक को शोषित करने का नही शिक्षा के स्तर को उठाने का है। उन्होने संघ के आवेदन को वहाँ पर उपस्थित जिला शिक्षा पदाधिकारी अहसन को सौपते हुए कहा कि अगर शिक्षक विलम्ब से आते है तो उनका हस्ताक्षर प्रधानाध्यापक को बनवा लेना है। यह तीन दिन तक लगातार नही होना चाहिए। जिलाधिकारी ने जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं संघीय पदाधिकारी को हर संभव शिक्षा में सहयोग करने की बात कही। जिलाध्यक्ष पंकज एवं प्रधान सचिव राजेश कुमार सिंह ने जिलाधिकारी के साथ संघ की वार्ता को सफल बताते हुए हर संभव सहयोग करने को आश्वस्त किए। वार्ता के दौरान जिला शिक्षा पदाधिकारी अहसन, उपाध्यक्ष परमेश्वर पासवान, प्रखण्ड अध्यक्ष क्रमशः किंग अभिषेक क्षत्रप, विजय कुमार सिंह, निर्भय कुमार सिंह, सत्येंद्र दुबे, मीडिया प्रभारी संजय कुमार पाण्डेय, पीरो उपाध्यक्ष अखिलेश कुशवाहा, शिक्षक डॉ. राजेन्द्र सिंह, हरेन्द्र कुमार सिंह उपस्थित थे।

### समकालीन अभियान के तहत 11 श्राबी.व कारोबारी सहित एक बाइक जप्त

**मझौलिया।** समकालीन अभियान के तहत थाना क्षेत्र के विभिन्न ठिकानों पर मझौलिया पुलिस ने छापेमारी करते हुए 11 पियक्कड़ों एवं शराब कारोबारियों को गिरफ्तार कर मेडिकल जांचों उपरांत न्यायिक हिरासत में भेज दिया । साथ ही पुलिस ने एक बाइक को भी जप्त किया है। उक्त जानकारी थानाध्यक्ष अशोक कुमार साह ने दी ।उन्होने बतया की भंटा डीह वार्ड नं 7 निवासी जोखू माझी के पुत्र लालबहादुर माझी भनु माझी के पुत्र रामायण माझी व विन्दा माझी तथा लालसरैया निवासी पनालाल साह के पुत्र मनु कुमार अहवर कुड़िया वार्ड नं 11 निवासी महंथ माझी के पुत्र चोकट माझी करामवा तिवारी टोला वार्ड नं 4 निवासी स्व. बदन पटेल के पुत्र विल्तु पटेल ,जौकटिया नई डीह वार्ड नं 19 निवासी रामकृष्ण राम के पुत्र सुनील कुमार, करमवा कचहरी टोला निवासी सुरेंद्र पटेल के पुत्र विशाल कुमार, बैठनिया निवासी शिवपूजन ठाकुर के पुत्र अखिलेश कुमार ठाकुर तथा पूर्वी चंपारण जिले के कल्याण पुर थाना क्षेत्र निवासी वीरेंद्र साह के पुत्र राजदेव साह तथा रामेश्वर ठाकुर के पुत्र पप्पू ठाकुर को शराब वंदी कानून तोड़ने के जुर्म में गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

# कृषि चिंता में किसानों के माथे की लकीरें गहरी

भैरोगंज, प्रात: किरण संवाददाता



आषाढ़ का महीना बारिश की फुहारों से जाना जाता है। इसी महीने किसान धान के बिचड़े गिराते हैं या रोपनी करते हैं। लेकिन विडंबना यह कि इस बरस उपरोक्त मान्यता टूट गई। गुजरा हुआ पूरा आषाढ़ महीना सूरज के भयंकर तपिश,भीषण गर्मी और धूल के उड़ाते गुब्बारों के साथ गुजर गया। फलस्वरूप धान की खेती पिछड़ चुकी है। खेतो में उड़ते धूल में खेती सम्भव नहीं है।

वैसे तो त्रिवेणी नहर में पानी चल रहा है लेकिन नहरों का पानी सर्वत्र क्षेत्र में उपलब्ध नहीं है। क्षेत्र में एक बड़ा भूभाग ऐसा भी है जो नहरों से सिंचित नहीं है। ऐसे ईलाकों की कृषि, बर्षा अथवा निजी संसाधनों के भरोसे होता है। इस कृषि भूमि मेंमे दलहन-तिलहन धान अथवा गेंहू की फसलों को तैयार करने में बड़ी लागत की दरकार होती है। खासकर पटवन मद में खर्च ज्यादा होता है। ऐसे खेतों में इस बर्ष गन्ने से लेकर तमाम मौसमी फैसले बुरी तरह पर प्रभावित है। इसका मुख्य वजह आग उगलते सूर्य की तपिश, भीषण गर्मी और बर्षा न होना मुख्य वजह माना जा रहा।

इलाके में धान की खेती नहीं हुई है वही कई जगह तैयार गन्ने की फसलें झुलस रही हैं। अब अगर गैर सिंचित खेतों की बात छोड़ भी दें तो सिंचित खेतों में मौसम के इस बेरुखी से सिंचाई के निजी संसाधन बेअसर साबित हो रहे हैं। डीजल की ऊँची कीमतों के बीच खेतों का पंपसेट से निरन्तर पटवन मुमकिन नहीं है। अधिक लागत और सूर्य के आग उगलने के सामने ऐसा संभव नहीं है। पटवन करने के अगले दिन बीते खेतों में दरारें उभर आती हैं। बाद में तो धूल भी उड़ने लगती है। इसतरह धान की खेती पिछड़ चुकी है। किसान आसमान की तरफ सिर उठाकर आशा भारी निगाहों से बादलों की प्रतीक्षा करता रहा है। गुजरा दौर निराशा के साथ गुजर गया है। पर विगत बुधवार के सुबह किसानों के चेहरों पर अचानक एक आशा की किरण का संचार हुआ।

इस आशा संचार के पीछे मुख्य वजह आसमान में बादलों का डेरा डालना था। गुरुवार को भी आसमान में बादल छाए रहे। लेकिन हल्की बूंदाबांदी के सिवा अभी तक बारिश नहीं हुई है। किसान नथुनी यादव, महेंद्र साह, सोहनलाल प्रसाद, दिनेश सिंह, कमलेश यादव, अर्जुन शर्मा आदि का कहना है कि उक्त बारिश से कोई फायदा नहीं है। आसाढ़ माह बीत चुका है। श्रावण (सावन) माह चल रहा है। अभी तक धान के बिचड़े भी खेतों में नहीं गिराए जा सके हैं। अगर हालात ऐसे ही रहे तो किसानों के सामने भुखमरी की समस्या विकराल होगी।

# 65वी वाहिनी सशस्त्र सीमा बल बगहा के प्रांगण मे वृक्षारोपण कार्यक्रम संपन्न

बगहा, प्रात: किरण संवाददाता



65वी वाहिनी के मुख्यालय प्रांगण मे वृक्षारोपण कार्यक्रम आर बी सिंह, उप कमांडेंट कार्यवाहक कमांडेंट 65वी वाहिनी कि अगुआई मे संपन्न किया गया। कार्यक्रम मे विनदकंजपवद, नौरंगिया, पश्चिमी चंपारण, बिहार के मुकुल कुमार तथा शैलेश कुमार भी शामिल हुए जिसमे जामुन के 6, अमरूद के 6 कुल 12 पौधे लगाए गए। कार्यवाहक कमांडेंट ने बल कर्मियों को संबोधित करते हुए कहा कि ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाए जाएं। इसके अलावा अपने लगाए गए पौधे कि जिम्मेदारी के साथ ही इसका हमेशा खयाल रखें तथा अगर किसी कारण वस पौधे सूखते है तो उसके स्थान पर नए पौधे लगाना सुनिश्चित करें । गौरतलब हो कि 65वी वाहिनी के द्वारा वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान कुल 20,000 पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसके अंतर्गत अभी तक कुल 1693 पौधे लगाए जा चुके है। इसमे जामुन, अमरूद, गुलमोहर, आम, लिची, अनार, कटहल, गम्हार, बकेन, मूलचेरी, अशोक, टिक, पीपल, बनयान इत्यादि के पौधे 65वी वाहिनी के सीमा चैकियों व वाहिनी के कार्य क्षेत्र मे लगाए जा चुके है। आज के कार्यक्रम मे आर बी सिंह, उप कमांडेंट (कार्यवाहक कमांडेंट) 65वी वाहिनी, सौरभ कुमार उप कमांडेंट 65वी वाहिनी, विनदकंजपवद, नौरंगिया, पश्चिमी चंपारण, बिहार के मुकुल कुमार तथा शैलेश कुमार, निरीक्षक सामान्य रितेश कुमार, उप निरीक्षक सामान्य सुरेश कापड़ी, सहायक उप निरीक्षक सामान्य रौशन लाल ठाकुर के अलावा अन्य बल कर्मी के द्वारा वृक्षारोपण किया गया।

# अभियोजन के क्रम में आ रही समस्याओं का त्वरित समाधान करें : जिलाधिकारी

मुजफ्फरपुर, प्रात: किरण संवाददाता



जिलाधिकारी द्वारा आज समाहरणालय सभा कक्ष में एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुजफ्फरपुर जिला के सभी न्यायालय में अभियोजन के क्रम में आ रही समस्याओं, उत्पाद केस के अभियोजन, गवाहों के उपस्थापन, चार्जशीट, पॉक्सोकेस के लंबित मामलों के निष्पादन, अभियोजन पदाधिकारियों तथा पुलिस पदाधिकारियों के बीच सामंजस्य, प्रत्येक वाद में राज्य के तरफ से पैरवी, होस्टाइल गवाह पर मुख्य रूप से समीक्षा हुई।

इसके साथ ही इंजुरी रिपोर्ट हॉस्पिटल के द्वारा स- समय उपलब्ध कराया जाए इस आशय का सख्त निर्देश जिलाधिकारी के द्वारा दिए गए। पॉक्सो केस से संबंधित सप्लीमेंट्री रिपोर्ट में आ रहे दिक्कतों के बारे में जानकारी दी गई। निर्देश दिया गया कि सप्लीमेंट्री रिपोर्ट हर हाल में स-समय उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। बैठक में सेल को विशेष निर्देश दिया गया। निर्देश दिया गया कि प्रॉसीक्यूशन सेल की कमी दूर करते हुए अभियोजन शाखा में गवाह रजिस्टर/ सम्मन, वारंट रजिस्टर, कुर्की-जब्ती रजिस्टर ,सजा रजिस्टर संधारित करने एवं उसे दिन प्रतिदिन अद्धतन करना सुनिश्चित करें। जिले के थानों में लंबित सम्मन, वारंट एवं कुर्की का त्वरित निष्पादन करने का निर्देश दिया गया ।पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय को निर्देशित किया गया कि त्वरित विचारण एवं अन्य महत्वपूर्ण कांडों में गवाहों की उपस्थिति सुनिश्चित करावे।

अभियोजन वार मासिक समीक्षात्मक बैठक आहूत करना सुनिश्चित करें। बैठक में अपर लोक अभियोजकों के स्तर पर लंबित त्वरित विचारण के लंबित वादों का लोक अभियोजक के स्तर से अनुश्रवण करने का निर्देश दिया गया। अधिनियम संबंधी लंबित कांडों का निष्पादन अत्यंत कम होने पर नाराजगी व्यक्त की गई।निर्देश दिया गया कि से संबंधित कांडों के निष्पादन को लेकर गंभीर प्रयास करना सुनिश्चित करें। दोषी को हर हाल में सजा दिलाई जाए। जिलाधिकारी ने सभी लोक अभियोजक,विशेष अभियोजक के कार्यों और उनके स्तर पर लंबित रहने का कारणों पर समीक्षा कर निर्देशित किया कि सभी संबद्ध पदाधिकारी समन्वय से कार्य कर कांडो के निष्पादन में रुचि लेकर कार्य करें।

# डॉ. संजय बने औगेर्नाइजेशन फौर होमियो मिशन के प्रदेश अध्यक्ष

बेतिया, प्रात: किरण संवाददाता



औगेर्नाइजेशन फौर होमियो मिशन बेतिया युनिट की बैठक गुरुवार को संगठन के जिलाध्यक्ष डॉ जगन्नाथ प्रसाद के निवास पर आयोजित हुई जिसमें बेतिया के प्रमुख होमियोपैथिक चिकित्सक डॉ संजय कुमार को राष्ट्रीय स्तर के होमियोपैथिक संगठन औगेर्नाइजेशन फौर होमियो मिशन का प्रदेश अध्यक्ष बनने पर स्वागत एवं अभिनंदन किया गया।

विदित हो कि बुधवार को छपरा में औगेर्नाइजेशन फौर होमियो मिशन के केन्द्रीय कमेटी की आपात बैठक संपन्न हुई जिसमें प्रदेश में संगठन को मजबूती से स्थापित करने हेतु कोर कमेटी ने सर्वसम्मति से डॉ संजय कुमार को प्रदेश अध्यक्ष, डॉ निशांत प्रभाकर (छपरा) को प्रदेश सचिव, डॉ भानु प्रताप सिंह (बगहा) को सह सचिव, डॉ प्रवीण आनंद (मुजफ्फरपुर) को संयोजक नियुक्त किया। डॉ जगन्नाथ प्रसाद ने इसे जिले के लिए अत्यंत ही गौरवशाली क्षण बताते हुए कहा कि पहली बार किसी राष्ट्रीय स्तर के होमियोपैथिक संगठन का प्रदेश अध्यक्ष इस जिले से बनने पर जिले के सभी होमियोपैथिक डॉक्टर अपनी समस्याओं को निर्भिक रुप से प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर पर उठा सकते हैं।धन्यवाद ज्ञापन करते हुए डॉ घनश्याम ने बताया कि औगेर्नाइजेशन फौर होमियो मिशन का गठन होमियोपैथिक में व्याप्त सभी कमियों को दूर करने, पूर्व के संगठनों की निरंकुशता एवं माफियागिरी को समाप्त करने, प्रदेश के होमियोपैथिक बोर्ड में व्याप्त भ्रष्टाचार से मुक्ति एवं होमियोपैथिक चिकित्सकों की समस्याओं को दूर करने के लिए हुआ।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें

@Pratahkiran www.pratahkiran.com

राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण
पटना, शुक्रवार, 22 जुलाई, 2022



## संक्षिप्त खबरें

### द्रौपदी मुर्मू को स्वास्थ्य मंत्री ने दी बधाई

पटना। स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने पहली आदिवासी महिला द्रौपदी मुर्मू को राष्ट्रपति चुनाव में ऐतिहासिक जीत पर बधाई देते हुए कहा कि उनकी कुशल राजनीतिक क्षमता व सोच ने उन्हें इस सर्वोच्च पद तक पहुंचाया है। उनकी जीत आदिवासी समाज के लिए गर्व की बात है। उनका जीवन संघर्षों से भरा रहा, मगर उन्होंने कभी हार नहीं मानी और हमेशा समाज के प्रति अपनी सकारात्मक सोच रखकर सफलता के नए कीर्तिमान गढ़ती रहीं। श्री पांडेय ने उनकी जीत पर आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, बीजेपी के माननीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को धन्यवाद देते हुए कहा कि पार्टी नेतृत्व के फैसले से श्रीमती मुर्मू की भारी मतों से जीत हुई।

### उपमुख्यमंत्री ने द्रौपदी मुर्मू की ऐतिहासिक जीत की बधाई दी

पटना। उपमुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद ने भारत के सर्वोच्च संवैधानिक पद पर महामहिम द्रौपदी मुर्मू जी ने प्रचंड जीत के लिए उन्हें हार्दिक बधाई दी है। उन्होंने कहा कि महामहिम मुर्मू जी ने राष्ट्रपति पद के चुनाव में जीत हासिल करके इतिहास कायम किया है। उन्होंने शुभकामनाएं देते हुए कहा कि कहा कि महामहिम द्रौपदी मुर्मू की जीत से आदिवासी और वंचितों को समाज की मुख्यधारा में जोड़ने हेतु प्रधानमंत्री जी के संकल्पों को आकार मिला है तथा सर्वव्यापी कल्याण का मार्ग प्रशस्त हुआ है। भारत के महामहिम राष्ट्रपति के रूप में श्रीमती मुर्मू के कुशल नेतृत्व और अनुभवों से देश की विकास धारा को नई ऊर्जा और ताकत मिलेगी।

### द्रौपदी मुर्मू की जीत ऐतिहासिक : ललन सिंह

पटना। जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह ने कहा कि द्रौपदी मुर्मू की जीत कोई अचंभित करने वाली नहीं है। इसकी संभावना पहले से ही थी। ललन सिंह ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के एक गरीब परिवार की आदिवासी महिला को उम्मीदवार बनाया था। उसी समय विपक्ष खेमे के भी कई पार्टियों ने यह निर्णय ले लिया था कि देश के वंचित समाज से आनेवाली योग्य महिला उम्मीदवार मुर्मू के पक्ष में वोट देंगे। आज उनकी जीत ऐतिहासिक है।

# एनडीए में को ऑर्डिनेशन कमिटी की आवश्यकता : बिजेंद्र यादव

## जदयू प्रदेश मुख्यालय में हुई जनसुनवाई कार्यक्रम में ऊर्जा मंत्री, समाज कल्याण मंत्री एवं परिवहन मंत्री हुए शामिल

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



जदयू प्रदेश मुख्यालय में गुरुवार को हुई जनसुनवाई कार्यक्रम हुयी। आम लोगों एवं कार्यकताओं की समस्याओं को जानने-समझने के लिए बिहार सरकार के ऊर्जा मंत्री बिजेंद्र प्रसाद यादव, समाज कल्याण मंत्री मदन सहनी एवं परिवहन मंत्री शीला मंडल इसमें सम्मिलित हुए। इन्होंने प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों की समस्याओं को सुन उनका समाधान किया व संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

जन सुनवाई के बाद पत्रकारों से बात करते हुए ऊर्जा मंत्री बिजेंद्र प्रसाद यादव ने कहा कि एनटीपीसी के दो-तीन यूनिट बंद हो गए थे, जिसके कारण लोड शेडिंग हुआ था। अब स्थिति सामान्य है। वैसे भी बरसात के मौसम में कुछ समस्याएं आती ही हैं। पीएफआई के स्लीपर सेल संबंधी एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि जो गलत काम करेंगे उनके विरुद्ध कार्रवाई होगी ही। वैसे गड़बड़ी करने वाले लोग सभी जगह होते हैं। पटना विश्वविद्यालय को केंद्रीय विवि का दर्जा दिए जाने के सवाल पर ऊर्जा मंत्री ने कहा कि हमारी मांग आज भी यथावत है। कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी से ईडी द्वारा पूछताछ के लिए बुलाए जाने संबंधी एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि यह कानून का मामला है, इस पर कोई टिप्पणी

- गड़गड़ी करन वालों पर होगी कार्रवाई : मदन सहनी
- काठमांडू के लिए बस का परिचालन पुनः होगा प्रारंभ: शीला मंडल

उचित नहीं। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष द्वारा दिए गए बयानों पर उन्होंने कोई भी टिप्पणी करने से इंकार करते हुए कहा कि आरोप-प्रत्यारोप करना विपक्ष का काम है। तमाम मुद्दों पर गठबंधन के अंदर आपस में बात होनी चाहिए, वर्तमान में इसमें कुछ कमी नजर आ रही है, जो अच्छी परंपरा नहीं है। कोऑर्डिनेशन कमिटी रहेगी तो समन्वय ठीक रहेगा। समाज कल्याण मंत्री मदन सहनी ने एक सवाल के जवाब में कहा कि मदरसा में कुछ भी गलत होने पर सरकार उसकी जांच कराएगी ही। जहां कहीं, कुछ गलत होने की जानकारी मिलेगी वहां जांच जरूर करायी जाएगी। मांझी जी द्वारा थोड़ी-थोड़ी पीने वाले बयान पर अपनी प्रतिक्रिया में उन्होंने कहा कि यह उनकी व्यक्तिगत सोच है, जो से गले उतरने लायक नहीं है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री सिविल सेवा प्रोत्साहन योजना के तहत 22 लोगों को एक लाख रूपया दिए गए थे, जिनमें से 5 महिला उम्मीदवारों ने सफलता प्राप्त की है।

परिवहन मंत्री शीला मंडल जी ने कहा कि राज्य सरकार आम लोगों की सुविधा के लिए अंतरराज्यीय बसों का परिचालन कर रही है। पटना से काठमांडू के लिए चलने वाली बसें कोरोना के कारण बंद की गई थी जिसे पुनः प्रारंभ किया जा रहा है। इसके अलावे उत्तर प्रदेश, नोएडा और बंगाल के लिए भी बसे चलाई जा रही है। उक्त अवसर पर मुख्यालय प्रभारी उपाध्यक्ष डॉ नवीन आर्य चन्द्रवंशी, मुख्यालय प्रभारी महासचिव मृत्युंजय सिंह एवं महासचिव अरुण कुमार सिंह भी मौजूद रहे।

## आवश्यक खाद्य पदार्थों पर जीएसटी लगाकर सरकार ने क्रूर काम किया : तेजस्वी

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



- लोगों की पेट पर लात मारकर कमाई करना बिल्कुल बंद करे सरकार

नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने महंगाई एवं खाद्य पदार्थों पर जीएसटी लगाए जाने पर केन्द्र सरकार की खिंचाई की है। कई मुद्दे को लेकर नेता प्रतिपक्ष ने सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि देशवासी नोटबंदी के बाद से बदहाल अर्थव्यवस्था, बेतहाशा महंगाई और रिकॉर्डतोड़ बेरोजगारी एवं नौकरी के विकल्पों के अभाव से पहले से ही जूझ रहे थे कि अब सरकार ने आजादी के बाद अति आवश्यक खाद्य पदार्थों गेंहू, अनाज, चावल, आटा, एवं किताब, कफन, इलाज इत्यादि पर भी जीएसटी लगाकर गरीबी में आटा गीला करने जैसा क्रूर काम किया है। कहा कि आजाद भारत में पहली बार अनाज और कफन पर टैक्स लगाया गया है जिसका सबसे अधिक खामियाजा निम्न और मध्यम वर्ग को उठाना पड़ेगा। इस टैक्स के कारण दूध-दही, घी, आटा, चावल, स्टेशनरी इत्यादि के भाव 10-15% बढ़ गए है। इससे लोगों की पढ़ाई लिखाई और खान-पान व पोषण अर्थात लोगों के भविष्य और वर्तमान पर सीधा सीधा असर पड़ रहा है। हर बीतते महीने के साथ देश में डेढ़-दो करोड़ बेरोजगारों की संख्या में बढ़ौतरी हो रही है। यानी सरकार की गलत आर्थिक नीतियों और बिना सोचे समझे अचानक लिए गए अतार्किक फैसलों एवं गलत जनविरोधी नीतियों के कारण एक ओर आय के विकल्प लगातार खत्म हो रहे हैं, वहीं बढ़ती महंगाई और नित नए थोपे जा रहे टैक्सों के कारण बचत और जीवनयापन करना असंभव सा हो गया है। सरकार दाम बढ़ाकर, राष्ट्र की संपत्ति बेचकर, निजीकरण कर, नौकरी छिनकर, लोगों की पेट पर लात मारकर कमाई करना बिल्कुल बंद करे। आम आदमी, किसान का जीना मुहाल हो गया है। छोटे व मंझोले किसान व व्यापारी बर्बाद हो रहे हैं। सरकारी नौकरियां खत्म की जा रही है। शिक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्था को आम नागरिकों की पहुंच से बाहर कर दिया गया है। पूंजीपति मित्रों के 11 लाख करोड़ की राशि तक के टैक्स और लोन माफ करने वाली जनविरोधी केंद्र सरकार में आम आदमी बिल्कुल विकल्पहीन और आशा-विहीन हो गया है जो देश के लिए बहुत खतरनाक है।

## रालोजपा एवं दलित सेना ने स्व रामचन्द्र पासवान की पुण्यतिथि मनायी

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी कार्यालय में दलित सेना के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सह समस्तीपुर से चार बार सांसद रह चुके स्व रामचन्द्र पासवान की पुण्य तिथि रामचन्द्र सभागार में मनायी गई। सबसे पहले स्व रामचन्द्र पासवान के बड़े सुपुत्र तथा अनुसूचित जाति/जनजाति के राष्ट्रीय अध्यक्ष कृष्ण राज पासवान ने अपने पिता स्व रामचन्द्र पासवान के तैल्य चित्र पर माल्यापर्ण कर कहा कि मैं अपने पिता के बताये हुए रास्ते पर चलने का काम करते रहूंगा। स्व रामचन्द्र पासवान जनता के बीच के नेता थे हमेशा उन्होंनें गरीबों दलितों शोषितों के लिए सड़क से सदन तक उनके मांगों के लिए लड़ते हुए हमने देखा है। इस अवसर पर दलित सेना के प्रदेश अध्यक्ष अम्बिका प्रसाद बिनू अपने सम्बोधन में कहा कि स्व रामचन्द्र पासवान मृदभाषी एवं सरल स्वभाव के व्यक्ति थे। इनके बताये हुए रास्ते पर चलना ही सच्ची श्रद्धांजली होगी। वे आमलोगों की समस्या के बारे में सोचते समझते और इनके कठिनाईयों के निष्पादन करने का काम किया करते थे। राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के प्रधान महासचिव केशव सिंह ने कहा कि रामचन्द्र पासवान सरल स्वभाव के कारण दिल्ली से लेकर अपने संसदीय क्षेत्र में काफी लोकप्रिय तथा जन-जन के नेता के रूप में जाने जाते थे इनकी जितनी भी प्रशंसा की जाए वह कम होगा। प्रदेश प्रवक्ता ललन कुमार चन्द्रवंशी ने बताया कि पार्टी और दलित सेना के सभी साथियों नें स्व रामचन्द्र पासवान के पुण्यतिथि के अवसर पर रामचन्द्र पासवान सभागार में दो मिनट का मौन धारण कर उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजली दी गई।

## श्रावणी मेले में श्रद्धालुओं के बीच बंटेगा आयुष काढ़ा: मंगल

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा कि विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला में कोरोना से बचाव को लेकर स्वास्थ्य विभाग श्रद्धालुओं को निःशुल्क आयुष काढ़ा बांटेगा। इसके लिए मारवाड़ी युवा मंच, सुल्तानगंज (भागलपुर), एचएससी तेघरा, तारापुर (मुंगेर) एवं जिलेबिया, (बांका) में स्थापित अस्थायी कांवरिया शिविर चयनित किये गये हैं। श्री पांडेय ने कहा कि एक माह तक चलने वाले श्रवाणी मेला में श्रद्धालुओं को कांवरिया पथ पर बेहतर स्वास्थ्य सुविधा देने के प्रति स्वास्थ्य विभाग तत्परता से कार्य कर रहा है। 24 घंटे चिकित्सा सुविधा एवं जरूरी दवाओं के साथ-साथ आकस्मिक परिस्थिति से निपटने के लिए अत्याधुनिक तकनीक से लैस 17 अल्सा (एडवांस लाइफ सपोर्ट एंबुलेंस) और 40 बल्सा एंबुलेंस मेला क्षेत्र में लगाये गये हैं। श्री पांडेय ने कहा कि कांवरिया पथ पर लगाये गये 48 अस्थायी स्वास्थ्य शिविरों में दो बेड वाले कमरे के अलावे 58 प्रकार की



- शिविरों में 58 प्रकार की सामान्य और 16 प्रकार की इमरजेंसी दवाएं
- कोरोना से बचाव के लिए कांवरिया पथ पर पोस्टर, होर्डिंग व बैनर

सामान्य और 16 प्रकार की इमरजेंसी दवाएं उपलब्ध करायी गई है। सातों दिन 24 घंटे चिकित्सा पदाधिकारी, नर्स व पारामेडिकल स्टाफ्स की प्रतिनियुक्ति की गई है। राज्य आयुष समिति द्वारा कोरोना से बचाव के लिए काढ़ा वितरण किया जायेगा। चयनित तीनों स्थानों पर काढ़ा के वितरण का अनुश्रवण जिला देसी चिकित्सा पदाधिकारी, भागलपुर तथा जिला देसी चिकित्सा पदाधिकारी, मुंगेर द्वारा किया जाएगा। इस पूरी प्रक्रिया के अनुश्रवण के के लिए तीनां शिविरों में पांच-पांच यानि 45 आयुष चिकित्सकों की तीन पालियों में प्रतिनियुक्ति की गई है। श्रद्धालुओं को काढ़ा एवं दवा उनकी स्वास्थ्य की स्थिति के आधार पर चिकित्सकों की अनुमति के पश्चात वितरित की जाएगी। श्री पांडेय ने कहा कि राज्य में एक ओर जहां कोरोना पर लगाम लगाने के लिए वैक्सीन देने की प्रक्रिया तेज है, वहीं श्रावणी मेले में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए आयुष काढ़ा के जरिये इसके प्रभाव को कम करने की कोशिश की जा रही है। कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए पूर्व में भी काढ़ा के उपयोग से संक्रमण को रोकने में सहायता मिली है। स्वास्थ्य मेला क्षेत्र में पड़ने वाले स्वास्थ्य शिविरों में चिक्त्सि सुविधाओं की मानीटरिंग के लिए पटना स्थित राज्य स्वास्थ्य समिति में राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष की स्थापना की है। कोरोना संक्रमण से बचाव, कोरोना जांच एवं टीकाकरण के प्रति कांवरियों के बीच जागरुकता फैलाने के उद्देश्य से कांवरिया पथ पर पोस्टर, होर्डिंग और बैनर लगाए गए हैं।

## देश को पहली आदिवासी महिला राष्ट्रपति मुबारक : मांझी

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा से के संस्थापक संरक्षक बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी ने कहा की मेरी हमेशा यह इच्छा रही थी कि कोई आदिवासी परिवार से देश के सर्वोच्च पद तक का सफर तय करे। ईश्वर ने मेरी बात सुन ली और आज द्रौपदी मुर्मू भारत की 15वां राष्ट्रपति बनी। मांझी ने कहा कि द्रौपदी मुर्मू भारत की 15 वीं राष्ट्रपति बनी यह मेरे जीवन में सबसे बड़ी खुशियों में एक है। हम जीत पर आदिवासी, दलित एवं हर भारत वासियों को इस जीत पर बधाई देता हूं। मांझी ने कहा कि आदिवासी परिवार से द्रौपदी मुर्मू का 15 वां राष्ट्रपति चुनाव जितना यह भारत के इतिहास में अनुसूचित जाति/जनजाति एवं सभी वर्ग के पिछड़े हुए गरीब परिवारों के लिए यह जीत ऐतिहासिक है। हम के पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह बिहार सरकार में लघु जल संसाधन, अनुसूचित जाति/जनजाति कल्याण मंत्री डॉ संतोष कुमार सुमन ने कहा कि समाज के सबसे पिछड़े आदिवासी परिवार से पहली बार भारत के इतिहास में द्रौपदी मुर्मू को भारत के 15 वां राष्ट्रपति के रूप चुनाव में जीत हासिल करने पर मेरे और मेरे पार्टी की ओर से जीत पर हार्दिक बधाई। द्रौपदी मुर्मू को देश की 15वां राष्ट्रपति के रूप में जीत हासिल करने पर हम पार्टी के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव डॉक्टर दानिश रिजवान, पूर्व मंत्री डॉ अनिल कुमार, ज्योति मांझी प्रदेश अध्यक्ष बिहार प्रफुल्ल मांझी, संसदीय बोर्ड के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी वर्मा, राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अमरेंद्र कुमार त्रिपाठी आदि हम नेताओं ने द्रौपदी मुर्मू को राष्ट्रपति चुनाव जीतने पर बधाई दी।

## विप के सात सदस्यों का कार्यकाल हुआ पूरा

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



- रोजीना नाज़िश को किया गया सम्मानित

बिहार विधान परिषद् के सात सदस्यों का कार्यकाल गुरूवार को पूरा हो गया। सदस्यता अवधि पूरी करने वाले सदस्यों में रोजीना नाज़िश का गुरूवार को बिहार विधान परिषद् की महिला सशक्तिकरण एवं बाल कल्याण समिति की अध्यक्ष निवेदिता सिंह द्वारा सम्मानित एवं विदाई दी गई। इस अवसर पर समिति की सदस्या रोज़िना नाज़िश, कुमुद वर्मा, अम्बिका गुलाब यादव, रेखा कुमारी एवं परिषद् सचिवालय के सचिव विनोद कुमार, उप सचिव विश्वजीत कुमार सिन्हा, अवर सचिव नवीन कुमार मिश्रा, प्रशाखा पदाधिकारी आशीष कुमार भी उपस्थित थे। सभी महिला सदस्यों ने नाज़िश को अपने अपने स्तर से उपहार भी भेंट किया गया। बता दें कि खाली हुई सात सीटों पर पहले ही चुनाव संपन्न हो गये हैं। जिन विधान पार्षदों का कार्यकाल गुरूवार 21 जुलाई को खत्म हो गया उनमें अर्जुन सहनी, मो. कमर आलम, गुलाम रसूल बलियावी, रोजिना नाजिश, रणविजय कुमार सिंह, मुकेश सहनी और सीपी सिन्हा उर्फ चंदेश्वर प्रसाद सिन्हा शामिल हैं। आज से ये सभी पूर्व हो गये। वीआईपी प्रमुख मुकेश सहनी बीजेपी कोटे से विधान परिषद गये थे। विधानसभा चुनाव में एनडीए के सहयोगी होने के बाद भी चुनाव हारने के बाद मुकेश सहनी को बीजेपी ने उच्च सदन भेजा था। लेकिन बाद के दिनों में सहनी के भाजपा से रिश्ते खराब हो गये। लिहाजा भाजपा नेतृत्व ने उन्हें दूबारा विप भेजने से मना कर दिया। इस वजह से मुकेश सहनी महज 1.5 साल के लिए ही उच्च सदन के मंबर रहे। वहीं रोजिना नाजिश का कार्यकाल 29 सितंबर 2021 से 21 जुलाई 22 तक रहा। इस तरह से सात में दो सदस्यों का कार्यकाल काफी छोटा रहा। बाकी के पांच सदस्यों का कार्यकाल 22 जुलाई 16 से 21 जुलाई 22 तक रहा। परिषद की खाली हुई इन सात सीटों पर निर्विरोध चयन हो गया है। जदयू से रविंद्र सिंह और अफाक अहमद चुने गये हैं। बीजेपी की ओर से अनिल शर्मा और हरि सहनी विधान पार्षद बने। आरजेडी की ओर से मोहम्मद कारी सोहैब, मुन्नी रजक और अशोक कुमार पांडेय का चयन हुआ है।

## सरकार से कोई नाराजगी नहीं : रामसूरत



पटना। तबादला आदेश रद्द किये जाने से गुस्साये राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री रामसूरत राय की नारजगी अब कम हुई है। इससे पहले इस मसले पर उन्होंने यहां तक कह दिया था कि जहां मंत्रियों का स्वतंत्र अस्तित्व नहीं वहां मंत्री रहने से क्या फायदा। साथ ही उन्होंने यह भी ऐलान किया कि अब वे कोई जनता दरबार नहीं लगायेंगे और जनता समस्या नहीं सुनेंगे। कहा था कि वे मंत्री पद के लालायित नहीं। लेकिन अब उनका गुस्सा शांत होता दिख रहा है। रामसूरत राय ने गुरूवार को भाजपा दफ्तर में कहा कि वे न तो सरकार से नाराज हैं और न पार्टी से। सब ठीक है, खराब कब हुआ था? मीडिया वाले हमलोगों से बुलवाना चाहते हैं। राजस्व मंत्री ने कहा कि ट्रांसफर-पोस्टिंग की कोई बात नहीं है। हम लोग एक जगह पर हैं, कहीं कोई विवाद या असंतोष नहीं है। उन्होंने यहां तक कह दिया कि अब न सरकार से नाराज हैं और न पार्टी से।

## सोनिया गांधी से ईडी की पूछताछ के विरोध में सड़कों पर उतरे कांग्रेस नेता

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



- कारगिल चौक से ईडी कार्यालय तक विरोध मार्च
- ईडी कार्यालय का घेराव, नेताओं को पुलिस ने लिया हिरासत में

बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के द्वारा कांग्रेस के शीर्ष नेता सोनिया गांधी से ईडी की पूछताछ के खिलाफ गुरूवार को हजारों की संख्या में कांग्रेस नेताओं और कार्यकताओं ने राजधानी के कारगिल चौक से ईडी कार्यालय तक विशाल विरोध मार्च किया। बड़ी संख्या में कांग्रेस नेताओं और कार्यकताओं के द्वारा ईडी कार्यालय के घेराव से सकते में आई जिला प्रशासन ने सैंकड़ों कांग्रेसजन को हिरासत में ले लिया और गांधी मैदान में कैम्प जेल में बन्द कर दिया। जिसपर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष डॉ मदन मोहन झा और बिहार प्रभारी भक्तचरण दास ने विशाल गांधी मूर्ति के समक्ष हिरासत में ही धरना देना शुरू कर दिया। इससे पूर्व विरोध मार्च में शामिल होने के लिए पटना पहुंचे बिहार प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी भक्तचरण दास ने उपस्थित नेताओं और कार्यकताओं को निरंकुश सत्ता के खिलाफ संघर्ष का रास्ता चुनने के लिए मजबूती से कमर कस कर तैयार रहने को कहा। उन्होंने अपने सम्बोधन में कहा कि सोनिया गांधी त्याग और दया की प्रतिमूर्ति हैं, उनके साथ राजनीतिक द्वेष में ईडी को आगे कर जिसप्रकार भाजपा नेतृत्व वाली केंद्र सरकार द्वारा खेल रचा जा रहा है वो निंदनीय है। डॉ मदन मोहन झा ने कहा कि जिस महिला के पास तीन बार देश के प्रधानमंत्री बनने का मौका था और जिसने तीनों बार इसे ठुकरा दिया आज उनके ऊपर भाजपा द्वारा पैसे के लेनदेन में घपले की बात कहना हास्यास्पद है। कांग्रेस का एक एक कार्यकर्ता अपने खून के अंतिम कतरे से देश के निर्माण में सहयोग देता आया है और आगे भी देता आएगा। पूर्व राज्यपाल और वरिष्ठ नेता निखिल कुमार ने कहा कि हमारे शीर्ष नेतृत्व को केवल परेशान करने के लिए विभिन्न सरकारी एजेंसियों को केंद्र सरकार दुरुपयोग करके मुख्य मुद्दों से ध्यान भटका रही है ताकि जनता को दिग्भ्रमित किया जाये। अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के पूर्व महासचिव और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष शकील अहमद ने बताया कि नाहक हमारे शीर्ष नेता सोनिया गांधी को बार-बार सम्मन देकर ईडी कार्यालय पर पूछताछ के लिए बुलाया जाना बेहद शर्मनाक है। विरोध मार्च के बाद हिरासत में लिए गए प्रमुख नेताओं में बिहार प्रभारी भक्त चरण दास, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. मदन मोहन झा, विधायक दल के नेता अजित शर्मा, पूर्व राज्यपाल निखिल कुमार, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. शकील अहमद, कार्यकारी अध्यक्ष कौकब कादरी, श्याम सुन्दर सिंह धीरज, पूर्व मंत्री कृपा नाथ पाठक, अवधेश कुमार सिंह, वीणा शाही, नरेन्द्र कुमार, विधान पार्षद प्रेम चन्द्र मिश्रा, मुख्य सचेतक राजेश कुमार, मिडिया विभाग के चेयरमैन राजेश राठौड़, विधायक विजय शंकर दूबे, सिद्धार्थ सिंह, आबिदुर रहमान, संजय तिवारी, प्रतिमा कुमारी दास, आनंद शंकर, बिजेंद्र चौधरी, मुरारी प्रसाद गौतम, छत्रपति यादव विश्वनाथ राम, ब्रजेश प्रसाद मुनन, ब्रजेश पाण्डेय, कुमार आशीष, अमित कुमार टुन्ना, लाल बाबु लाल, मुन्ना शाही, रबिन्द्र नाथ मिश्रा, डॉ. अजय कुमार सिंह, विनय वर्मा, असित नाथ तिवारी, आनंद माधव, शरबत जहाँ फातमा, ज्ञान रंजन, संजीव कुमार कर्मवीर, नागेन्द्र कुमार विकल, चन्द्र प्रकाश सिंह, गुंजन पटेल, चुन्नू सिंह, राजेश कुमार सिन्हा, शशि रंजन, डॉ. आशुतोष शर्मा, सत्येन्द्र बहादुर, कमल देव नारायण शुक्ला, शशि कान्त तिवारी, सौरभ सिन्हा, शशि कुमार सिंह, ललन यादव, कुंदन गुप्ता, राज कुमार राजन, सिद्धार्थ क्षत्रिय, मिन्नत रहमानी असफर अहमद, अरशद अब्बास आजाद, तारानंद सादा, ह्रदय नारायण सिंह, मोहाम्द खान अली, शकीलुर रहमान, सुधा मिश्रा, वेंकटेश रमण, अनोखा देवी, रीता सिंह, वशी अख्तर, मृणाल अनामय, अशोक गगन, निधि पाण्डेय, दौलत इमाम सहित सभी जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष शामिल रहें।

# द्रौपदी मुर्मू के राष्ट्रपति चुने जाने पर बधाई का तांता

## गांधी जी का सपना हुआ साकार: उमेश कुशवाहा




पटना। जनता दल यूनाइटेड के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा जी ने राष्ट्रपति पद पर द्रौपदी मुर्मू की ऐतिहासिक बहुमत से जीत पर उन्हें हार्दिक बधाई एवम अनंत शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि इस सर्वोच्च पद पर एक आदिवासी समाज की महिला के बैठने से आज गांधी, लोहिया और जननायक कपूरी जी का सपना साकार हुआ है। इनके नाम की घोषणा होते ही जदयू का प्रत्येक कार्यकर्ता उत्साहित हुआ, हमारे सर्वमान्य नेता मुख्यमंत्री माननीय श्री नीतीश कुमार जी ने सर्वप्रथम स्वागत करते हुए इनके भारी बहुमत से विजयी होने का विश्वास व्यक्त किया। इनके राष्ट्रपति बनने से आज पूरा देश गौरवान्वित हुआ है। आज समाज के सबसे अंतिम पंक्ति आदिवासी समाज की एक महिला देश के सर्वोच्च पद पर बैठी हैं। महिला सशक्तिकरण की दिशा में भी यह मील का पत्थर साबित होगा। आज देश का हर एक गरीब, अंतिम पंक्ति का व्यक्ति उनमें अपना खुद का चेहरा देख रहा है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि देश के लिए यह एक ऐतिहासिक क्षण है और पूरे देश में खुशी और आनंद है। विशेषकर हम बिहारी काफी गौरवान्वित हैं कि जिनके पूर्वज हमारी मिट्टी से निकले हैं वो आज देश की प्रथम नागरिक निर्वाचित हुई हैं। श्री उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि निश्चित रूप से इनका कार्यकाल एक ऐतिहासिक कार्यकाल साबित होगा। चयन के बाद राष्ट्रपति के रूप में आप देश के मान सम्मान को एक नई ऊंचाई प्रदान करते हुए और भी ज्यादा गौरवान्वित करेंगी। आज पूरा जदयू परिवार प्रफुल्लित है, आनंदित है, और नारी संघर्ष, शिक्षा, जनजातीय उन्नति की सशक्त पहचान महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू जी को हृदय से बधाई और शुभकामनाएं दे रहा है।

## भारत के सर्वोच्च पद को सुशोभित कर इतिहास रची : रालोजपा


पटना। राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह केन्द्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री पशुपति कुमार पारस ने राष्ट्रपति जीत के लिए द्रौपदी मुर्मू के जीत के लिए पार्टी और अपने तरफ से ढेर सारी शुभकामना देते हुए कहा कि गांव के निचले पैदान से राजनीति की शुरूआत करनेवाली आदिवासी समाज के सरल स्वभाव की महिला द्रौपदी मुर्मू भारत के सर्वोच्च पद को सुशोभित कर इतिहास रचा। इसके लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गृह मंत्री अमित शाह, जे.पी नड्डा और राजनाथ सिंह ने एन.डी.ए समर्थित उम्मीदवार बनाकर देशहित के लिए काम किया। प्रदेश प्रवक्ता ललन कुमार चन्द्रवंशी ने बताया कि द्रौपदी मुर्मू के जीत पर खुशी का इजहार करते हुए प्रदेश कार्यालय पटना में मिठाई वितरण किया। इस अवसर पर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सह समस्तीपुर सांसद प्रिंस राज, अनुसूचित जाति/जनजाति के राष्ट्रीय अध्यक्ष कृष्ण राज पासवान, प्रदेश प्रधानमहासचिव केशव सिंह, वरीय उपाध्यक्ष महताब आलम, राष्ट्रीय प्रवक्ता श्रवण कुमार अग्रवाल, दलित सेना प्रदेश अध्यक्ष अम्बिका प्रसाद बिनू, सुनील सिन्हा, ई विजय सिन्हा, रंजीत कुमार, शंकर पासवान, महिला प्रदेश अध्यक्षा डॉ स्मिता शर्मा, युवा प्रदेश अध्यक्ष उपेन्द्र यादव सहित पार्टी के सभी नेताओं ने श्रीमती मुर्मू को बधाई और ढेर सारी शुभकामना दी।

## विस अध्यक्ष ने द्रौपदी मुर्मू को दी बधाई



पटना। बिहार विधान सभा के अध्यक्ष विजय कुमार सिन्हा ने द्रौपदी मुर्मू के भारत के राष्ट्रपति चुनाव में अभूतपूर्व विजय के अवसर पर उन्हें अनंत शुभकामनाएं एवं बधाई दी है। उन्होंने कहा कि जनजातीय समाज से आने वाली द्रौपदी मुर्मू ने एक संवेदनशील व कुशल जनप्रतिनिधि के रूप में जनसेवा की है। ऐसे में उनका देश के राष्ट्रपति के रूप में निर्वाचित होना हम सभी के लिए गौरव का क्षण है। पूर्ण आशा है कि उनके नेतृत्व और मार्गदर्शन में भारत महान लोकतांत्रिक मूल्यों और संवैधानिक मयादाओं से अनुप्रमाणित होकर प्रगति के पथ पर आगे बढ़ेगा।

## पं दीनदयाल उपाध्याय का सपना साकार हुआ : अरविन्द



पटना। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता अरविन्द कुमार सिंह ने कहा है कि एनडीए के राष्ट्रपति उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू को राष्ट्रपति चुनाव में ऐतिहासिक बहुमत से विजय के लिए हार्दिक बधाई अनंत शुभकामनाएं मंगलकामनाएं। आपको इस सर्वोच्च पद महामहिम राष्ट्रपति बनने से देश आज गौरवान्वित हुआ है। समाज के सबसे अंतिम पंक्ति के व्यक्ति, जो आदिवासी समाज से और एक महिला है देश का सर्वोच्च पद और पहला नागरिक बनी है इसलिए पंडित दीनदयाल उपाध्याय का सपना आज साकार हुआ है। श्री अरविन्द ने कहा है कि आप महामहिम राष्ट्रपति के पद को और गौरवान्वित करेंगी, और अपने कार्यकाल को एक ऐतिहासिक कार्यकाल बनाएंगी। देश के लिए यह एक ऐतिहासिक क्षण है और देश में आज खुशी और आनंद का लहर है। आज हर भारतीय का मन प्रफुल्लित है, आनंदित है, और आपको बधाई और शुभकामनाएं हृदय से देश दे रहा है।

## 4701 मुखिया जी ने लिया प्राकृतिक खेती का प्रशिक्षण

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

- प्राकृतिक खेती करने वाले किसानों को दी जाएगी प्रति हेक्टेयर 2,000 राशि

बामेती द्वारा प्रदेश के सभी 38 जिलों के सभी 8,387 ग्राम पंचायतों के मुखिया जी को प्राकृतिक खेती के प्रशिक्षण की जानकारी दी जा रही है। अभी तक 4,701 मुखिया जी ने ऑनलाईन के माध्यम से आयोजित हो रहे इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में भागीदारी कर ली है। इसमें 2,470 पुरुष, 2,231 महिला मुखिया जी सम्मिलित हुए हैं। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 20 जून से 04 अगस्त तक निर्धारित किया गया है। एक दिन में 04 जिलों के विभिन्न प्रखण्डों के ग्राम पंचायतों के लिए प्रशिक्षण आयोजित किया जाता है। प्रत्येक जिले से औसतन 50 मुखिया जी प्रतिदिन भाग लेते हैं। अभी तक बक्सर, भोजपुर, गया, औरंगाबाद, कैमूर, जहानाबाद, रोहतास, नालन्दा, बांका, भागलपुर, सारण, सिवान, मुजफ्फरपुर, गोपालगंज, वैशाली, पूर्वी चम्पारण, पश्चिमी चम्पारण, शिवहर, दरभंगा, मधुबनी, नवादा, सीतामढ़ी, समस्तीपुर एवं सहरसा जिले के विभिन्न पंचायतों के मुखिया जी का प्रशिक्षण आयोजित किया गया है। मुखिया जी को प्राकृतिक खेती की जानकारी देने के लिए राष्ट्रीय कृषि विस्तार प्रबंधन संस्थान (मैनेज), हैदराबाद द्वारा बिहार के गया, पूर्णियाँ एवं कटिहार के उप परियोजना निदेशक को मास्टर ट्रेनर के रुप में प्रशिक्षित किया गया है। वर्ष 2019-20 में 245.25 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर रासायनिक उर्वरकों का उपयोग कर बिहार देश में सर्वाधिक उर्वरक उपयोग वाला राज्य बना, जो राष्ट्रीय औसत 133.44 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर से 111.81 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर अर्थात लगभग 84 प्रतिशत ज्यादा था। बिहार का कुल भौगोलिक क्षेत्रफल 93.60 लाख हेक्टेयर है, जिसमें से लगभग 56 प्रतिशत हिस्से 52.42 लाख हेक्टेयर में खेती की जाती है। बिहार में लगभग 30.23 लाख हेक्टेयर में धान और लगभग 22.20 लाख हेक्टेयर में गेहूँ की खेती की जाती है। इसके अतिरिक्त राज्य में मक्का, दलहन, तेलहन एवं अन्य मोटे अनाज की खेती भी की जाती है। बिहार में इतने बड़े स्तर पर रासायनिक उर्वरकों के व्यवहार से खेती की लागत बढ़ती है और किसानों को उनकी खेती से होने वाला लाभ कम होता है। खेतों में रसायनों के बढ़ते प्रयोग से मिट्टी की उर्वरा-शक्ति भी प्रभावित हो रही है। जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए पूर्व से बहुत से कार्यक्रम संचालित किये जा रहे हैं, परन्तु, लघु एवं सीमान्त किसानों के बीच जैविक खेती की लोकप्रियता बहुत सीमित है। किसान जैविक खेती को कठिनाई भरा और अधिक लागत वाला उपाय मानते हैं। प्राकृतिक खेती की पद्धति किसानों में तेजी से लोकप्रिय हो रही है। प्राकृतिक खेती के तरीकों से किसानों की लागत बहुत कम हो जाती है और मिट्टी का स्वास्थ्य प्राकृतिक तरीके से अच्छा होने के कारण उपज में कोई कमी नहीं होती और लाभ भी बढ़ता है। प्राकृतिक खेती को जीरो बजट अथवा शून्य लागत प्राकृतिक खेती के नाम से भी बुलाया जाता है। प्राकृतिक खेती खेतों, घरों अथवा गांवों में आसानी से मिलने वाली सामग्रियों की सहायता से की जाती है। इसमें मुख्य रुप से जीवामृत, बीजामृत, आच्छादन, वाफसा और बहुफसली खेती के माध्यम से मिट्टी के जैविक कार्बन और कार्बनिक पदार्थ को बढ़ाया जाता है, जिससे मिट्टी की उर्वरा-शक्ति प्राकृतिक तरीके से बढ़ती है। इस पद्धति में कीटों और रोगों के नियंत्रण के लिये पौधों से तैयार होने वाले उपचारों का प्रयोग किया जाता है। बामेती के निदेशक आभांशु सी जैन ने बताया कि प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए भारतीय प्राकृतिक कृषि पद्धति (बीपीकेपी) योजना प्रारम्भ की गई है। इस योजना के अन्तर्गत प्रत्येक प्रखण्ड स्तर पर 4-5 ग्राम पंचायतों को मिलाकर 1,000 हेक्टेयर क्षेत्रफल को चयनित कर प्राकृतिक खेती के तरीकों से खेती करायी जायेगी।

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातःकिरण
पटना, शुक्रवार, 22 जुलाई 2022
देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com


# संक्षिप्त खबरें

## अगलगी की घटना में हजारों की संपत्ति जलकर हुई राख

मोरवा। मोरवा प्रखंड के ताजपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत चकसिकंदर पंचायत में आग लगने से पचास हजार से अधिक की संपत्ति जलकर राख हो गई है। अग्नि पीड़ित चक्र सिकंदर पंचायत के वार्ड संख्या दो निवासी प्रमोद राय की पत्नी भुल्ली देवी के घर में आग लगने से सब कुछ जलकर राख हो जाने से कुछ भी खाने पीने का सामान नहीं बचा है। घटना का कारण बिजली के शार्ट सर्किट से आग लगना बताया गया है। आग लगने की जानकारी मिलते ही पंचायत के मुखिया ब्रजेश प्रसाद राय के द्वारा फायर ब्रिगेड, पुलिस एवं खंड तथा अंचल प्रशासन को इसकी सूचना दी गई। जब तक फायर ब्रिगेड की गाड़ी पहुंचती, तब तक ग्रामीणों के द्वारा भारी मशक्कत से आग पर काबू पा लिया गया है, बावजूद सब कुछ जलकर राख हो गया। आग लगने के कारण सब कुछ जल जाने से अग्नि पीड़ित के समक्ष भुखमरी का संकट उत्पन्न हो गया है। मुखिया ब्रजेश प्रसाद राय एवं पंचायत सचिव संजीव कुमार राय तथा पास अध्यक्ष राजेश प्रसाद राय के द्वारा सीओ को इसकी जानकारी देकर अति शीघ्र अग्नि पीड़ित को राहत दिलाने की मांग की गई है। सीओ प्रीति लता के द्वारा कर्मचारी भेज कर निरीक्षण उपरांत राहत दिलाने का आश्वासन दिया गया है।

## बिजली चोरी के आरोप मे दो लोगों पर प्राथमिकी

सरायरंजन। सरायरंजन थाना क्षेत्र के हरिपुर बरहेता में बिजली की चोरी को लेकर दो लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। प्राथमिकी में विद्युत आपूर्ति प्रशाखा, सरायरंजन में पदस्थापित कनीय विद्युत अभियंता सुनील कुमार ने कहा है कि सरायरंजन थाने के हरिपुर बरहेता में बिजली की चोरी को ले की गई छापेमारी के दौरान रामबाबू झा की पत्नी सुनीता देवी एवं भुवनेश्वर मिश्र के घर में लाइन काटने के बाद भी बिजली की चोरी करते पाया गया है। इससे नार्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी को क्रमशः 15 हजार 463 एवं 46 हजार 158 रुपए की क्षति पहुंची है।

## बागमती नदी से हो रहे कटाव को लेकर जिप सदस्य ने पंडाल का निर्माण कराने की मांग की

कल्याणपुर। कल्याणपुर प्रखंड के क्षेत्र संख्या 01 के जिला परिषद सदस्य रवि रौशन कुमार ने जिलाधिकारी योगेन्द्र सिंह से मिलकर अपने क्षेत्र के समस्याओं से उन्हें अवगत कराया एवं कलौंजर पंचायत में बागमती नदी के धारा से हो रहे कटाव के कारण लोग बेघर हो रहे हैं।
जिसके कारण बंडाल निर्माण कराने, सैदपुर हरपुरवा मालीनगर सहित अन्य पंचायतों में बाढ़ व बारिश के पानी से जलजमाव की समस्या हर वर्ष हो जाती है। जिसके कारण किसानों के सैकड़ों एकड़ खेत की फसल बर्बाद हो जाता है एवं अन्य मुद्दों पर उन्होंने जिलाधिकारी को आवेदन देकर जांच कर कार्रवाई करने की मांग की है।

# अपर समाहर्ता ने की बाढ़ व सुखे से पूर्व तैयारियों की समीक्षा

समस्तीपुर, प्रात: किरण संवाददाता

समस्तीपुर समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में गुरुवार को अपर समाहर्ता की अध्यक्षता में आपदा प्रबंधन विभाग की बाढ 2022 पूर्व तैयारियों एवं सुखाड़ से पूर्व की तैयारी से संबंधित समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में अपर समाहर्ता द्वारा बाढ राहत कार्य हेतु जो भी नाव कार्य में लिया जाएगा उसका निबंधन अनिवार्य है, निबंधित नावों की सूची जिला आपदा प्रबंधन एवं जिला परिवहन कार्यालय को प्रेषित करने का निर्देश सभी अंचल अधिकारी एवं राजस्व अधिकारी को दिया गया।

बाढ की स्थिति के मद्देनजर शौचालय एवं चापाकल की जरूरत हेतू एक अप्रूवल बाढ से संबंधित अनुमंडल के अनुमंडल पदाधिकारी से लेकर एक टीम बनाकर कार्य करने का निर्देश पीएचईडी के कार्यपालक अभियंता को दिया गया। साथ ही आवासन स्थल के चयनित सूची संबंधित अंचल अधिकारी से संपर्क स्थापित कर कार्यों की तैयारी रखने का निर्देश भी कार्यपालक अभियंता पीएचईडी को दिया गया। आपदा प्रबंधन समिति की एक बैठक अपने अनुमंडल एवं अंचल स्तर से कर उसकी एक कार्यवाही जिला कार्यालय को प्रेषित करने का निर्देश सभी अनुमंडल पदाधिकारी एवं सभी अंचलाधिकारी को दिया गया। सभी प्रखंडों में अधिष्ठापित्त एवं कार्यरत वर्षा मापक यंत्र की सूची अपने हस्ताक्षर एवं मुहर के साथ जिला आपदा कार्यालय को




● बाढ़ कार्यों में लगाए जाने वाले कर्मियों को कोरोना का बूस्टर डोज टीका लगवाने का दिया गया निर्देश

प्रेषित करने का निर्देश जिला सांख्यिकी पदाधिकारी को दिया गया। क्यूआरटी की सूची एवं मेडिकल कम्युनिकेशन प्लान से संबंधित सूची जिला आपदा कार्यालय को प्रेषित करने का निर्देश सिविल सर्जन को दिया गया। सभी अंचल अधिकारियों को अपने-अपने प्रभावित एवं संभावित क्षेत्रों में खुद से निरीक्षण व भ्रमण कर स्थानीय ग्रामीणों से स्थिति का जायजा का निर्देश दिया गया। सभी तटबंधों पर जिस भी एई-जेई की ड्यूटी लगाई गई है, उसकी सूची मोबाइल नंबर सहित, जिला आपदा कार्यालय में उपलब्ध कराने का निर्देश कार्यपालक अभियंता बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल को दिया गया। सभी अंचल अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि अपने अपने क्षेत्र अंतर्गत जितने भी राहत केंद्र, समुदायिक कीचेन चिन्हित किए हैं, उसे जियो टैग करवाना सुनिश्चित करेंगे एवं राशन का उठाव स्थल से लेकर सामुदायिक रसोई, वितरण स्थल तक का रूट चार्ट बनाकर जिला आपदा कार्यालय में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही राहत केंद्र, सुपरवाइजर की ड्यूटी, वर्कर, किचन स्टाफ, मल्टी लेयर स्टाफ की सूची अभी से तैयार करना सुनिश्चित करेंगे। सभी अंचल अधिकारियों को सर्पदंश की दवा, रेबीज टीका, पेरासिटामोल, ओआरएस ब्लीचिंग पाउडर, हेलोजन टेबलेट इत्यादि आवश्यकतानुसार उपलब्ध करवाने का निर्देश सिविल सर्जन को दिया गया। व्हाट कार्यों में लगाए जाने वाले कर्मियों को एमओआईसी की सहायता से कोरोना का बूस्टर डोज का टीका लगवाने का निर्देश सभी संबंधित अंचलाधिकारी को दिया गया।

बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में पशुचारा की व्यवस्था में पर्याप्त हो, स्थल चिन्हित करने, आपूर्ति आदि हेतु आवश्यक व्यवस्था करने का निर्देश जिला पशुपालन पदाधिकारी को दिया गया। जिला आपदा प्रबंधन प्रभारी पदाधिकारी को निर्देशित किया गया कि जो भी मोटरबोट मरम्मती योग्य है, उसे अविलंब संबंधित एजेंसी से संपर्क स्थापित कर मरम्मती करवाना सुनिश्चित करेंगे।

गृह रक्षा वाहिनी के गोताखोरों का प्रशिक्षण करा कर तैयार अवस्था में रखने एवं उसकी सूची, नाम, पता, मोबाइल नंबर सहित सभी अनुमंडल पदाधिकारी एवं सभी अंचलाधिकारी को उपलब्ध कराने का निर्देश होमगार्ड के कमांडेंट को दिया गया। बैठक में पीपीटी के माध्यम से जिले में बाढ़ की स्थिति की मानचित्र प्रस्तुत किया गया। वर्षा मापक यंत्र की स्थिति, संभावित बाढ़ प्रभावित क्षेत्र एवं संकट ग्रस्त व्यक्ति समूहों की पहचान, तटबंध की सुरक्षा, नदी एवं तटबंध का संयुक्त निरीक्षण, तटबंध की मरम्मती एवं कटाव की स्थिति, सूचना एवं नाव की व्यवस्था तथा चना, सत्तू, चूरा, गुड़ और नमक खाद्य पदार्थ आदि की व्यवस्था, पॉलीथिन शीट, राहत केंद्र एवं सामुदायिक रसोई स्थल की पहचान, गत वर्ष सामुदायिक रसोई संचालन में हुए व्यय के विरुद्ध लंबित भुगतान की स्थिति, मानव दवा की व्यवस्था, मोबाइल मेडिकल कैंप, पशुचारा एवं दवा की व्यवस्था, शुद्ध पेयजल की व्यवस्था, जनरेटर, पेट्रोमैक्स एवं महाजाल की व्यवस्था, सड़कों की मरम्मती, लाइफ जैकेट व मोटर बोट की उपल्बधता, समुदाय का प्रशिक्षण, बाढ़ राहत एवं बचाव दल का गठन, तैयारियों का अभ्यास, बाढ़ प्रभावित परिवारों की सूची का अद्यतनीकरण एवं संभावित सुखाड़ की पूर्व तैयारी के बिंदु पर चर्चा की गई। बैठक में सभी अनुमंडल पदाधिकारी, सिविल सर्जन, विशेष कार्य पदाधिकारी, जिला परिवहन पदाधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला सांख्यिकी पदाधिकारी, डीपीओ आईसीडीएस, डीपीओ मनरेगा, जिला आपदा प्रबंधन प्रभारी पदाधिकारी, जनसंपर्क पदाधिकारी, जिला मत्स्य पदाधिकारी, एडीआईओ, एसडीआरएफ की टीम, कार्यपालक अभियंता बाढ़ नियंत्रण, जिला पशुपालन पदाधिकारी एवं बाढ़ से संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

# युवक की संदिग्ध मौत के बाद छापेमारी में पुलिस भारी मात्रा में देशी शराब किया बरामद

समस्तीपुर, प्रात: किरण संवाददाता

समस्तीपुर जिले के दलसिंहसराय अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत घटहो ओपी क्षेत्र में एक युवक की संदिग्ध अवस्था में मौत के बाद बुधवार को पुलिस ने छापेमारी कर देसी शराब बरामद की है। इस मामले में घटहो, वार्ड-12 के आठ लोगों पर प्राथमिकी भी दर्ज की गयी है। हालांकि सभी आरोपित फरार बताये गए हैं। थानाध्यक्ष चन्द्रभूषण कुमार ने बताया कि पुलिस छापेमारी में वार्ड-12 स्थित गाछी एवं झाड़ी में छिपाकर रखे गये नौ गैलनों को बरामद कर थाने ले आयी। गैलन में दो लीटर तैयार देसी शराब एवं 230 लीटर अर्धनिर्मित देसी शराब पायी गई है।

इधर, ग्रामीण सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार को इलाज के क्रम में घटहो में ही एक युवक की मौत हो गई थी। इसके बाद घटहो में महुआ शराब पीने से युवक की मौत होने की चर्चा लोगों में होने लगी। बुधवार सुबह दाह-संस्कार



के लिए मृतक का शव ले जाने के दौरान कुछ लोगों ने बनघारा में यह कहकर शव को रोक दिया कि इसके मौत की जांच होगी तथा परिजन को लाभ दिलाया जाएगा। लेकिन मृतक के परिजनों ने किसी प्रकार का आरोप नहीं लगाया। जिससे शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया।

इस संबंध में एसडीपीओ दिनेश कुमार पांडेय ने ग्रामीणों में व्याप्त चर्चा को गलत बताते हुए कहा कि मृतक के परिजनों ने कोई शिकायत नहीं की है। उन्होंने कहा कि युवक की मौत एवं शराब बरामद होना दो अलग-अलग मामला है।

## सरायरंजन में ट्रक व पिकअप आमने सामने टक्कर

**सरायरंजन।** सरायरंजन थाना क्षेत्र के सरायरंजन डीह गांव के समीप एनएच 322 पर गुरुवार की सुबह ट्रक व पिकअप की आमने सामने टक्कर हो गई। जिसमें दोनों वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गई। स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से दोनों वाहनों के चालक को गाड़ी से निकालकर प्राथमिक उपचार कर छोड़ दिया गया। घटना की जानकारी स्थानीय पुलिस को दे दी गई है। दोनों वाहनों के चालकों की पहचान नहीं हो सकी थी। घटना के बाबत ग्रामीणों ने बताया कि ट्रक मुसरीघरारी की ओर से सरायरंजन की ओर आ रही थी। इसी दौरान सरैया के तरफ से पिकअप गाड़ी अनियंत्रित गति से आ रही थी। जिस वजह से उक्त स्थान पर दोनों वाहनों की आमने सामने टक्कर हो गई। लेकिन इस घटना में किसी तरह के हताहत होने की सूचना नहीं है। ट्रक का नंबर बीआर 01जीएच 1340 व पिकअप का नम्बर बीआर 01जीजी 8500 बताई गई है।

# मनाई गई समस्तीपुर के पूर्व सांसद रामचंद्र पासवान की तीसरी पुण्यतिथि

समस्तीपुर, प्रात: किरण संवाददाता

दलित सेना के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष व समस्तीपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद रहे स्वर्गीय रामचंद्र पासवान की तीसरी पुण्यतिथि गुरुवार को शहर के रामबाबू चौक स्थित रालोजपा नगर कार्यालय में पार्टी के जिला प्रवक्ता व नगर अध्यक्ष उमाशंकर मिश्रा की अध्यक्षता एवं अनुसूचित जाति-जनजाति जिलाध्यक्ष राजा पासवान के संचालन में मनाई गई। मौके पर उपस्थित रालोजपा कार्यकताओं ने अपने दिवंगत सांसद रामचंद्र पासवान के तैल्य चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके कार्यों को याद किया। पुण्यतिथि समारोह को सम्बंधित करते हुए जिला प्रवक्ता उमाशंकर मिश्रा ने कहा कि स्वर्गीय रामचन्द्र पासवान का कर्मभूमि समस्तीपुर जिला था। रामचन्द्र पासवान सरल स्वभाव के लोकप्रिय जनप्रतिनिधि थे। रालोजपा कार्यकताओं को परिवार के सदस्य कि तरह समान सदैव दिए।



आज उनकी कमी सभी रालोजपा कार्यकताओं को खल रही है। स्मृति शेष रामचन्द्र पासवान के कार्य हमें उर्जा प्रदान कर रहे हैं। आज हम समस्तीपुर रालोजपा कार्यकताओं संकल्प लेते है कि उनके पदचिन्हों पर चल के समस्तीपुर सांसद प्रिंस राज के मार्गदर्शन में समाज के सभी वर्गों के सहयोग लेकर संगठन को मजबूती प्रदान करने का काम करेंगे। स्वर्गीय रामचन्द्र पासवान की द्वितीय पुण्यतिथि समारोह में श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में नगर अध्यक्ष उमाशंकर मिश्रा, पूर्व विधायक विश्वनाथ पासवान, नीरज भारद्वाज, अनुसूचित जाति-जनजाति जिला अध्यक्ष राजा पासवान, मधुबाला सिन्हा, ऋषि सिंह, डॉ विनोद कुमार, रिता पासवान, पूर्व जिलाध्यक्ष जितेंद्र कुशवाहा, जीवक्ष पासवान, महिला जिलाध्यक्ष रीना सहनी, विमला देवी, रीना कुमारी, रवि झा, गोपाल शर्मा एवं अंटू कुमार मिश्रा सहित कई अन्य रालोजपा कार्यकर्त्ता उपस्थित थे।

## अनाज पर टैक्स लगाना न्यायोचित नहीं, इसे वापस लिया जाए : राकेश ठाकुर

**समस्तीपुर।** केन्द्र की भाजपा सरकार द्वारा अनाज सहित अन्य जरूरी खाद्य पदार्थों दाल, चावल, आटा, गेहूं, मैदा, सूजी पर टैक्स लगाने पर राजद ने विरोध दर्ज किया है। जिला राजद प्रवक्ता राकेश कुमार ठाकुर ने नाराजगी जताते हुए कहा कि देश के इतिहास में ये पहला मौका है जब कोई सरकार अनाज पर टैक्स लगा रही है, जो कि न्यायोचित नहीं है। वैसे ही पेट्रोल, डीजल व रसोई गैस के दाम के साथ ही खाद्य सामग्री के दाम आसमान छू रहे है और अब गेहू, चावल, दाल, आटा समेत अन्य खाद्य सामग्री पर 5 प्रतिशत जीएसटी लगा दी है जिससे इनके दाम भी बढ़ जाएंगे और इसकी सीधा असर घरेलू बजट पर पड़ेगा। सरकार के फैसले पर असहमति जताते हुए राजद प्रवक्ता ने कहा कि कोरोना के बाद से ही जहां लोगों के रोजगार के संसाधन छीन गए है स्थिति ये है कि बड़ी मुश्किल से लोगो को दैनिक रोजगार मिल पा रहा है, वहीं व्यापार भी पहले की तुलना में अब कम हो चुका है।

# 57 कार्टन विदेशी शराब बरामद, महिला गिरफ्तार

## उत्पाद विभाग की छापेमारी, बरामदगी और गिरफ्तारी की रिकॉर्ड कार्रवाई

समस्तीपुर, प्रात: किरण संवाददाता

संपूर्ण जिले में मद्य निषेध को लेकर मद्य निषेध एवं उत्पाद अधीक्षक शैलेंद्र कुमार चौधरी के नेतृत्व में लगातार जिलेभर में रिकॉर्ड छापेमारी, देसी-विदेशी शराब बरामदगी, शराब कारोबारियों एवं इसका सेवन करने वालों को गिरफ्तार कर मद्य निषेध अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में ताजपुर थाना क्षेत्र के मोतीपुर से बीती शाम उत्पाद विभाग की टीम ने भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद किया। मिली जानकारी के अनुसार उत्पाद विभाग की टीम ने मोतीपुर निवासी देवेंद्र सिंह की पत्नी अनीता देवी को भारी मात्रा में विदेशी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। उसके पास से उत्पाद विभाग ने कुल 57 कार्टन विदेशी शराब बरामद किया है। जिसमें कैप्टन ब्लू ब्रांड नामक 180एमएल व्हिस्की का 49 कार्टन



और ब्लू स्ट्रोक ब्रांड के 180एमएल व्हिस्की का 07 कार्टन बरामद किया गया है। जिसे उत्पाद विभाग की टीम के द्वारा जब्त कर महिला कारोबारी को गिरफ्तार कर लिया गया। गौरतलब हो कि समस्तीपुर मद्य निषेध एवं उत्पाद अधीक्षक के पद पर शैलेंद्र कुमार चौधरी के प्रतिनियुक्ति के बाद से उत्पाद विभाग की टीम छापेमारी, देसी-विदेशी शराब बरामदगी एवं मद्य निषेध उल्लंघन के मामलों में गिरफ्तारी का रिकॉर्ड बना रही है। आपको बता दें कि जिले भर में सख़्ती के साथ शराबबंदी लागू करने को लेकर की जा रही कार्रवाइयों के बल पर उत्पाद विभाग की टीम ने मद्य निषेध के कार्यों में समस्तीपुर जिले को राज्य के अव्वल जिलों की श्रेणी में शामिल कर दिया है।

## खालिसपुर गांव से दुष्कर्म के आरोपी गिरफ्तार



**सरायरंजन।** सरायरंजन थाना क्षेत्र के खालिसपुर गांव से बुधवार को एक दुष्कर्म का घटना सामने आया था। इस घटना में संलिप्त आरोपी को सरायरंजन पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। थानाध्यक्ष रामचंद्र चौपाल ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर 24 घंटा के अंदर दुष्कर्म के घटना को अंजाम देने खालिसपुर गांव से गिरफ्तार कर लिया गया है। उससे पूछताछ जारी है। पूछताछ के बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेजा जाएगा।

# विधायक ने ओपन जिम का किया उद्घाटन

दलसिंहसराय, प्रात: किरण संवाददाता

राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश प्रधान महासचिव सह उजियारपुर विधायक आलोक कुमार मेहता ने दलसिंहसराय प्रखंड के पाड़ पंचायत में ओपन जिम का विधिवत रूप से फीता काटकर एवं नारियल फोड़कर उद्घाटन किया। उक्त ओपन जिम में लोगों को शारीरिक फिटनेस के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से फिटनेस उपकरण शारीरिक व्यायाम के लिए पांच तरह के विभिन्न मशीनें उपलब्ध करवाई गई।

जिनमें शोल्डर, हैंड ट्विस्टर, जॉगर, लेग प्रेस और एब ट्विस्टर मशीन शामिल हैं। उक्त जिम से पंचायत के लगभग 450 से अधिक परिवारों को फायदा होगा। मौके पर श्री मेहता ने बताया कि काफी समय से पंचायत के लोग ओपन जिम के निर्माण की मांग कर रहे थे। लोगों की मांग और जरूरत को देखते हुए यहां ओपन जिम का निर्माण करवाया गया। जिम की शुरूआत होने से हर वर्ग और हर



उम्र के लोग यहां कसरत और वर्जिश कर स्वास्थ का लाभ ले पाएंगे। इस तरह के ओपन जिम हर पंचायत में बनाए जाएंगे।

पंचायत के अंदर ही जिम हो जाने की वजह से अब यहां के युवाओं को भी इसके लिए बाहर जाने की जरूरत नहीं होगी। साथ ही उन्होंने पार्क को सुंदर बनाने के लिए पेड़ पौधे लगाने की बात कही, और लोगों को शारिरिक व्यायाम करने को प्रेरित किया। वहीं पंचायतवासियों ने ओपन जिम की सुविधा देने के लिए विधायक को धन्यवाद व्यक्त किया। मौके पर पाड़ पंचायत के मुखिया सुनीता कुमारी, राजद प्रदेश सचिव नंद किशोर महतो, मीडिया प्रभारी राज दीपक, महेंद्र कुमार, पुंजय कुमार बबलू, जिला परिषद सदस्य हेमलता कुमारी, प्रमोद कुमार सिंह, मो० इंतखाब, उमेश रामप्रकाश, महेश्वर राम, डॉ खुर्शीद, दिलीप महतो, पंकज कुमार, नीरज ठाकुर, रामविनोद सिंह सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे।

# सदर अस्पताल इमरजेंसी कक्ष से घंटों गायब रहे डॉक्टर

## इलाज के लिए तड़पते रहे मरीज

समस्तीपुर, प्रात: किरण संवाददाता

गुरुवार को समस्तीपुर सदर अस्पताल में एक बार फिर से कुव्यवस्था का आलम देखने को मिला। जहां सदर अस्पताल स्थित इमरजेंसी कक्ष से प्रतिनियुक्त डॉक्टर ऑन ड्यूटी घंटों गायब रहे और सदर अस्पताल प्रबंधन सोता रहा। जिस कारण मरीज व उसके परिजन इलाज के लिए घंटों इधर से उधर भटकते रहे। वहीं इलाज के लिए आया एक मरीज इमरजेंसी कक्ष में डॉक्टर के अनुपस्थिति के कारण घंटों तड़पता रहा।

मामले की भनक लगने के बाद मीडिया कर्मियों के द्वारा अस्पताल प्रबंधन को इसकी जानकारी दी गई, तब जाकर तड़प रहे मरीज का इलाज संभव हो पाया। आपको बता दें कि समस्तीपुर सदर अस्पताल रह-रहकर हमेशा विवादों में छाया रहता है। जिसमें अधिकांशतः डॉक्टर के अनुपस्थिति के कारण, तो कभी-कभी पोस्टमार्टम कर्मी के द्वारा पोस्टमार्टम



के एवज में रुपए मांगे जाने, तो कभी डीएस-जीएनएम विवाद और कभी दवा की अनुपलब्धता को लेकर सदर अस्पताल की कुव्यवस्था सुर्खियों में रहती है। समस्तीपुर सदर अस्पताल में नए सिविल सर्जन के आने के बाद से समस्तीपुर सदर अस्पताल की व्यवस्था बद से बदतर हो गई है। वहीं सदर अस्पताल की व्यवस्था सुधारने को लेकर आज तक उनके द्वारा कोई पहल नहीं की गई। जिस कारण हर रोज दूर-दूर से विभिन्न बीमारियों का इलाज कराने के लिए सदर अस्पताल पहुंचने वाले मरीजों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। एक ओर जहां सरकार विभिन्न योजनाओं के माध्यम से करोड़ों रुपए खर्च कर जरूरतमंद लोगों को आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराने को लेकर प्रत्यनशील है। वहीं समस्तीपुर सदर अस्पताल में सिविल सर्जन की मेहरबानी से मरीज स्वास्थ्य सुविधाओं से महरूम हो रहे हैं और सरकार की स्वास्थ्य संबंधी योजनाएं यहां आकर दम तोड़ देती हैं।

# प्रखंड क्षेत्र के केशो नारायणपुर में ठनका से एक की मौत, दो घायल

मोरवा, प्रात: किरण संवाददाता

मोरवा प्रखंड के हलई ओपी क्षेत्र अंतर्गत केशो नारायणपुर पंचायत में बारिश के दौरान ठनका से एक किशोर की मौत हो गई है। जबकि दो अन्य घायल हो गए हैं। मृत किशोर की पहचान रामावतार महतो के सत्रह वर्षीय पुत्र अभिनंदन कुमार महतो के रूप में की गई है। जबकि घायलों में जंगली महतो के पन्द्रह वर्षीय पुत्र महेश कुमार महतो एवं महावीर महतो के चौदह वर्षीय पुत्र गोलू कुमार महतो के रूप में की गई है।

विकास मित्र गौरी शंकर के द्वारा घटना की सूचना ओपी अध्यक्ष पवन कुमार को दी गई। घटना की सूचना मिलते ही ओपी अध्यक्ष पवन कुमार द्वारा मृत किशोर की लाश को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल समस्तीपुर भेज दिया गया है।

जबकि परिजनों एवं स्थानीय लोगों की सहायता से दोनो घायल किशोरों को वैशाली जिला के जंदाहा के दो निजी अस्पतालों में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। विदित हो कि तीनों किशोर गरीबी के कारण मजदूरी का काम करते हैं। घटना के दौरान अपने ही ग्रामीण किसान के खेत में तीनों धान रोप रहे थे। अचानक भारी बारिश शुरू हो गई। बारिश के दौरान भयानक आवाज के साथ ठनका गिरा। तीनों युवक ठनके से बचने के लिए भाग नहीं सके। ठनका के चपेट में आ जाने से जहां अभिनंदन कुमार की मौके पर ही मौत हो गई।

जबकि महेश कुमार महतो एवं गोलू कुमार महतो ठनके की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। दोनों की हालत नाजुक बताई गई है। जबकि महेश कुमार महतो की स्थिति अधिक जल जाने के कारण विशेष रूप से नाजुक बताई गई है। ठनके से किशोर की मौत से शोकाकुल परिजनों मैं कोहराम मच गया है।

ठनके की चपेट में आने से एक किशोर की मौत तथा दो अन्य किशोर के घायल हो जाने की घटना से संपूर्ण पंचायत में मातमी सन्नाटा छा गया है। प्रदेश लोजपा प्रवक्ता अभय कुमार सिंह एवं प्रखंड अध्यक्ष रामप्रवेश पंडित ने शोक संवेदना प्रकट की है।

## पिकअप और बाइक की टक्कर में तीन घायल, पुलिस ने वाहन को किया जब्त

**सिंघिया।** सिंघिया प्रखंड के लिए बीत रहा पूरा सप्ताह दुर्घटनाओं के खबरों से भरा रहा। पिछले 3 दिनों से हो रही लगातार सड़क दुर्घटना दुर्भाग्यवश चौथे दिन भी घटी। प्रखंड के बेहट पुल के निकट विपरीत दिशा से आ रही बाइक और पिकअप में आमने-सामने की टक्कर हो गई। टक्कर में तीन व्यक्ति घायल हो गए, जिनका इलाज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सिंघिया में चल रहा है। दुर्घटना के दौरान पिकअप चालक द्वारा बाइक को बचाने के क्रम में पिकअप पुल के बैरिकेड से जा टकराई। घायलों की पहचान थाना क्षेत्र के गोरियारी निवासी मोहम्मद अजीज उर्फ कारू के पुत्र मोहम्मद मुराद, मोहम्मद फिरोज के पुत्र चांद व नेवरी निवासी राम सुमित यादव के पुत्र दीपक कुमार के रूप में हुई है। घटना की सूचना पर सिंघिया थाना के पुलिस अवर निरीक्षक कुमार भुवन घटनास्थल पर पहुंच दुर्घटनाग्रस्त दोनों गाड़ियों को अपने कब्जे में ले थाने ले गए।

# राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू की जीत समाजिक एकता की एक नई मिसाल : कुशवाहा

समस्तीपुर, प्रात: किरण संवाददाता

समस्तीपुर प्रेस क्लब पर आयोजित प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष उपेन्द्र कुमार कुशवाहा ने भारत के राष्ट्रपति पद पर द्रौपदी मुर्मू के निर्वाचित घोषित किए जाने पर खुशी जाहिर की है। उपेन्द्र कुमार कुशवाहा ने बताया कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सामाजिक एकता की नई मिशाल पेश करते हुए पहली बार किसी आदिवासी समाज के महिला को राष्ट्रपति उम्मीदवार बनाया। राष्ट्रपति चुनाव में जिस प्रकार से कई विरोधी पार्टी के द्वारा भी द्रोपदी मुर्मू को समर्थन हासिल हुआ है। वहीं जिलाध्यक्ष ने कांग्रेस, राष्ट्रीय जनता दल, तृणमूल कांग्रेस एवं कई अन्य विपक्षी पार्टियों ने द्रौपदी मुर्मू के सामने यसवंत सिन्हा को उम्मीदवार बनाये जाने पर आरे हाथों लेते हुए कहा कि इन सभी पार्टियों की दलित एवं आदिवासी विरोधी होने की पोल अब खुल गयी है। कुशवाहा ने बताया कि की भारतीय जनता पार्टी ही एक ऐसा पार्टी है जो अल्पसंख्यक समुदाय, दलित समुदाय एवं आदिवासी समाज



से राष्ट्रपति बनाने का काम कर यह साबित की है कि पार्टी समाज के अंतिम पंक्ति में बैठे व्यक्ति की वस्तविक चिंता करती है। प्रेस वार्ता में जिला महामंत्री सुनील कुमार गुप्ता, प्रभात कुमार ठाकुर, जिला उपाध्यक्ष कौशल कुमार पांडेय, जिला मीडिया प्रभारी अमित कुमार सिंह, जिला प्रवक्ता मुकेश सिंह, विजय शंकर ठाकुर, उमेशचन्द्र प्रसाद सिंह, वीरेंद्र यादव, रजनीश ईश्वर इत्यादि शामिल रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### सड़क हादसे में एक व्यक्ति की हुई मौत

पालीगंज। थाना क्षेत्र के जलपुरा गांव के पास देर रात बुधवार को एनएच 139 मुख्य सड़क पर हाइवा के टक्कर से एक अधेड़ व्यक्ति की मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार पालीगंज थाना क्षेत्र के मसौड़ा गांव निवासी बृजनन्दन राम के 40 वर्षीय पुत्र बृजेश राम बुधवार की रात एनएच 139 मुख्य सड़क से पैदल ही गुजर रहा था। उसी दौरान जलपुरा गांव के पास तेज रफ्तार हाइवा उसे टक्कर मारकर भाग निकला। इस हादसे में बृजेश राम की मौत घटनास्थल पर ही हो गया। घटना के बाद मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गयी। जबकि घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पालीगंज पुलिस शव को कब्जे में ले लिया व कानूनी प्रक्रिया पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए पालीगंज अनुमंडल अस्पताल भेज दिया। इस मामले में पालीगंज पुलिस ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के बाद दाह संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### उत्पाद थाने में तैनात होमगार्ड के 19 जवान हटाए गए

मुजफ्फरपुर। मुजफ्फरपुर उत्पाद थाने में तैनात 19 होमगार्ड जवानों को हटा दिया गया है। उनपर आरोप है कि वे शराब ठिकानों पर छापेमारी से पहले ही इससे सम्बंधित सूचना लीक कर देते थे। इससे शराब माफिया और धंधेबाज अलर्ट हो जाते। इसकी एवज में वे उनसे रुपये ऐंठते थे। उत्पाद थाने मे ये खेल बीते 6 महीने से चल रहा था। उत्पाद अधीक्षक ने होमगार्ड समादेष्टा को पत्र लिखकर दो महीने से ज्यादा समय से थाने में तैनात होमगार्ड जवानों को हटाने की मांग की थी। उनकी जगह दूसरे जवानों को नियुक्ति देने की अपील की गई। इसके बाद उत्पाद अधीक्षक ने 19 जवानों को ड्यूटी से मुक्त कर दिया। मुजफ्फरपुर उत्पाद थाने में कुल 88 होमगार्ड जवान तैनात हैं।

### बीरगंज में 41 लाख 55 हजार रुपए के साथ युवक गिरफ्तार

रक्सौल। इंडो-नेपाल बॉर्डर पर अवैध रुपया का कारोबार काफी फल-फूल रहा है। ये सभी काम हुंडी के तहत होता है। इस कड़ी में बीते दिन पड़ोसी देश नेपाल के बीरगंज में एक भारतीय युवक को 41 लाख 55 हजार रुपए के साथ पकड़ा गया है। इसकी जानकारी देते हुए नेपाल के पर्सा जिला पुलिस कार्यालय ने बताया कि बीरगंज महानगरपालिका के वार्ड नंबर 16 के रजत जयंती चौक से उक्त युवक को उस समय गिरफ्तार किया गया जब वह उक्त रुपए को लेकर भारत से नेपाल आ रहा था। युवक रक्सौल का रहने वाला राकेश कुमार है, जो कि अपने बाईक के सीट के अंदर छुपा कर ले जा रहा था।

# गोपालगंज : एमडीएम का स्वाद जानने फर्श पर ही बैठ गए डीएम

गोपालगंज, प्रात : किरण संवाददाता




गुरूवार को डीएम डा. नवल किशोर चैधरी के निदेर्शानुसार प्रशासनिक एवं अन्य पदाधिकारियों द्वारा जिले के उचकागांव प्रखंड की सभी पंचायतों का भ्रमण कर योजनाओं की जांच की गई। सरकार के महत्वपूर्ण कार्यक्रमों को त्वरित एवं प्रभावी ढंग से लागू करने, इनके सतत अनुश्रवण, न्याय के साथ विकास को सुनिश्चित करने तथा प्रशासन को और अधिक संवेदनशील बनाने के उद्देश्य से जांच की गई है।

इस दौरान सभी जिला व प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों के द्वारा उचकागांव की विभिन्न पंचायतों के गांवों में जाकर सभी योजनाओं की एक-एक बिदु की जांच की गई। जांच के दौरान योजनाओं में अनियमितता के मामले उजागर हुए। पंचायतों में इस दौरान हड़कंप की स्थिति रही। डीएम द्वारा उचकागांव प्रखंड के उचकागांव पंचायत में विद्यालय, मनरेगा, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, थाना, सामाजिक सुरक्षा, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय, चरवाहा विद्यालय की जाँच की गयी। विद्यालय जांच के दौरान डीएम ने स्वयं बच्चों के साथ फर्श पर बैठकर मध्यान्ह भोजन किया। इसके बाद वे आठवी कक्षा में शिक्षक के रूप में नजर आए। उन्होंने एक एक विषय को बहुत अच्छे प्रकार से बच्चों को समझाया। बच्चे भी डीएम से पढ़ कर काफी खुश दिखाई दिए। उन्होंने विद्यालय के रूप रेखा एवं साफ सफाई को लेकर नाराजगी जताते हुए विद्यालय टीम को श्रम दान के माध्यम से साफ सफाई एवं बागवानी करने का निदेश दिया। साथ ही उक्त विद्यालय की बॉउंड्री से सम्बंधित भी आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। इस दौरान रसोई घर की भी जाँच की गयी। चरवाहा विद्यालय के बगल में ही स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय के आवासन, पानी की व्यवस्था, साफ सफाई, आपदा प्रबंधन हेतु इंतजाम, खाने पीने की व्यवस्था जैसे बुनियादी मुद्दों को लेकर क्रमवार निरीक्षण किया गया। जांच के क्रम में डीएम द्वारा प्रखंड के मथौली खास

**जांच**

- डीएम की जांच से उचकागांव में मचा हडकंप
- शिक्षक बनकर दी बच्चों को घंटो शिक्षा

वार्ड नम्बर-11 में मनरेगा के अंतर्गत अमृत सरोवर का निरीक्षण किया गया। इस दौरान कार्य संतोष जनक पाया गया एवं 15 अगस्त तक कार्य पूर्ण करने को लेकर सम्बन्धित एजेंसी द्वारा आश्वस्त किया गया। तत्पश्चात सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उचकागांव का निरीक्षण किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की व्यवस्था को देखकर डीएम काफी काफी खुश दिखे। इस दौरान ओपीडी, आपातकालीन कक्ष, दवा वितरण, गार्डनिंग इत्यादि का निरीक्षण किया गया। स्वास्थ्य केन्द्र के बाद उचकागांव थाना का निरीक्षण किया गया। इस दौरान नीलाम वारंट, भूमि विवाद, एफआईआर पंजी सहित अन्य अभिलेखों की जाँच की गयी। उन्होंने भू-विवाद से सम्बंधित सभी मामलों को त्वरित निष्पादन करने हेतु अंचलाधिकारी उचकागांव को निर्देशित किया। जांच के बाद डीएम के द्वारा प्रखंड कार्यालय में सभी प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों के साथ एक बैठक की गयी। बैठक में सभी विभागों के कार्यो की बिंदुवार समीक्षा की गयी एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। डीएम के निरीक्षण के दौरान ही उचकागांव प्रखंड के अलग अलग पंचायतो में अलग अलग पदाधिकारियों द्वारा विभिन्न योजनाओ की जांच की गयी।

### दीदी की पौधशाला से प्रखंड को हरा-भरा करने की तैयारी



**रामगढ़वा।** रामगढ़वा प्रखंड के सोलह पंचायतो के गांवों में अब हरियाली फैलाने की जिम्मेदारी जीविका ने उठाई है। जीविका की महिला सदस्य रामगढ़वा के आमोदेई में पौधशाला स्थापित कर इस अभियान को गति दे रही हैं। जीविका दीदी पौधशाला के माध्यम से एक तरफ आर्थिक रूप से खुद मजबूत हो रही हैं, वहीं पर्यावरण संरक्षण में भी अपनी भूमिका निभा रही हैं। जीविका की पौधशाला में तैयार पौधों की खरीदारी के लिए भी मनरेगा ने करार किया है। प्रखंड को दीदी की पौधशाला से हरा-भरा करने की तैयारी की गई है। गौरतलब हो कि सरकारी स्तर पर इन पौधों की खरीदारी होने से एक तरफ जीविका की महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त होंगी, वहीं अन्य महिलाओं को भी पौधशाला स्थापित करने के लिए प्रेरणा मिलेगा। जिला ग्रामीण विकास विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रखंड के सभी पंचायतो में दीदी की पौधशाला संचालित की जा रही है। वहीं वन विभाग द्वारा प्रखंड के दोनों सड़को के किनारे नर्सरी का लगाई गई है। मनरेगा पीओ अमृतेश कुमार ने बताया कि इस वर्ष मनरेगा से डेढ़ लाख पौधरोपण करने का लक्ष्य रखा गया है। वही पीओ अमृतेश कुमार ने इसको लेकर दीदी की बागवानी का अनुश्रवण भी किया।

# बीरगंज महानगरपालिका के सद्भावना दूत बने अशोक बैध

रक्सौल, प्रात : किरण संवाददाता



- मेयर राजेश मान सिंह ने किया नियुक्त

नेपाल के प्रमुख शहर वीरगंज महानगरपालिका के नव निर्वाचित मेयर राजेश मान सिह ने अशोक वैद्य को एक समारोह के बीच सद्भावना दूत नियुक्त किया। महानगरपालिका में एक कार्यक्रम के बीच उन्हें नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। अशोक बैध अभी नेपाल-भारत सहयोग मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष है। वे पूर्व में वीरगंज उद्योग वाणिज्य संघ के अध्यक्ष रह चुके है, उनके भागीरथी प्रयास से वीरगंज के सर्वांगीण विकास के लिए नेपाल के पांच पूर्व प्रधानमंत्रियों का वीरगंज में शिखर सम्मेलन आयोजित हुआ था। वे कई महत्वपूर्ण सामाजिक संस्थाओं के उच्च पदों पर रहकर सेवा कर रहे हैं।

महानगरपालिका द्वारा प्रदत्त पत्र में विगत में अशोक बैध द्वारा किया गया आर्थिक, सामाजिक एवं पूवाधार विकास कार्य का उच्च मूल्यांकन किया गया है। उस अवसर पर मेयर राजेश मान सिंह ने श्री बैध को अंगबस्त्र व पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया तथा कहा कि आने वालों दिनों में आपके सद्भावना दूत की भूमिका में आपसे फिर से बीरगंज महानगरपालिका बेहतर विकास, अंतर्राष्ट्रीय सहयोग, सम्बन्ध विस्तार एवं व्यवसाय में वृद्धि मे गुणात्मक सहयोग की अपेक्षा है। विगत मे बतौर सद्भावना दूत श्री अशोक वैद्य ने भारत, जापान एवं श्रीलंका के नेपाल स्थित राजदूतों का वीरगंज भ्रमण करा चुके है। वे मूम्बई और दिल्ली के महापौर से संवाद कर वीरगंज से बेहतर सम्बन्ध विस्तार के लिए विमर्श किया है। वे अब भारत और अन्य मुल्को के शहरों से वीरगंज का सम्बन्ध विस्तार पर केंद्रित रहेंगे।

इस अवसर पर नव नियुक्त वीरगंज महानगरपालिका के सद्भावना दूत श्री अशोक बैध ने कहा कि वीरगंज एक सम्भावना युक्त शहर है। इसके पास स्वयं का प्रचूर सामर्थ है। उन्होंने उद्योग-व्यापार, शिक्षा, स्वास्थ्य, पूवाधार विकास, पर्यटन, पर्यावरण, बहु आयामी सम्पदाओ के संरक्षण में विशेष सहयोग, अनुभव साझेदारी, प्रचार प्रसार करने का वचन बध्दता दुहराई।

### एग्रीमेंट के रुपये मांगने पर मारपीट

**बोचहां।** शर्फुद्दीनपुर निवासी इंद्रजीत कुमार चौधरी ने शर्फुद्दीनपुर के ही नीरज कुमार, अंबिका कुमारी एवं राम अखिलेश चौधरी पर पैसा मांगने या दुकान खाली करने की मांग पर मारपीट कर घायल देने का आरोप लगाते हुए थाने में आवेदन दिया है। पुलिस को दिए गए आवेदन में इंद्रजीत ने बताया है कि एग्रीमेंट पेपर पर करार के मुताबिक नीरज कुमार ने अपनी दुकान उनसे पांच लाख रुपये में बेची और कहा कि कुछ दिनों में वह दुकान खाली कर उसे सुपुर्द कर देगा। लेकिन बार-बार कहने पर टालमटोल करने लगा। मंगलवार को फिर जब उसने नीरज से दुकान खाली कर उपलब्ध कराने या फिर उसके एग्रीमेंट कर दिए गए पैसे लौटाने को कहा तो नीरज ने मामला खड़ा कर दिया फिर अपने घर वालों के साथ मिलकर उसकी पिटाई कर दी। थानाध्यक्ष अरविंद प्रसाद ने बताया कि एग्रीमेंट के मुताबिक मामला सही है। छानबीन कर प्राथमिकी दर्ज कर जांच की जाएगी और कार्रवाई की जाएगी।

# विधायक के पहल पर अब शीघ्र होगी नालों की उड़ाही

रक्सौल, प्रात : किरण संवादाता



- 05 बड़े नाला व 19 छोटे नालों की होगी उड़ाही

स्थानीय विधायक प्रमोद कुमार सिन्हा के पहल पर उपमुख्यमंत्री सह नगर विकास एवं आवास विभाग मंत्री के निर्देश पर रक्सौल में नाला उड़ाही की स्वीकृति मिल गई है। इसके बाद नगर परिषद द्वारा जल्द ही नगर परिषद के सभी वार्डो में सड़क किनारे बने नाला की उड़ाही की जायेगी।

दरअसल स्थानीय विधायक प्रमोद कुमार सिन्हा ने उपमुख्यमंत्री को एक पत्र लिखकर रक्सौल में 5 बड़े नालों और 19 छोटे नालों की उड़ाही करवाने की बात लिखी थी, अन्यथा की स्थिति में उड़ाही नही होने पर बरसात में शहर के डूबने का हवाला उन्होंने दिया था। जिसके आलोक में विभाग द्वारा इसकी स्वीकृति दे दी गयी है, जिसका पत्र भी नगर परिषद रक्सौल के कार्यपालक पदाधिकारी के पास पहुंच चुका है, जिससे बड़े पैमाने पर जल्द ही नाले की उड़ाही होने की संभावना है। गौरतलब है कि छोटे नालो के पानी का निकास कई वार्डो में नही है, जिस कारण नाला का पानी सड़क पर फैल जाता है। विधायक के इस पहल के बाद अगर जल्द से जल्द नालों की उड़ाही हो जाती है तो शहरवासियों को गंदगी से निजात मिल सकेगी।

### कांवरिया सेवा समिति ने की बैठक

**बोचहां।** प्रखंड क्षेत्र शर्फुद्दीनपुर कांवरिया सेवा समिति ने निःशुल्क कांवरिया सेवा शिविर लगाए जाने को लेकर एक महत्पूर्ण बैठक आयोजित किया। उस दौरान बैठक में विभिन्न जगहों के सभी समिति सदस्य द्वारा निर्णय लिया गया कि शर्फुद्दीनपुर कांवरिया सेवा समिति निःशुल्क कांवरिया शिविर 01 अगस्त 2022 को चिन्हित जगह पर लगाया जाएगा। सूरज चौधरी, गोपी चौधरी,मनोज कुमार, संजय राय, विकाश कुमार चौधरी, सहित अन्य ने बताया कि मुजफ्फरपुर जिले के तुर्की, बजार फ्लाईओवरभर के समीप मंदिर से थोड़ी दूर आगे जाने वाली सड़क किनारे निःशुल्क कांवरिया शिविर लगाया जाएगा। संचालन करता सूरज चौधरी, गोपी चौधरी, ने कहा कि कांवरियों के विश्राम के लिए पंडाल की व्यवस्था ,डाक बम के लिए समूचित व्यवस्था ,नींबू शर्बत, नींबू चाय, ठंडे जल की व्यवस्था, शुद्ध भोजन व शौचालय एंव स्नान की व्यवस्था फलाहारी बम के लिए फल की व्यव्स्था की जाएगी।

# पहली बारिश में खुली नगर परिषद क्षेत्र की पोल, सड़क बना स्विमिंग पूल

गुडिया ए . गुप्ता,रक्सौल



- 10 साल पहले की स्थिति जो थी आज भी वही

एक कहावत है कि हो तो भला और न हो तो भला। इसको चरितार्थ कर रहा है इंडो-नेपाल बॉर्डर का अंतर्राष्ट्रीय शहर रक्सौल। पहले जब रक्सौल के मुख्य सड़क टूट गई थी और नाला ढंग का नही था तो लोगों का आरोप था कि अगर सड़क निर्माण व नाला निर्माण हो जाए तो सब-कुछ ठीक हो जायेगा, कारण यह था कि सड़क पर बारिश में काफी जलजमाव हो जाता था और लोगों को परेशानियों से गुजरना पड़ता था।

अब सड़क निर्माण हो गया है तो ठेकेदार ने ऐसा निर्माण किया है कि नतीजा वही ढाक के तीन पात वाला। नाला का अभी पूर्ण निर्माण नहीं हो पाया है, जबकि डेड लाईन कबका बीत चुका है और जिस तरह से नाले का निर्माण हुआ है वह तो राम भरोसे है। अब ऐसे में जब पहली बारिश हुई तो शहर का पोल ही खुल गया और चारो तरफ स्विमिंग पूल का नजारा हो गया। चारों तरफ पानी का अंबार ही अंबार।

सड़क के सटे सभी दुकानों में पानी लबालब घुस गई। सब्जी बाजार का तो हाल सबको पता है। मेन रोड मानों सड़क नही नदी हो। अब ऐसे में दोषी किसे माना जाए। अब सड़क का निर्माण तो हो गया है, अब उसमें तो सुधार होगा नही, जब तक कि कुछ वर्षो बाद यह रोड टूट न जाए और इसका नया टेंडर निकल न जाए, खैर ये तो भविष्य है, जिसे छोड़िए और वर्तमान में यही है कि लगातार कुछ वर्षो तक सड़क पर ही जलजमाव का मजा लेते रहना होगा या यूं कहें कि नरकमय जिंदगी बितानी पड़ेगी।

उधर नए कार्यपालक पदाधिकारी मनीष कुमार ने गुरुवार से सभी वार्डों में निरीक्षण करना शुरू किया हैं, जहां उन्हें गंदगी का अंबार और भरे हुए नाले अवश्य देखने को मिलेंगे, अब ऐसे में उनकी क्या भूमिका होगी और वे क्या करेंगे, जिससे नगरवासियों को निजात मिल सके, अब बस इसी का इंतजार है।

# आर्थिक तंगी से जूझती हुई प्रयोगशाला सहायक की मौत

मुंगेर, प्रात : किरण संवादाता

गंभीर आर्थिक तंगी से जूझती हुई रुक्मिणी देवी टेकरीवाल महिला महाविद्यालय हवेली खड़कपुर में कार्यरत जीव विज्ञान के प्रयोगशाला सहायक राणा खातून आखिरकार मौत की नींद सो गई। उनके निधन की समाचार सुनकर महाविद्यालय परिवार में शोक की लहर दौड़ गई। प्रयोगशाला सहायक का निधन ह्रदय गति रुक जाने के कारण हो जाना बताया जा रहा है। परिवारिक सूत्रों के अनुसार प्रयोगशाला सहायक राणा खातून करीब 8 वर्षों से गंभीर बीमारी से ग्रसित थी उन्हें ह्रदयरोग हो गया था। बिहार सरकार द्वारा वितपोषी महिला महाविद्यालय प्रयोगशाला सहायक राणा खातून को इस गंभीर बीमारी में किसी तरह का आर्थिक मदद नहीं दिया गया और ना ही महिला महाविद्यालय के निजी फंड से ही उनको आर्थिक मदद दी गई। प्रयोगशाला सहायक का निधन ह्रदय गति रुक जाने के कारण हो गया। उनके असामयिक निधन पर रुक्मिणी देवी टेकरीवाल महिला महाविद्यालय हवेली खड़कपुर में शोक सभा का आयोजन कर दिवंगत आत्मा को भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य अजय कुमार ने किया प्राचार्य ने अपने संबोधन में कहा कि राणा खातून मिलनसार मृदुभाषी प्रयोगशाला सहायक का और समय निधन से यहां के महाविद्यालय कर्मी काफी दुःखी है। प्राचार्य ने आगे कहा कि प्रयोगशाला सहायक ने ईमानदारी पूर्वक अपने पद का निर्वहन कर महाविद्यालय के सेवा में लगी रही। आत्मा की शांति के लिए उपस्थित महाविद्यालय कर्मचारियों ने 2 मिनट के मौन रखा इस मौके पर अशोक केसरी, प्रेमेंन्द ठाकुर,अर्चना मिश्रा, कृष्ण कुमार चौरसिया, रामप्रवेश सिंह ,राहुल, इंद्रदेव मंडल, शोभा, विनोद मेहता, संजीव, सहित महाविद्यालय परिवार के सभी सदस्य मौजूद थे।

# बाघाखोह गांव के रात्रि विश्राम में डीएम ने जानी ग्रामीणों की समस्या

रोहतास ब्यूरो, अ ई अंजुम



**निर्देश**

- किया कई समस्या का निराकारण, अन्य कई कार्य एवं कारवाई हेतु संबंधित पदाधिकारी को दिया निर्देश

जिलाधिकारी रोहतास के नेतृत्व में जिले के तमाम आला अधिकारी सप्ताह में एक दिन किसी न किसी गांव में जाकर रात्रि विश्राम कर रहे हैं। इसी सिलसिले में जिलाधिकारी धर्मेंद्र कुमार की अगुवाई में अकोढी गोला के बाघाखोह पंचायत में रात्रि विश्राम सह अनुश्रवण समिति की बैठक आयोजित की गई।

इस दौरान जिलाधिकारी धमेंद्र ने गांव की गलियों में घूम घूम कर लोगों की समस्याएं जाना। वही तत्क्षण कार्रवाई भी किया। डीएम धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि पंचायत में कुल 14 वार्ड हैं, जिसके लिए जांच दल लगाए गए। जिनके द्वारा लगातार जांच के बाद रिपोर्ट दी जा रही है। उसके आधार पर कार्रवाई भी की जा रही है। उन्होंने बताया कि ज्यादातर आंगनवाड़ी, जन वितरण प्रणाली तथा नल जल योजना से संबंधित शिकायतें मिल रही है। जिसे दूर करने का प्रयास किया जा रहा है। वही कई योजनाओं को लेकर ग्रामीणों का सुझाव भी आया है, जिस पर अमल करने की कोशिश भी की जा रही है। खासकर निजी भवनों में चल रहे आंगनवाड़ी केंद्रों को जल्द से जल्द सरकारी भवनों में स्तांतरित करने के निर्देश दिए गए हैं। कई जगह गलियों के पक्कीकरण एवं जलजमाव की समस्या है, उसे भी दूर करने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र अब सरकारी भवन में ही संचालित किया जाएगा।

गौरतलब हो कि सरकार की योजनाओं को लाभुकों तक पहुंचने की जमीनी हकीकत तथा लोगों की शिकायतों को ऑन स्पॉट निपटारा करने के उद्देश्य से रोहतास के जिलाधिकारी धर्मेंद्र कुमार इन दिनों प्रखंड वार अनुश्रवण सह रात्रि विश्राम शिविर का सिलसिला चला रहे हैं, सवयं भी जा रहे हैं एवं कई पदाधिकारी को भी सक्रिय किए हुए हैं।

# विभिन्न मुद्दों को लेकर कांग्रेस का धरना आज

मुंगेर/ हवेली खड़कपुर, प्रात :किरण संवाददाता

- महंगाई बेरोजगारी भ्रष्टाचार और किसानों की समस्या

देश की जनता पर खाद्य पदार्थ केंद्रीय सरकार ने जीएसटी लगाकर देश की जनता को महंगाई की मार से जूझने को विवश कर दिया है वहीं किसानों को लाभ पहुंचाने के नाम पर ठगा जा रहा है महंगाई और किसानों के गंभीर समस्याओं को लेकर कांग्रेस पार्टी संसद से लेकर प्रखंड स्तर तक धरना प्रदर्शन और जन आंदोलन करेगी।

उपरोक्त बातें जमालपुर विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस विधायक डॉ अजय कुमार सिंह ने एक भेंटवार्ता में कही है सिंह ने आगे कहा कि 22 जुलाई 2022 को मुंगेर किला परिसर में कांग्रेस पार्टी महंगाई बेरोजगारी भ्रष्टाचार और किसानों की समस्याओं को लेकर धरना का आयोजन करेगी डॉ सिंह ने कहा कि किसानों को क्रेडिट कार्ड बैंक द्वारा दिया गया लेकिन उस क्रेडिट कार्ड से रुपए का निकासी नहीं होती है और ना ही रुपए का ट्रांसफर होता है। बैंकों ने सरकार को रिपोर्ट भेजकर कहा है कि किसानों को क्रेडिट कार्ड दे दिया गया है बैंकों का कोटा पूरा हो गया है। लेकिन किसानों की समस्या जस की तस है।

बैंकों ने किसान क्रेडिट कार्ड देकर किसानों को ठगी का शिकार बनाया है। डॉ सिंह ने कहा कि सरकार अगर किसानों के कार्ड मामले को जानना चाहती है तो इसकी उच्चस्त्रीय जांच कराएं तो बैंक का इस सच्चाई का पता चल जाएगा और बैंकों की सच्चाई की पोल खुल जाएगी। डॉ सिंह ने कहा कि जनता की समस्याओं को लेकर कांग्रेस पार्टी जन आंदोलन करेगी।

### मृतक का शव पहुंचते ही गांव में छाया मातम



**पालीगंज।** खिरिमोड थाना क्षेत्र के गौसगंज गांव में गुरुवार की दोपहर मृतक का शव पहुंचते ही मातम छा गया। जानकारी के अनुसार खिरिमोड थाना क्षेत्र के गौसगंज गांव निवासी लालमोहन यादव के 32 वर्षीय पुत्र उपेंद्र यादव ट्रक चलाता था। जिसकी मौत बीते सोमवार को गुजरात के झगड़िया थाना के जीआईडीसी नामक स्थान पर सड़क हादसे में हो गया। जिसका शव गुरुवार को जैसे ही मृतक के पैतृक गांव गौसगंज पहुंचा वैसे ही गांव में मातम छा गया। शव की अंतिम दर्शन को लेकर मृतक के दरवाजे पर भीड़ उमड़ पड़ी। वही परिजनों का हाल रो रोकर बुरा हो गया। उसके बाद शव को अंतिम विदाई देते हुए समदा गांव स्थित पुनपुन नदी घाट पर ले जाकर दाह संस्कार किया। बता दूं कि मृतक के परिवार में पत्नी के अलावे तीन पुत्री व एक पुत्र है। सभी बच्चे नाबालिक है।

# टीटीई से उलझा फर्जी सीबीआई पुलिस ने पकड़ा तो खुली पोल

सुगौली, प्रात : किरण संवाददाता



सूबे में अजब-गजब लीला नजर आ रहा है। फर्जी अधिकारियों की लगता है यहां भरमार पड़ी है। जहां पटना में एक नकली डीएसपी रिक्शा चालक से झगड़ा करता पकड़ा तो यहां पूर्वी चंपारण के सगौली में एक फर्जी सीबीआई टीटीई से लफड़ा करते पकड़ा गया।

जानकारी के अनुसार खड़ी गाड़ी संख्या 13022 मिथिला एक्सप्रेस का कोच नंबर र4 में एक व्यक्ति के द्वारा अपने आप को सीबीआई बताकर टीटीई से झगड़ा करने के उपरांत पुलिस के साथ भी मारपीट करने के लगा और लोगो पर भी सीबीआई का धौंस दिखा रहा था। इसी उपरांत सुगौली स्टेशन में कार्यरत टीटीई ने टिकट मांग की तो नकली सीबीआई की धौंस चढ़ गई और टीटीई आई से ही बदतमीजी पर उतारू हो गया और सीबीआई का धौंस दिखाना मंहगा पड़ गया। मौके पर मौजूद जीआरपी पुलिस सारे माजरे को देख युवक उसकी सीबीआई होने का प्रमाण मांगा, जिससे वह भागने के फिराक में था। तभी जीआरपी के जवानों ने धर दबोचा। नकली सीबीआई बन कर घूमने वाले का पहचान शत्रुघन कुमार उम्र 36 वर्ष पिता रामविलास साह, दिमना रोड क्रॉस रोड नंबर 4 आदर्श नगर पूर्वी सिंहभूम जमशेदपुर झारखंड वर्तमान पता विषरैया वार्ड नंबर 2 थाना ढाका जिला मोतिहारी के रूप में हुई।

उसके विरूद्ध रेल थाना सगौली कांड संख्या 40/ 22 दिनांक 20ड्ड07ड्ड22 धारा 341/ 323/ 419 /420 /353 /506 भा0द0वि0 के अंतर्गत कांड दर्ज कर ली गई है। वही रेल थानाध्यक्ष विवेकानंद ने बताया कि नकली सीबीआई बन कर घूम रहे युवक टीटीई के मारपीट किया है, जिसको लेकर गिरफ्तार किया गया है। प्राथमिकी दर्ज कर जेल भेज दिया गया है।

### वार्ड सदस्यों ने लगाया कार्यपालक सहायक पर रिश्वत मांगने का आरोप

**रामगढ़वा।** रामगढ़वा प्रखंड के आमोदेई पंचायत के चौदह वार्ड सदस्यों ने उप मुखिया के नेतृत्व में वरीय अधिकारियों के पास शिकायत पत्र भेज कर वार्ड सदस्यों के भत्ता व सभी वार्ड में नलजल के अनुरक्षण में आये पैसा डालने के एवज में प्रति वार्ड दो हजार रुपये रिश्वत मांगने का आरोप लगाया है। आमोदेई पंचायत के उप मुखिया मोहम्मद रूहुल्लाह उर्फ बच्चा बाबू, अंजर खान,असद गालिब, प्रमोद साह, रमाशंकर कुशवाहा,जेयउल इमाम,लालबाबू कुमार आदि ने शिकायत पत्र में बताया है कि नलजल के मेन्टेनेन्स के लिए आये 12 हजार रुपये व वार्ड सदस्यों के भत्ते के रूप में आये 12 हजार रुपये रिश्वत नही देने के कारण पैसा नही भेज रही है। वही इस बाबत कार्यपालक सहायक रमा कुमारी ने दूरभाष पर बतायी की आरोप गलत है।

# सुबह 8:40 से शाम 4:30 तक कक्षा 6 से 12 के कोचिंग का नहीं होगा संचालन : जिलाधिकारी

रोहतास ,प्रात :किरण संवाददाता



प्रतिबंधित अवधि के बीच कोचिंग सेंटर में शैक्षणिक कार्य होते पाया गया तो होगी कार्रवाई। कोचिंग संचालकों की मनमानी पर जिलाधिकारी धर्मेंद्र कुमार ने नकेल कसना शुरू कर दिया है। जिलाधिकारी ने सुबह 8:40 से शाम 4:30 बजे तक जिले भर में कोचिंग संचालन पर रोक लगाई है। कक्षा 6 से 12 तक के पढ़ने वाले बच्चों के लिए यह आदेश जारी किया गया है।

जिलाधिकारी ने कहा कि स्कूल-कॉलेजों के समय पर ही कोचिंग का संचालन किया जाता है जिससे क्लास रूम में बच्चों की उपस्थिति कम रहती है। इसलिए सुबह 8 बजकर 40 मिनट से शाम साढ़े चार बजे तक क्लास 6 से प्लस टू तक के कोचिंग संचालन पर रोक लगा दी गई है। उक्त अवधि के दौरान अगर किसी कोचिंग सेंटर में शैक्षणिक कार्य होते पाया गया तो संबंधित संस्थानों पर विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि शिक्षा विभाग से कोचिंग संस्थानों की सूची मांगी गई है। बिना रजिस्ट्रेशन के कोचिंग अब नहीं चलेंगे। अब देखना है शिक्षा विभाग के आदेश का कोचिंग संचालक पालन करते हैं या नहीं। जिलाधिकारी ने जिले में सरकारी स्कूल-कॉलेजों में छात्रों की कम हो रही उपस्थिति की वजह जानने का प्रयास किया तो यह बात सामने आई कि कोचिंग संचालकों की वजह से ही छात्र स्कूल नहीं आ पाते हैं। इसके लिए जिले में एक टीम बनाकर कमियों को पता करने व छात्रों को विद्यालय से जोड़ने की दिशा में किए जा रहे प्रयासों की मॉनिटरिंग भी की गई। गठित टीम ने भी कहा था कि कोचिंग संस्थान के कारण स्कूली छात्र विद्यालय नहीं आ पाते हैं कारण कि स्कूल के समय में ही कोचिंग का संचालन होता है। जिसके बाद जिलाधिकारी ने निर्णय लिया है कि स्कूल के समय में कोचिंग संस्थान नहीं चलेंगे। अगर कोई संचालक स्कूल समय में कोचिंग चलाते हैं तो उनपर कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं जिला कार्यक्रम पदाधिकारी को निगरानी की जबावदेही दी गई है। कोई नियम-कानून नहीं, जैसी मर्जी वैसी हो रही पढ़ाई : जिले में कोचिंग संस्थानों की अपनी मनमानी है। वे जब चाहते हैं जैसे चाहते हैं कोचिंग संचालित करते हैं और किसी से यह भी छिपा हुआ नहीं है कि एक बैच में कितने बच्चे होते हैं। अभी तो शहर में कई ऐसे कोचिंग संस्थान चला रहे हैं जो बच्चों की पढ़ाई कम ,मार्केटिंग व अपने कोचिंग संस्थान के प्रचार-प्रसार के लिए ही ज्यादा ध्यान दिला रहे हैं। इसके अलावा कई संस्थान ऐसा भी है जिसमें छात्रों की संख्या एक बैच में 200-300 है। एक बेंच पर 6 से 7 छात्रों को बैठाया जाता है। कमरे में पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था भी नहीं रहती है। शायद हीं किसी कोचिंग में शौचालय एवं पेयजल का भी उचित प्रबंध होगा।

सम्पादकीय

# फौज की कौन जात?

सर्वोच्च अदालत ने अग्निपथ से जुड़े तमाम कानूनी विवादों को दिल्ली उच्च न्यायालय को सौंप दिया है। अब देश में कोई भी अन्य अदालत अग्निपथ के मामलों की सुनवाई नहीं कर सकती। आखिरी फैसले तक पहुंचने से पहले सर्वोच्च अदालत दिल्ली हाईकोर्ट का अभिमत जानना चाहती है, लेकिन हमारी सियासी जमात में राजद, आम आदमी पार्टी (आप) और कांग्रेस ने अग्निपथ भर्ती योजना को जातिवाद से जोड़ दिया है। शिक्षा और बौद्धिक विवेक के स्तर पर अधकचरी राजनीति ने सवाल करने शुरू किए हैं कि जब सेना में आरक्षण की व्यवस्था ही नहीं है, तो भर्ती के आवेदकों से जाति प्रमाण-पत्र क्यों मांगे जा रहे हैं? राजद नेता तेजस्वी यादव ने तो यहां तक खोखले आरोप लगाए हैं कि चार साल के कार्यकाल के बाद जिन 25 फीसदी अग्निवीरों को पात्रता और योग्यता के आधार पर चुना जाएगा, संघ और भाजपा जाति-धर्म देखकर सैनिकों की छंटनी कर सकें, लिहाजा जाति प्रमाण-पत्र लिए जा रहे हैं। सेना में जाति, धर्म, भाषा, क्षेत्र, नस्ल आदि के आधार पर कोई भेदभाव नहीं किया जाता। सभी जवान एक साथ रहते हैं, एक साथ देश के लिए लड़ते हैं और एक साथ ही, एक ही प्रकार का खाना खाते हैं, यह निष्कर्ष हमारा नहीं, बल्कि उन जनरलों का है, जिन्होंने सेना में दशकों खपाए, युद्धों और ऑपरेशनों का नेतृत्व किया और असंख्य युवाओं की भर्तियां भी करते रहे। सेना किसी आम राजनेता या उसके अनाप-शनाप बयानों के लिए नहीं है। सेना भारतीय मातृभूमि की है। फौजी की कौन जात हो सकती है? खुद सेना ने स्पष्ट किया है कि भर्ती के लिए चयन-प्रक्रिया में जाति-धर्म की कोई भूमिका नहीं है। अलबत्ता यह ऑपरेटिव पार्ट है। यानी प्रशासनिक कार्यों के मद्देनजर सैनिक की जाति और उसके धर्म की जानकारी ली जाती है। मसलन-कोई सैनिक युद्ध या किसी ऑपरेशन के दौरान शहीद हो जाता है, तो उसके अंतिम संस्कार के संदर्भ में यह जानकारी अनिवार्य है।

सैनिक को किस रेजिमेंट में भेजना है, यह भी तय करना होता है, लेकिन जाति महत्वपूर्ण नहीं है। यदि सैनिक सिख, जाट, गोरखा, डोगरा आदि है, तो इन समुदायों में भी कई जातियां होती हैं, लेकिन रेजिमेंट समुदाय के आधार पर ही तय कर दिया जाता है। सेना ने इसी संदर्भ में एक हलफनामा सर्वोच्च अदालत में भी दाखिल कर रखा है। राजनीतिक दल तो सेना में विभिन्न रेजिमेंट्स को भी जातिवाद, क्षेत्रवाद से जोड़ कर आंकते हैं, जबकि रेजिमेंट्स सेना की रणनीति का हिस्सा रहे हैं। सैनिकों को उसी तरह का प्रशिक्षण भी दिया जाता है। अंग्रेजों ने सबसे पहले मद्रास रेजिमेंट का गठन 1758 में किया। सिख रेजिमेंट का 1944 में गठन भी ब्रिटिश हुकूमत के दौरान किया गया। अंग्रेजों का भारत में जातिवाद से क्या सरोकार था? आज देश में पंजाब, सिख, डोगरा, जाट, राजपूताना, गोरखा, मराठा, गढ़वाल, महार, नागा आदि कई रेजिमेंट्स हैं। क्या वे जातियों के आधार पर ही बनाए गए हैं? जनरल शंकर प्रसाद का कहना है कि आजादी से पहले भी जाति के बारे में पूछा जाता था, 2019 के भर्ती फॉर्म में भी जाति का कॉलम था और अग्निपथ में भी है। इसे लेकर भ्रम फैलाना या अफवाहें तैयार करना अपराध है।

सेना ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य, दलित, ओबीसी, आदिवासी के आधार पर भर्तियां नहीं करती। समुदाय, क्षेत्र, भाषा या राज्य आदि महत्त्वपूर्ण हैं, क्योंकि उन्हीं के आधार पर रेजिमेंट मिलते हैं। अग्निपथ अखिल भारतीय स्तर की भर्ती योजना है। उसमें देश के किसी भी इलाके से कोई भी पात्र युवा भर्ती हो सकता है, लेकिन राजद, आप और कांग्रेस के ट्वीट विभाजित मानसिकता को दर्शाते हैं। ये दल संसद में बहस की मांग कर सकते हैं, क्योंकि यह उनका संवैधानिक अधिकार है, लेकिन खासकर नौजवानों को गुमराह करना अपराध है। एक नीति, एक योजना, चार साल की भर्ती आदि को लेकर विपक्ष सरकार को कटघरे में खड़ा कर सकता है, लेकिन जाति के कॉलम पर फिजूल सवाल मत करें। इससे सेना का ही नुकसान होगा। सेना की एक ही मूल जाति है-भारत या हिंदुस्तान। विपक्ष के नेता कुछ अध्ययन भी कर लिया करें। ऐसा नहीं होना चाहिए कि किसी ने कोई भी मुद्दा बता दिया और विपक्ष ने हंगामा शुरू कर दिया। यह नगरपालिका नहीं, भारत की सर्वोच्च संसद है, विपक्ष भी उसकी गरिमा का हिस्सा है। भारतीय सेना में प्रविष्ट करने वाला हर नौजवान हिंदुस्तानी है तथा सभी जवानों की यही पहचान है। हर जवान जब दुश्मन से टकराता है तो भी उसकी यही पहचान होती है।

# बाकी बचा प्रधान

पीके खुराना

हमारे शब्दकोश में एक शब्द है मंत्रणा, जिसका अर्थ है सलाह देना। मंत्रणा से बना है मंत्री, यानी सलाहकार, और मंत्रियों का मुखिया प्रधानमंत्री, यानी मुख्य सलाहकार। हमारे पहले प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू एक शक्तिशाली प्रधानमंत्री थे और वे कभी किसी राष्ट्रपति से दबते नहीं थे और वे कभी किसी राष्ट्रपति के लिए सिर्फ सलाहकार की भूमिका में नहीं रहे बल्कि ब्रिटिश प्रधानमंत्री की तर्ज पर सर्वशक्तिमान ही रहे। बाद में जब इंदिरा गांधी प्रधानमंत्री बनीं तो सिंडिकेट के नाम से प्रसिद्ध तत्कालीन वरिष्ठ कांग्रेसजनों का अहंकार तोड़ने के लिए उन्होंने राष्ट्रपति पद के लिए कांग्रेस पार्टी के अधिकृत उम्मीदवार के मुकाबले में अपना अलग उम्मीदवार खड़ा किया और अपने ही दल के अधिकृत उम्मीदवार को हरवा दिया। उसके बाद जब तक वे प्रधानमंत्री रहीं, राष्ट्रपति के पद के लिए उम्मीदवार का चुनाव उनका विशेषाधिकार हो गया और उन्होंने अपने निष्ठावान मंत्रियों अथवा कांग्रेस के जूनियर पदाधिकारियों को राष्ट्रपति बनवाना आरंभ कर दिया। इससे राष्ट्रपति के अधिकार ही कम नहीं हुए, राष्ट्रपति पद की प्रतिष्ठा भी कम हुई।

इंदिरा गांधी ने स्वयं को देश की अग्रणी सेविका कहा, लेकिन उन्हीं इंदिरा गांधी ने तत्कालीन कांग्रेस अध्यक्ष देवकांत बरुआ के कथन इंदिरा इज इंडिया, इंडिया इज इंदिरा को खुशी से स्वीकार किया और खुद ही खुद को भारतरत्न से सम्मानित भी करवाया। सन 1975 में जब न्यायमूर्ति जगमोहन सिन्हा ने उनके चुनाव को अवैध घोषित कर दिया तो अपनी कुर्सी बचाने के लिए उन्होंने देश पर आपातकाल थोप दिया। उस समय देश पर ऐसा कोई खतरा नहीं था कि आपातकाल लागू किया जाता, तो भी आपातकाल लागू हो गया। ऐसा इसलिए संभव हो सका क्योंकि उनके मंत्रिमंडल में मंत्री रह चुके उनके निष्ठावान फखरुद्दीन अली अहमद ने आपातकाल लागू करने के प्रस्ताव पर हस्ताक्षर कर दिए। इसके बाद इंदिरा गांधी ने संविधान में कई अवांछित संशोधन करके राष्ट्रपति को पूरी तरह से रबड़ की मोहर बना डाला, संसद में कोरम की आवश्यकता को खत्म कर दिया, लोकसभा और विधानसभाओं का कार्यकाल 5 साल से बढ़ाकर 6 साल कर दिया, निर्देशक सिद्धांत अस्तित्व में आए और उन्हें मौलिक अधिकारों के मुकाबले वरीयता दे दी गई और कुछ विशेष परिस्थितियों में सरकार को मौलिक अधिकार भी स्थगित करने की छूट मिल गई। सर्वोच्च न्यायालय से राज्य विधानसभाओं द्वारा पारित बिलों की सुनवाई का अधिकार छिन गया और उच्च न्यायालयों से संसद द्वारा पारित बिलों की सुनवाई का अधिकार वापस ले लिया गया, सर्वोच्च न्यायालय से चुनाव संबंधी याचिकाओं की सुनवाई का अधिकार भी छिन गया। जो संविधान खुद को ही नहीं बचा पाया, वह देश को क्या बचाएगा? इसके बाद राजीव गांधी ने दलबदल विरोधी कानून के रूप में प्रसिद्ध बावनवां संविधान संशोधन लागू करके राजनीतिक दलों के मुखिया को अपने दल के अंदर सर्वशक्तिमान बना डाला जिसने पार्टी सुप्रीमो की अवधारणा को जन्म दिया। राजनीतिक दलों द्वारा ह्विप जारी करने का अधिकार देकर राष्ट्रपति की ही तरह तमाम सांसदों और विधायकों को भी रबड़ की मोहर बना डाला। राजनीतिक दलों के कार्यकताओं के लिए पार्टी आलाकमान के निर्देश मानना अनिवार्य हो गया। पार्टी का अध्यक्ष सर्वेसर्वा हो गया। एक व्यक्ति या एक परिवार पार्टी का आलाकमान बन गया और उनके आदेश मानना पार्टी के कार्यकताओं की ही नहीं, बल्कि वरिष्ठतम नेताओं तक की विवशता हो गई। इस एक व्यवस्था के कारण पार्टी अध्यक्ष के अलावा हर दूसरा व्यक्ति अध्यक्ष का गुलाम हो गया। प्रधानमंत्री यदि शक्तिशाली हो और खुद ही पार्टी का अध्यक्ष भी हो तो वह सर्वशक्तिमान हो जाता है, लेकिन यदि पार्टी का अध्यक्ष कोई और हो पर वह ऐसा व्यक्ति हो जिसे प्रधानमंत्री ने चुना हो, और वह प्रधानमंत्री के सामने बहुत बौना हो तो भी परोक्ष रूप से प्रधानमंत्री ही पार्टी अध्यक्ष की शक्तियों का उपभोग करता है। बात यहीं खत्म नहीं होती। तीनों सेनाओं के सेनापतियों की नियुक्ति, सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश की नियुक्ति, चुनाव आयुक्तों और मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति का अधिकार प्रधानमंत्री के पास है। इनकी रिटायरमेंट के बाद इन्हें लाभ का कोई अन्य पद देना प्रधानमंत्री के हाथ में है।

# देश में पुलिस सेवा को बेहतर बनाया जाए

भारत में पुलिस व्यवस्था और सुधार पर लगभग 30 साल से बहस चल रही है। वर्तमान भारतीय पुलिस प्रणाली काफी हद तक 1861 के पुलिस अधिनियम पर आधारित है। पुलिस सुधार लगभग आजादी के बाद से ही सरकार के एजेंडे में है, लेकिन 70 से अधिक वर्षों के बाद भी, पुलिस को चुनिंदा रूप से कुशल, वंचितों के प्रति सहानुभूति के रूप में देखा जाता है। हमारे देश में पुलिस सेवा का बड़ा महत्व है. पिछले 75 सालों में ये प्रयास रहा है कि देश में पुलिस सेवा को बेहतर बनाया जाए. इस ट्रेनिंग से जुड़े इंफ्रास्ट्रक्चर में भी पिछले कुछ सालों में सुधार किये गए हैं. आज देश में जिस तरह की आंतरिक और बाहरी चुनौतियों है, पुलिस की जिम्मेदारी, उनकी भूमिका और उसके कार्य के महत्व और ज्यादा बढ़ जाता है. संविधान के अनुसार पुलिस राज्य सूची का विषय है, इसलिये भारत के प्रत्येक राज्य के पास अपना एक पुलिस बल है।





प्रियंका सौरभ
लेखिका स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं

पुलिस बलों की प्राथमिक भूमिका कानूनों को बनाए रखना और लागू करना, अपराधों की जांच करना और देश में लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। संविधान के तहत, पुलिस राज्यों द्वारा शासित विषय है। भारत में पुलिस व्यवस्था और सुधार पर लगभग 30 साल से बहस चल रही है। वर्तमान भारतीय पुलिस प्रणाली काफी हद तक 1861 के पुलिस अधिनियम पर आधारित है। पुलिस सुधार लगभग आजादी के बाद से ही सरकार के एजेंडे में है, लेकिन 70 से अधिक वर्षों के बाद भी, पुलिस को चुनिंदा रूप से कुशल, वंचितों के प्रति सहानुभूति के रूप में देखा जाता है।

हमारे देश में पुलिस सेवा का बड़ा महत्व है. पिछले 75 सालों में ये प्रयास रहा है कि देश में पुलिस सेवा को बेहतर बनाया जाए. इस ट्रेनिंग से जुड़े इंफ्रास्ट्रक्चर में भी पिछले कुछ सालों में सुधार किये गए हैं. आज देश में जिस तरह की आंतरिक और बाहरी चुनौतियों है, पुलिस की जिम्मेदारी, उनकी भूमिका और उसके कार्य के महत्व और ज्यादा बढ़ जाता है. संविधान के अनुसार पुलिस राज्य सूची का विषय है, इसलिये भारत के प्रत्येक राज्य के पास अपना एक पुलिस बल है.राज्यों की सहायता के लिये केंद्र को भी पुलिस बलों के रखरखाव की अनुमति दी गई है ताकि कानून और व्यवस्था की स्थिति सुनिश्चित की जा सके। किसी भी लोकतांत्रिक देश में पुलिस बल की शक्ति का आधार जनता का उसमें विश्वास है और यदि यह नहीं है तो समाज के लिये घातक है। पुलिस में संस्थागत सुधार ही वह कुंजी है, जिससे कानून व्यवस्था को पटरी पर लाया जा सकता है, आज देश को पुलिस व्यवस्था में बदलाव की आवश्यकता, सुधार, विभिन्न आयोग और समितियों की सिफारिशें, पुलिस सुधार में न्यायालयों की भूमिका और नागरिकों को प्राप्त अधिकारों पर खुलकर चर्चा की जरूरत है गृह मंत्रालय के पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो की हाल ही में एक रिपोर्ट सामने आई है। इस रिपोर्ट में देश की पुलिसिंग व्यवस्था को लेकर कई चौंकाने वाले पहलु सामने आए हैं। मसलन देश में पुलिसिंग पर प्रति व्यक्ति खर्च पिछले दस सालों में दोगुना हो गया लेकिन लेकिन पुलिस फोर्स में पांच लाख से अधिक पद खाली पड़े हैं। इस रिपोर्ट के अनुसार देश के हर तीसरे थाने में कोई सीसीटीवी कैमरा नहीं है। देश में 841 लोगों पर महज एक पुलिसकर्मी है। देश की आधी आबादी महिलाएं हैं, लेकिन पुलिस में उनकी भागीदारी सिर्फ साढ़े दस फीसदी है। देश के 41 प्रतिशत पुलिस थाने ऐसे हैं, जहां एक भी महिला पुलिसकर्मी तैनात नहीं है। यह तस्वीर है देश के पुलिस बल की। यह हाल तब है जब देश में आंतरिक स्तर पर कई चुनौतियां है। कानून व्यवस्था राज्यों का मसला है लेकिन सवाल लोगों की सुरक्षा का इसलिए पुलिस सेवा सुधार सभी सरकारों की जिम्मेवारी बनती है।

पिछले दशक की तुलना में प्रति लाख जनसंख्या पर अपराध में 28% की वृद्धि हुई है। हालांकि, सजा कम रही है। तो यह जांच की खराब गुणवत्ता को दर्शाता है। विधि आयोग और द्वितीय प्रशासनिक सुधार आयोग ने नोट किया है कि राज्य के पुलिस अधिकारी अक्सर जांच की उपेक्षा करते हैं क्योंकि उनके पास विभिन्न प्रकार के कार्यों की कमी और अत्यधिक भार होता है। इसके अलावा, उनके पास पेशेवर जांच करने के लिए आवश्यक प्रशिक्षण और विशेषज्ञता का अभाव है। उनके पास अपर्याप्त कानूनी ज्ञान भी है और उनके लिए उपलब्ध फोरेंसिक और साइबर बुनियादी ढांचा अपर्याप्त और पुराना दोनों है। मजबूरन, पुलिस बल सबूत हासिल करने के लिए बल प्रयोग और यातनाएं दे सकते हैं।

अपराध जांच राजनीतिक या अन्य बाहरी विचारों से प्रभावित हो सकती है; जैसे फोरेंसिक लैब की समस्या के बारे विशेषज्ञ निकायों ने कहा है कि इन प्रयोगशालाओं में धन और योग्य कर्मचारियों की कमी है। इसके अलावा, इन प्रयोगशालाओं में मामलों का अंधाधुंध संदर्भ दिया जाता है जिसके परिणामस्वरूप उच्च लंबितता होती है। केंद्र और राज्यों के बीच समन्वय की कमी कानून और व्यवस्था के रखरखाव से संबंधित मामला है, जिसके परिणामस्वरूप पुलिस बल का अप्रभावी कामकाज होता है। पुलिस बल संरचनात्मक कमजोरियों के कारण साइबर अपराध, वैश्विक आतंकवाद, नक्सलवाद की वर्तमान समस्याओं से निपटने की स्थिति में नहीं है। पुलिस बल पर विशेष रूप से निचले स्तरों पर अधिक बोझ होता है, जहां कांस्टेबल को लगातार 14-16 घंटे और सप्ताह में 7 दिन काम करने के लिए मजबूर किया जाता है। यह उनके प्रदर्शन पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है। जबकि 2016 में स्वीकृत पुलिस संख्या प्रति लाख व्यक्ति पर 181 पुलिस थी, जब संयुक्त राष्ट्र ने सिफारिश की थी कि मानक प्रति लाख व्यक्ति 222 पुलिस है। राज्य की 86 फीसदी पुलिस में सिपाही शामिल हैं। कांस्टेबलों को आमतौर पर उनकी सेवा के दौरान एक बार पदोन्नत किया जाता है। यह अच्छा प्रदर्शन करने के लिए उनके प्रोत्साहन को कमजोर कर सकता है। पुलिस सुधारों में शामिल किए जाने वाले सबसे महत्वपूर्ण बिंदुओं में से एक यह है कि पुलिस को स्थानीय स्तर के राजनीतिक दबाव से मुक्त होना है। क्योंकि स्थानीय स्तर पर कई मामले सार्वजनिक जीवन में होते हैं और पीड़ितों को उनका कानूनी न्याय नहीं मिलता है। हमें पुलिस को भारत के संविधान की संयुक्त सूची में लाने की जरूरत है। भारत की आंतरिक सुरक्षा गहरी चिंता का विषय है। सीआरपीसी, आईपीसी और भारतीय साक्ष्य अधिनियम में संशोधन के साथ पुलिस सुधारों में ज्यादा समय नहीं लगना चाहिए। पुलिस रेगुलेशन -1861 को भी बदलने कि बात होनी चाहिए क्योंकि यह कानून भारतीयों के शोषण के लिए बनाया था अंग्रेजों ने अपनी जरूरत के अनुसार इसे बनाया था, यह कानून 161 वर्ष पुराना हो गया है. जबकि वेतनमान और पदोन्नति में सुधार पुलिस सुधार के आवश्यक पहलू हैं, मनोवैज्ञानिक स्तर पर आवश्यक सुधारों के बारे में बहुत कम बात की गई है। भारतीय पुलिस बल में, निचले रैंक के पुलिस कर्मियों को अक्सर उनके वरिष्ठों द्वारा मौखिक रूप से दुर्व्यवहार किया जाता है या वे मानवीय परिस्थितियों में काम करते हैं। यह गैर-सामंजस्यपूर्ण कार्य वातावरण अंततः जनता के साथ उनके संबंधों को प्रभावित करता है।

# युवा पीढ़ी की नैतिकता और सोशल मीडिया का उपयोग

वे एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में भिन्न होते हैं। नैतिक दृष्टिकोण के गुणों में विश्वास, श्रद्धा, अच्छाई, सत्यता आदि शामिल हैं। नैतिक दृष्टिकोण का सकारात्मक निहितार्थ यह है कि ये दृष्टिकोण मजबूत भावनाओं के साथ जुड़े हुए हैं। इसलिए, सामाजिक बहिष्कार के डर के कारण सामान्य समाजों के बीच गलत व्यवहार को रोकता है। जैसे- बाल शोषण, अनाचार। सोशल मीडिया संचार, समुदाय-आधारित इनपुट, बातचीत, सामग्री-साझाकरण और सहयोग पर ध्यान केंद्रित करता है। लोग इसका उपयोग संपर्क में रहने और दोस्तों, परिवार और विभिन्न समुदायों के साथ बातचीत करने के लिए करते हैं। दुनिया की 58 .4% आबादी सोशल मीडिया का इस्तेमाल करती है। औसत दैनिक उपयोग 2 घंटे 27 मिनट है। सोशल मीडिया हमारे आधुनिक समाज के संचार और आत्म-अभिव्यक्ति के क्षेत्र में एक जरूरत बन गया है।





सत्यवान सौरभ
लेखक कालेज के प्रिंसीपल है

नैतिक दृष्टिकोण वे दृष्टिकोण हैं जो हमारे नैतिक विश्वासों पर आधारित होते हैं और हमारे सही या गलत की अवधारणा को व्यक्त कर सकते हैं। वे नैतिक सिद्धांतों से अधिक मजबूत हैं। चूंकि नैतिक मानक सभी के लिए समान नहीं होते हैं, वे एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में भिन्न होते हैं। नैतिक दृष्टिकोण के गुणों में विश्वास, श्रद्धा, अच्छाई, सत्यता आदि शामिल हैं। नैतिक दृष्टिकोण का सकारात्मक निहितार्थ यह है कि ये दृष्टिकोण मजबूत भावनाओं के साथ जुड़े हुए हैं। इसलिए, सामाजिक बहिष्कार के डर के कारण सामान्य समाजों के बीच गलत व्यवहार को रोकता है। जैसे- बाल शोषण, अनाचार। सोशल मीडिया संचार, समुदाय-आधारित इनपुट, बातचीत, सामग्री-साझाकरण और सहयोग पर ध्यान केंद्रित करता है। लोग इसका उपयोग संपर्क में रहने और दोस्तों, परिवार और विभिन्न समुदायों के साथ बातचीत करने के लिए करते हैं। दुनिया की 58.4% आबादी सोशल मीडिया का इस्तेमाल करती है। औसत दैनिक उपयोग 2 घंटे 27 मिनट है। सोशल मीडिया हमारे आधुनिक समाज के संचार और आत्म-अभिव्यक्ति के क्षेत्र में एक जरूरत बन गया है, लेकिन यह सभी प्रकार की चौंकाने वाली सामग्री के लिए एक प्रमुख केंद्र भी है - जिसमें पोर्न और कभी-कभी, बाल शोषण भी शामिल है। सोशल मीडिया पर ऐसा क्यों है? ऐसा लगता है कि किसी भी साइट ने पूरी तरह से पर्याप्त मॉडरेशन टीम विकसित नहीं की है।

हमारे दिलो दिमाग पर घर करती सोशल नेटवर्किंग साइट्स ने लोगों को वास्तविक जीवन को भूलाकर आभासी जीवन में रहने को मजबूर कर दिया है। ये सच है कि सोशल साइट्स की आदत के कारण के युवाओं में व्यक्तिगत संवाद की दिक्कत होती जा रही है, जिसकी वजह से वे आज सामाजिक रूप से प्रभावी संवाद नहीं कर पाते हैं। यही कारण है कि युवा वर्ग में हमारे महापुरुषों के नैतिक आदर्श कम होते जा रहें है और युवा पीढ़ी में धैर्य की भारी कमी देखी जा सकती है। सोशल मीडिया का उपयोग युवा पीढ़ी के नैतिक दृष्टिकोण को सकारात्मक रूप के लिए किया जा सकता है अब तक कई मुद्दे जो समाज द्वारा मान्यता प्राप्त नहीं हैं, कमजोर वर्गों को वंचित करना, जिनके पास अपने अधिकारों की आवाज नहीं थी अब सोशल मीडिया जैसे फेसबुक, यूट्यूब आदि के माध्यम से समाज के प्रकाश में आ रहे हैं। युवा पीढ़ी जो इन मुद्दों को नहीं जानती उन्हें मुद्दों पर स्पष्टता आवाज मिलती है। जैसे- लेस्बियन, गे, बिसेक्सुअल, और ट्रांसजेंडर अधिकार अभियान, #मेटू - ट्विटर पर महिलाओं के यौन शोषण और यौन उत्पीड़न के खिलाफ एक सामाजिक आंदोलन, ने युवाओं को लेस्बियन, गे, बिसेक्सुअल, और ट्रांसजेंडर और महिलाओं के अधिकारों के प्रति सकारात्मक नैतिक दृष्टिकोण रखने में सक्षम बनाया। दशकों से, लोग उस नैतिक दृष्टिकोण के पीछे के कारणों को जाने बिना ही विभिन्न नैतिक दृष्टिकोणों का पालन करते हैं। सोशल मीडिया एक प्रगतिशील समाज को सामने लाता है जो अंधविश्वास और तर्कहीन प्रथाओं से मुक्त है। सोशल मीडिया ने कलबुर्गी (कर्नाटक) में तर्कहीन प्रथाओं को उजागर किया, जहां सूर्य ग्रहण के दौरान बच्चों को जमीन से लेकर गर्दन तक दफन किया जाता है। माता-पिता का मानना है कि ऐसा करने से बच्चे चर्म रोगों से मुक्त होंगे और शारीरिक रूप से विकलांग नहीं होंगे। इस 21वीं सदी में पर्यावरण के विकास और संरक्षण और संरक्षण पर भारी बहस चल रही है। सोशल मीडिया युवा पीढ़ी को पर्यावरण के मुद्दों के प्रति सकारात्मक नैतिक दृष्टिकोण रखने में मदद करता है। उदाहरण - ग्रेटा थनबर्ग, एक जलवायु कार्यकर्ता ने जलवायु परिवर्तन के संबंध में सरकारी नीतियों के खिलाफ अपनी हड़ताल फैलाने के लिए इंस्टाग्राम का उपयोग किया। जल्द ही दुनिया भर के युवा अपने समुदायों में इसी तरह के विरोध प्रदर्शनों में शामिल हो गए। मीडिया के साथ उनके साक्षात्कार ने, बदले में, उनके आंदोलन के बारे में अधिक सामग्री तैयार की। सोशल मीडिया वाद-विवाद के माध्यम से कई नैतिक मुद्दों पर चर्चा के लिए एक उपकरण के रूप में कार्य कर सकता है। दार्शनिक, विषय विशेषज्ञ समाज में मौजूद मुद्दों के बारे में अपनी राय दे सकते हैं इस प्रकार युवा नैतिक मुद्दों के सही या गलत पक्ष पर स्पष्टता प्राप्त कर सकते हैं। यह युवाओं को नैतिक दृष्टिकोण बनाने में मदद करता है। कई टीवी चैनलों ने परमाणु प्रसार के मुद्दों बनाम ईरान के परमाणु हथियार बनाने की घोषणा जैसे नैतिक मुद्दों पर बहस शुरू कर दी। इन बहसों के माध्यम से, एक व्यक्ति जो परमाणु प्रसार के खिलाफ है, वह इस मुद्दे पर अपने नैतिक दृष्टिकोण को बढ़ाएगा। भिन्न विचारों और विचारों के प्रति लोगों में सहिष्णुता को बढ़ावा देगा। सोशल मीडिया नेटवर्क का उपयोग करने वाले लोग अन्य धार्मिक विश्वासों और प्रथाओं के प्रति लचीले और सहिष्णु होने की अधिक संभावना रखते हैं। सोशल मीडिया का अक्सर युवा लोगों की प्रेरणा पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। सोशल मीडिया ने भी उन्हें मिली जानकारी तक पहुंचने की अनुमति दी। आमतौर पर परिवार, दोस्त युवाओं के नैतिक दृष्टिकोण को आकार देते हैं। लेकिन कई वर्ग इस अवसर से वंचित हैं। उदाहरण के लिए, लेस्बियन, गे, बाइसेक्सुअल, और ट्रांसजेंडर युवाओं के परिवार के सदस्यों के साथ ऑनलाइन मित्र होने की संभावना कम होती है और सोशल मीडिया साइटों से जुड़ने की अधिक संभावना होती है। किशोर जो समाचार मीडिया के संपर्क में आते हैं और उनमें रुचि लेते हैं, उनकी जलवायु परिवर्तन जैसे प्रमुख सामाजिक और राजनीतिक मुद्दों में रुचि होने की अधिक संभावना है। मीडिया उन्हें अपने समुदायों में नागरिकों के रूप में अधिक शामिल होने के लिए प्रोत्साहित कर सकता है। किशोर सोशल मीडिया और अन्य मीडिया से महत्वपूर्ण स्वास्थ्य प्रचार संदेश भी प्राप्त कर सकते हैं। इसमें युवा अवसाद और आत्महत्या को रोकने, सकारात्मक, सम्मानजनक संबंधों को बढ़ावा देने, या स्वस्थ भोजन और जीवन शैली की आदतों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से संदेश शामिल हो सकते हैं। टेलीविजन शो और फिल्मों में अच्छी गुणवत्ता वाली कहानियां किशोरों को कामुकता, रिश्ते, लिंग या नैतिकता जैसे पहचान के पहलुओं का पता लगाने में मदद कर सकती हैं-उदाहरण के लिए, बोहेमियन रैप्सोडी जैसी फिल्म में कामुकता का उपचार, या राइड लाइक ए गर्ल में लिंग, या नैतिकता में द गुड प्लेस जैसा टीवी शो। अपने बच्चे के साथ इन शो को देखना चर्चा का एक शानदार अवसर है।

# मिशन : 2024 की तैयारी में जुटी भाजपा

प्रभुनाथ शुक्ल

भारतीय जनता पार्टी उस अफवाह पर अमल नहीं करती जिसमें यह कहा गया हो कि कौवा कान काट कर उड़ गया अफवाह के पूर्व वह कान टटोलती है फिर आगे की रणनीति तैयार करती है। इसका मतलब साफ हुआ कि भाजपा जमीन पर काम करती है हवा में नहीं। क्योंकि पार्टी का सांगठनिक ढांचा बेहद मजबूत और विशाल है। अनुशासन और सुशासन ही उसका मूल मंत्र है। भाजपा पार्टी के लिए एक विजन तैयार करती है। विपक्ष को वह कभी हल्के में नहीं लेती है। जबकि विपक्ष उसे सामान्य रूप में लेता है। भाजपा की इसी नीति का नतीजा है कि कांग्रेस जैसे बड़े दल का अस्तित्व कटघरे में है। भाजपा अपनी राजनीतिक लड़ाई जमीन पर लड़ती है। जबकि विपक्ष उसके मुकाबले में बिखरा हुआ है। सांगठनिक ढांचा बेहद कमजोर है। उसके पास मोदी और योगी जैसा विश्वसनीय और भरोसेमंद चेहरा नहीं है। अमितशाह जैसा कोई चाणक्य नहीं है।

भाजपा और उसके सहयोगी संगठन अभी से मिशन- 2024 यानी लोकसभा की चुनाव जमीनी तैयार करने में जुट गए हैं। पार्टी ऑनलाइन सर्वे करा रहीं है। मतदाताओं के मोबाइल पर एक मैसेज भेज कर सर्वे में भाग लेने की बात कही गयी है। हो सकता है यह संदेश आपतक भी पंहुचा हो। सर्वे में 15 बिंदुओं को शामिल किया गया है। सर्वे से यह साबित हो गया है कि भाजपा 2024 में भी प्रधानमंत्री मोदी के चेहरे पर आम चुनाव लड़ेगी। उसका सबसे अधिक फोकस उत्तर प्रदेश और योगी आदित्यनाथ पर भी है। ऑनलाइन सर्वे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उनकी बुलडोजर नीति के साथ नूपुर शर्मा के विवादित बयान को भी जगह मिली है। सर्वे से निकली रायसुमारी को आधार बनाकर पार्टी लोकसभा चुनाव का एक एजेंडा तय करना चाहती है। अब उसकी सक्रियता का अनुमान इसी से लगाया जा सकता है कि कांग्रेस और दूसरे दल अभी उस बारे में सोचना भी शुरू नहीं किया है जबकि भाजपा बड़ी जमीन तैयार करने में जुटी है। भारतीय जनता पार्टी की खूबी रहीं है कि वह हर सियासी लड़ाई को बेहद संजीदगी से लेती है। इसके लिए वह अपने आईटी सेल की युवा जमात को हमेशा रणनीतिक रूप से तैयार रखती है। पार्टी की तरफ से जो ह्यऑनलाइन सर्वेह्व कराया जा रहा है। सर्वे में मूल रूप से ऐसे मतदाताओं को शामिल किया गया है जिनकी आय 3000 से लेकर 20000 तक है। वह अशिक्षित से लेकर परास्नातक तक हैं या तकनीकी शिक्षा ग्रहण किया है। सर्वे में सभी जाति धर्म और समुदाय के लोगों के साथ-साथ उपजातियों को भी शामिल किया है। सवर्ण के साथ ओबीसी, दलित, ईसाई और मुस्लिम भी शामिल हैं। इसके अलावा किसान, शिक्षक, ठेले वाले, नौकरीपेशा, व्यापारी, महिला, मछलीपालक,सरकारी नौकरी, छात्र और दूसरे वर्ग के लोगों को शामिल किया गया है। इस श्रेणी को 20 भागों में वगीर्कृत किया गया है। ऑनलाइन सर्वे सबसे अहम सवाल किया गया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता का कारण क्या है। विकल्प में दिया गया है राष्ट्रवाद हिंदुत्व, बेदाग छबि और ईमानदारी। इसके अलावा मोदी के मुकाबले प्रतिपक्ष के चेहरे को भी तलाशने की बात है जिसमें राहुल गाँधी, ममता बनर्जी, नीतीश कुमार और केजरीवाल शामिल हैं। हाल में नूपुर शर्मा के एक धार्मिक बयान को भी लेकर सर्वे में सवाल पूछा गया है कि देश के विभिन्न राज्यों में जो धार्मिक दंगे हुए उसमें क्या नूपुर शर्मा भी जिम्मेदार हैं। अगर जिम्मेदार है तो किस हद तक इसके लिए भी विकल्प दिया गया है। सवाल यह भी है कि विपक्ष के तुष्टीकरण नीति के मुकाबले भाजपा की तृप्तिकरण नीति कितनी कारगर है। यह भी पूछा गया है कि लोकसभा का चुनाव अगर आज हो जाए तो आप किस दल को अपना समर्थन देंगे विकल्प में यूपीए, एनडीए तीसरा मोर्चा के साथ दूसरे दलों को शामिल किया गया है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उनकी आक्रमक नीतियों को विशेष अहमियत दी गई है। मतदाताओं से पूछा गया है कि आपके विचार में योगी आदित्यनाथ की लोकप्रियता का सबसे प्रमुख कारण क्या है। विकल्प में है हिंदुत्व, राष्ट्रवाद, कानून व्यवस्था के साथ ईमानदारी और दूसरे विकल्प हैं। ऑनलाइन सर्वे में 12 वें नंबर का सवाल है कि उत्तर प्रदेश विधानसभा में भाजपा की जीत का प्रमुख कारण क्या रहा है। जिसमें विपक्ष की नाकामी, सांप्रदायिक ध्रुवीकरण, योगी की लोकप्रियता और मुफ्त राशन योजना जैसे विकल्प शामिल हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तर्ज पर एक सवाल किया गया है कि ह्यभविष्य में योगी आदित्यनाथ का मुकाबला कौन कर सकता है। जिसमें अखिलेश यादव, मायावती और प्रियंका गांधी को सामने रखा गया।

## संक्षिप्त खबरें

### आपणी प्याऊ का मंसूरगंज में उद्घाटन

पटना सिटी। राधे श्याम परिवार के द्वारा आपणी प्याऊ के तहत गुरुवार को मंसूरगंज मंडी में ठंडे पानी की मशीन लगायी गयी। इसका उद्घाटन संस्थापिका शोभा गुप्ता ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी विनय सिंह, पुष्पा सिंह थे। अध्यक्षता चक्रेश अग्रवाल और स्वागत मंसूरगंज व्यवसायी संघ के अध्यक्ष राजेश कनोडिया ने किया। श्रीमती गुप्ता ने कहा कि राधे श्याम परिवार के द्वारा यह नौवीं प्याऊ लगाया गया है। संस्था के द्वारा जनहित में अनेक कार्यक्रम किया जाता है। अभी बच्चों के लिए रोज दूध का वितरण करीब एक साल से किया जा रहा है। गरीब कन्या की शादी, पढ़ाई, रोजगार आदि में मदद की जाती है। आयोजन में विजय कुमार, संगीता झुनझुनवाला, अशोक बूबना, पंकज लोयलका, बाबूलाल अग्रवाल, आनंद कमलिया, आलोक गुप्ता, संजीव मिश्रा आदि मौजूद थे।

### ट्रक की चपेट में आ मजदूर की मौत

पटना सिटी। अगमकुआं थाना क्षेत्र के धनुकी के पास मजदूर की मौत ट्रक की चपेट में आकर ही गई। बाइपास ट्रेफिक थाना के थानाध्यक्ष कुमार विरेन्द्र ने बताया कि सोनपुर का रहने वाला करीब 55 साल का मजदीर शैलेन्द्र सिंह ऑटो पर सामान लोडिंग-अनलोडिंग करता था। देर रात में ट्रक की चपेट में आकर उसकी मौत हो गई। ट्रेफिक पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजन को सुपुर्द कर दिया। ट्रक को जब्त कर लिया गया है। पुलिस कार्रवाई कर रही है।

### दो शराब तस्करों को पुलिस ने खदेड़ कर पकड़ा, दो भागने में सफल

बाढ़। थाना की पुलिस को गुरुवार की सुबह ई रिक्शा के माध्यम से बाढ़ रेलवे स्टेशन से कचहरी के लिए चार की संख्या में शराब तस्कर भारी मात्रा में शराब की खेप लेकर जाने की सूचना मिली सूचना मिलते ही बाढ़ थानाध्यक्ष राजनंदन ने इसकी जानकारी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अरविंद प्रताप सिंह को देते हुए पलक झपकते टीम का गठन किया और बाढ़ थाना के दारोगा अनिरुद्ध कुमार दीनानाथ राय धर्मेंद्र कुमार और बलवीर कुमार को पुलिस बल के साथ सादे लिबास में रवाना दिया पुलिस ने मोटरसाइकिल से शराब माफिया का पीछा करते हुए कचहरी चौक के पास एक लाल रंग की ई-रिक्शा को जैसे ही घेराबंदी की शराब माफिया बाइक रुकते देखते ही सतर्क हो गए और ई-रिक्शा से उतर कर चारों शराब माफिया भागने लगे लेकिन पुलिस ने 2 को खदेड़ कर पकड़ लिया और दो भागने में सफल रहे दोनों शराब माफिया उत्तर प्रदेश और दिल्ली के रहने वाले हैं वही दो भागने वाले शराब माफिया की भी तलाश पुलिस कर रही है।

# रामदेव महतो सामुदायिक भवन में सुविधा नदारद

## एसी आडिटोरियम में शॉर्ट सर्किट के बाद पंखा, बिजली, एसी बंद

पटना सिटी, आनंद केसरी



पर्यटन विभाग के द्वारा मंगल तालाब के चारों ओर विकास का काम किया गया। इसी कड़ी में रामदेव महतो सामुदायिक भवन और ऊपर में घसीटा कहार एसी ऑडिटोरियम का निर्माण कराया गया। मगर उचित देखरेख के अभाव में यहां जल्दी कोई किसी आयोजन को लेकर बुकिंग नहीं कराना चाहता है। हालांकि पूरी व्यवस्था की देखरेख के लिए एडीएम (सामान्य) अध्यक्ष और सिटी एसडीओ सचिव हैं। सदस्य के रूप में स्थानीय विधायक नंदकिशोर यादव व अन्य भी हैं। इसके बाद स्थिति बुरी है। ऐसा नहीं है कि समिति के पास फंड की कोई कमी है, मगर इच्छाशक्ति का अभाव दिखता है। जनसंघ से जुड़े, किसान और पूर्व मंत्री रहे और सिटी के गांधी के नाम से चर्चित स्व रामदेव महतो के नाम पर सामुदायिक भवन का नामकरण हुआ। स्वतंत्रता सेनानी घसीटा कहार के नाम पर एसी आडिटोरियम नाम रखा गया। पहले व्यवस्था काफी चुस्त था और जल्दी इन दोनों की बुकिंग भी नहीं मिल पाती थी। मगर समय के साथ सब कुछ बदलता गया। एसी ऑडिटोरियम की स्थिति यह है कि बिजली के शार्ट सर्किट के कारण पूरी व्यवस्था ध्वस्त हो गई है। एसी काम नहीं कर रहा है, न पंखा चल रहा है और न ही बिजली जल पा रही है। अभी हाल ही में यहां निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देश पर गरुड़ ऐप के माध्यम से काम करने के लिए बीएलओ को ट्रेनिंग दिया जाना था। इसे लेकर अवर निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती शिखा सिन्हा पहुंची थीं। तब यहां किसी तरह से अतिरिक्त रोशनी और पेडेस्टल फैन की व्यवस्था की गई थी, जो लोगों को ठंडक पहुंचाने में असफल साबित हो रहा था। रोशनी भी पर्याप्त नहीं थी। इसे लेकर श्रीमती शिखा सिन्हा ने केयरटेकर पर नाराजगी का इजहार भी की थीं। इस पर उनका कहना था कि इस संबंध में सिटी एसडीओ और नाजीर को सूचित किया हुआ है। मंगल तालाब विकास समिति के सचिव को पूरी जानकारी है। परिसर में लगा बिजली का ट्रांसफार्मर भी खराब हो चुका है। बताया गया कि दोनों का खर्च से संबंधित विवरणी बना कर जमा किया जा चुका है, मगर इस पर अब तक एसडीओ के स्तर से अनुमति प्रदान नहीं की गई है। एसी ऑडिटोरियम बुक कराने के दौरान चार कमरा भी मिलता है। उन चारों कमरे में एसी लगा है, मगर इन कमरे का एसी भी काम नहीं कर रहा है। शौचालय और बाथरूम की स्थिति भी सही नहीं है। छत पर लगाए गए सोलर लाइट सिस्टम से काम चल रहा है। इसी से इस भवन की इज्जत बची हुई है। यदि ग्राउंड फ्लोर की बात करें, तो परिसर में बुकिंग न होने के बाद भी कुछ वाहन 24 घंटा पार्क किया जाता है। जिस तरफ खाना बनाने के लिए हलवाई की व्यवस्था होती है, उस ओर नाला हमेशा गंदगी से अटा पड़ता है और दुर्गंध देता है। इसके पीछे कारण है कि भवन का नाला नीचा और बाहर का ऊंचा है। इस कारण से पानी का निकास बाहर में नहीं हो पाता है। इसे लेकर करीब चार साल पहले भी विकास समिति की हुई थी। इसमें स्थानीय विधायक नंदकिशोर यादव की पहल पर भवन निर्माण के अभियंता को निर्देशित किया गया था कि इसमें कैसे सुधार किया जा सकता है। इसका प्राक्कलन बना कर दें, मगर आज तक यह काम पूरा नहीं हो सका। इसकी बुकिंग कराए लोगों को बिजली की सुविधा पाने के लिए प्रतिदिन के हिसाब से तीन हजार जमा करने पर ही बिजली का सम्बन्धन दिया जाता है। दरअसल यहां बिजली का भुगतान नहीं किए जाने के कारण लाइन भी काट दिया गया है। पूर्व में रहे अनुमंडल कार्यालय के नाजिर के द्वारा अब तक हिसाब किताब नहीं सौंपे जाने और उनका स्थानांतरण हो जाने के कारण यहां कार्यरत कर्मियों को कुछ माह से वेतन भी नहीं मिल पा रहा था। इसे काफी प्रयास के बाद भुगतान किया जा सका है। पहले के रहे नाजिर श्री नाग का वेतन भी करीब दो साल से इसे लेकर रोक रखा गया है।

**व्यवस्था**

- नाला के पानी का निकास नहीं, हर बुकिंग पर खास रुपया जमा कर मिलती बिजली

# शराब सेवन से दो की मौत, भोलू की होगी गिरफ्तारी : सिटी एसपी

## अभिषेक का बयान अहम, कुम्हार का शराब विक्रेता सपरिवार फरार

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



आलमगंज थाना क्षेत्र में शराब पीने से बिस्कोमान कॉलोनी के 28 साल के अखिलेश कुमार और 26 साल के विवेक शर्मा की मौत जांच की जांच पुलिस ने शुरू कर दी है। निजी अस्पताल में भर्ती अभिषेक कुमार उर्फ भोलू के सेहत में सुधार का पुलिस को इंतजार है। उसका बयान इस कांड में मायने रखता है। भोलू को भी मद्य निषेध एक्ट के तहत जेल भेजा जाएगा।

यह जानकारी गुरुवार को सिटी एसपी प्रमोद कुमार ने बाइपास थाना में आयोजित प्रेस वार्ता के बाद पूछने पर कही। मृतक के परिजनों ने पुलिस को बताया कि शराब का सेवन करने वाले दो युवकों ने कुम्हरार के विशाल कुमार और शशिभूषण यादव नाम के एक व्यक्ति के यहां से शराब की खरीददारी की थी। सिटी एसपी ने बताया कि शराब विक्रेता विशाल के यहां पुलिस ने छापेमारी की है। धंधेबाज पूरे परिवार के साथ फरार है। पुलिस टीम लगातार उसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

सिटी एसपी ने बताया कि दोनों मृतकों का बिसरा जांच के लिए सुरक्षित रखा गया है। एक व्यक्ति का उपचार निजी नर्सिंग अस्पताल में चल रहा है। उसके सेहत में सुधार होने के बाद मद्य निषेध एक्ट के तहत उसकी गिरफ्तारी होगी। बिस्कोमान निवासी विनोद कुमार के 27 वर्षीय पुत्र विवेक वर्मा एवं श्याम बाबू के 28 वर्षीय पुत्र अखिलेश की मंगलवार की मौत एवं एक अन्य व्यक्ति भोलू के बीमार होने का मामला मंगलवार की देर रात प्रकाश में आया था।

बताया जाता है कि यह लोग तीन-चार की संख्या में एक साथ शराब सेवन के लिए एकत्र हुए थे। जिनमें दो की मौत हो चुकी है, जबकि एक का उपचार निजी उपचार केंद्र के आइसीयू में चल रहा है। जिस पर पुलिस की नजर टिकी है।

पुलिस का मानना है कि भोलू के बयान से ही पूरा मामला स्पष्ट हो पाएगा। पुलिस को डॉक्टर से अब तक उससे बयान लेने की अनुमति नहीं मिली है। वह फिलहाल कुछ भी साफ तौर पर बोलने की स्थिति में नहीं है।

### तख्तश्री कमेटी की बैठक पांच को, पत्र जारी

**पटना सिटी।** तख्तश्री हरिमंदिर जी प्रबंधक कमेटी की बैठक पांच अगस्त को होगी। वैसे मीटिंग हर दो माह में होनी चाहिए, मगर 10 जनवरी के बाद यह हो पा रहा है। हालांकि इस पर भी संकट के बादल मंडरा रहे हैं। अध्यक्ष अवतार सिंह हित से विमर्श के बाद महासचिव इंद्रजीत सिंह ने पांच अगस्त को बैठक को लेकर पत्र जारी किया है। इसमें चार एजेंडा रखा गया है। इसमें सबसे पहले प्रबंधन समिति द्वारा आयोजित पिछली बैठक की कार्यवाही की पुष्टि, वार्षिक बजट वर्ष 2022-23 पर विचार एवं अनुमोदन, गुरुद्वारा कर्मचारियों के सेवा नियमों पर विचार व अनुमोदन, तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना सहिब के संविधान एवं उपनियमों में संशोधन पर विचार के बाद अनुमोदन। अन्य विविध अध्यक्ष की अनुमति से विमर्श होगा। पांच अगस्त को बुलायी गयी बैठक के संबंध में महासचिव इंद्रजीत सिंह ने बताया कि मीटिंग को लेकर सदस्यों को पत्र भेजा गया है। इस बार स्व कमिकर सिंह की जगह कोलकाता सिंघ सभा से अजीत सिंह का नाम भेजा गया है। उन्हें भी बैठक में भाग लेने को पत्र भेजा गया है।

# मोकामा थाना में पदस्थापित ऑन ड्यूटी सब इंस्पेक्टर की इलाज के क्रम में हुई मौत

बाढ़, प्रात : किरण संवाददाता




अनुमण्डल अंतर्गत मोकामा थाना में पदस्थापित 2009 बैच के पुलिस अधिकारी पु अ नि प्रभात रंजन को आज सुबह सीने में दर्द और उल्टी की शिकायत पर नजदीकी नाजरथ अस्पताल ले जाया गया।जहां इलाज के क्रम में उनकी मौत हो गई।करीब 45 वर्षीय प्रभात रंजन रोहतास जिला के रहने वाले थे।

सहकर्मियों ने अस्पताल प्रबंधन पर आरोप लगाया कि इलाज में हुई देरी के कारण उनकी मौत हुई।वहीं चिकित्सकों की माने तो हृदयाघात के कारण उनकी मौत हुई है।

घटना की जानकारी मिलते ही एएसपी बाढ़ अरविंद प्रताप सिंह,बाढ़ थानाध्यक्ष राजनंदन सहित कई पदाधिकारी एवं सहकर्मी मोकामा पहुंचे।सहकर्मियों ने बताया कि स्वभाव से मृदुभाषी और व्यवहार कुशल प्रभात रंजन कर्तव्य के प्रति समर्पित पदाधिकारी माने जाते थे। उनका हमलोगों के बीच से असमय चले जाना अपूर्णीय क्षति है।इस दुखद घटना से सभी थाना कर्मी मर्माहत हैं।उन्होंने कहा कि हम सभी ईश्वर से उनके आत्मा की शांति हेतु प्रार्थना करते हुए शोक संतप्त परिजनों को सांत्वना देते है कि इस दुख के घड़ी हम आपके साथ हैं।

# एकल खिड़की प्रणाली की हुई शुरूआत




दानापुर, प्रात : किरण संवाददाता

दानापुर खगौल डीआरएम कार्यालय परिसर में एक नव निर्मित एकल खिड़की प्रणाली सिंगल विंडो सिस्टम का उद्घाटन गुरुवार को मंडल रेल प्रबंधक, प्रभात कुमार के द्वारा किया गया।एकल खिड़कीप्रणाली द्वारा मंडल के सभी कर्मचारी एक ही स्थान पर अपना परिवाद दर्ज तथा निस्तारण प्राप्त कर सकेंगे, साथ ही यहां प्राप्ति प्रेषण, स्वतंत्रता सेनानी एवं रिटायर्ड कर्मी को दिए जाने वाले एवं अन्य पास सुविधा, मानव संसाधन प्रबंधन प्रणाली संबंधी सहायता प्राप्त कर सकेंगे। इस से कर्मचरियों एवं आश्रितों की सुविधाओं का विस्तार होगा एवम सुविधा प्राप्ति में सहूलियत तथा परिवाद निस्तारण में तेजी आएगी।यहां आवेदन देते ही संबंधित आवेदक को एक निबंधित संख्या का आवंटन किया जाएगा।जिसका निष्पादन वरीय मंडल कार्मिक अधिकारी के स्तर पर त्वरित किया किया जाएगा।इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक परिचालनअपर मंडल रेल प्रबंधक इंफ्रा ईसीआरकेयू के पदाधिकारी एवं सभी शाखा अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित हुए।

### मानवोदय ने आयोजित की काव्यांजलि

**पटना सिटी।** साहित्य, कला व संस्कृति के लिए समर्पित संस्था मानवोदय ने संरक्षक समाजसेवी अमरनाथ धवन की 8वीं पुण्यतिथि पर सत्य ज्योति पुस्तकालय में कवि गोष्ठी आयोजित की। अतिथियों का स्वागत अर्चना धवन व अंकुर धवन ने की। वरिष्ठ कवि रघुनाथ प्रसाद की अध्यक्षता और संस्थापक महासचिव प्रभात कुमार धवन के संचालन में अनिल रश्मि, चन्द्र प्रकाश तारा, चौधरी संजय सलिल और गौरी शंकर राजहंस ने विभिन्न रसधाराओं की कविता पढ़ी। मुख्य अतिथि अनिल रश्मि ने बेटी के दर्द को बताते हुए कहा, मेरी अनंत अंतस वेदना, सिसकियों को तुमने महसूस किया है।अध्यक्ष ने आज की स्थिति पर सुनाया, कांटे में भूख लिखूं या प्यास लिखूं, या सारा शहर उदास लिखूं। संचालक की पंक्ति देखें, आंधी तूफान में भी खड़ा रहूंगा, दूब की भांति अड़ा रहूंगा। दुर्गेश मोहन, राम किशोर सिंह विरागी, सुनील मंजुल, चैतन्य चंदन ने आनलाइन अपनी श्रद्धा भावना व्यक्त की। संगम धवन ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

# मोबाइल चोरी मामले में गिरफ्तार दो चोर को पुलिस ने भेजा न्यायालय

बिहटा, प्रात : किरण संवाददाता



- महिला से मोबाइल झपट्टा मारकर भाग रहा था बाइक सवार दो चोर

गुरुवार को बिहटा पुलिस ने मोबाइल चोरी मामले में गिरफ्तार दो चोर को मामला दर्जकर न्यायालय भेज दिया है गिरफ्तार मोबाइल चोर की पहचान नौबतपुर थानाक्षेत्र के घनश्यामपुर गांव निवासी बिजेंद्र राय का पुत्र पप्पू कुमार एव विनोद राय का पुत्र रोहित कुमार रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार बिहटा थानाक्षेत्र के मौदही गांव निवासी संयुक्ता सिन्हा बिहटा में बाजार करने के बाद बिहटा चौक से ऑटो पकड़कर मौदही अपने घर जा रही थी तब ही सिकन्दरपुर छिलका के पास पीछे से आ रहा बाइक सवार दो लोग ऑटो में बैठी महिला के हाथ से मोबाइल छीनकर फरार होना चाहा लेकिन उसका बाइक सड़क पर फिसल गया जिससे दोनों लोग गिर गया ।मौजूद लोगों ने दोनों को पकड़कर लिया। इधर घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों को कब्जे में लेकर थाना ले आई और चोरी हुई मोबाइल को पुलिस ने बरामद कर लिया साथ ही बाइक को भी जब्त कर थाना लेकर आया। थानाअध्यक्ष रंजीत कुमार ने बताया कि मौदही गांव निवासी महिला संयुक्ता सिन्हा द्वारा मोबाइल चोरी को लेकर आवेदन दिया गया था जिसके बाद मामला दर्ज कर गिरफ्तार दोनों चोरों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है साथ ही चोरी की गई मोबाइल और चोरों के पास से एक भी बरामद किया गया है

### डबल मर्डर मामले में संलिप्त दूसरा शूटर भी भेजा गया जेल

**बाढ़।** 12 जुलाई की संध्या सविता सिनेमा हॉल के पास अंधाधुंध फायरिंग के दौरान अंकित राज और विनय पांडे नामक दो व्यक्ति की गोली मारकर निर्मम हत्या कर दी गई थी मामले में पुलिस को हाथ लगे सीसीटीवी फुटेज और टेक्निकल सेल के अनुसंधान के बाद 1 दिन पहले अंकित के ससुर हरिशंकर सिंह उर्फ थप्पू सिंह और हत्या की घटना को अंजाम देने वाला सूटर बंटी सिंह जेल भेजा जा चुका है पुलिस ने दूसरे शार्प शूटर बिट्टू कुमार सिंह उर्फ दीपक सिंह बेढना गांव रामपुर टोला निवासी को भी गुप्त सूचना के आधार पर गिरफ्तार कर लिया।पुलिस ने बिट्टू के पास से 7 पॉइंट 6 2 का पिस्टल दो मैगजीन और 24 जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है पूछताछ के दौरान बिट्टू ने अपराध कबूल करते हुए पुलिस को पूरे घटनाक्रम के बारे में जानकारी दें पुलिस ने न्यायिक हिरासत के तहत गुरुवार के दिन बिट्टू को भी जेल भेजने का काम किया है और पुलिस को अब तीसरे व्यक्ति की तलाश है।

# क्वीज प्रतियोगिता में रेलवे स्कूल को मिला प्रथम पुरस्कार



दानापुर, प्रात : किरण संवाददाता

नगर मे आजादी के अमृत महोत्सव पर दानापुर रेल मंडल द्वारा आयोजित 17 से 23 जुलाई तक मनाई जा रही आईकॉव वीक के तहत पटना जंक्शन पर स्कूली बच्चों के लिए क्वीज प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें कई विद्यालय को पछाड़ते हुए रेलवे सिनियर सेकेन्डरी स्कूल के बच्चों ने प्रथम पुरस्कार जीतकर विद्यालय का नाम रौशन किया है। जिसको लेकर गुरूवार को विद्यालय परिसर में विजेता टीम के बच्चों ने अपनी ट्रॉफी प्रधानाध्यापक ज्ञानेश्वर व संबंधित शिक्षकों को सौप कर अपनी खशी जाहिर की। जानकारी देते हुए प्रधानाध्यापक ज्ञानेश्वर ने बताया कि आईकॉव वीक के तहत क्वीज प्रतियोगिता के लिए 15 बच्चों की टीम बनाकर शिक्षक मधुमती, जयप्रकाश यादव, सुधा सिंह, मो. औरंगजेब व चन्द्रशेखर के संरक्षण में भेजा गया था। आयोजित प्रतियोगिता में रेलवे स्कूल के अलावा केन्द्रीय विद्यालय खगौल, आरपीएस ओपेन ग्रुप, घनश्याम बालिगा व जगतनारायण लाल कॉलेज के छात्रों ने भाग लिया था। जिसमें 25 प्रश्नों में 24 प्रश्नों का सही जवाब देकर रेलवे स्कूल के छात्रों की टीम ने प्रथम स्थान लाकर विद्यालय का नाम ऊंचा किया है। वही केन्द्रीय विद्यालय को द्वितीय व आरपीएस ओपेन को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ है।

# एनएच 30 पर यात्रियों से लूटपाट करने वाले 5 गिरफ्तार

## अजय उर्फ जयराम मेहता हत्याकांड में 3 गिरफ्तार

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



राष्ट्रीय उच्च पथ 30 के रानीपुर पैजाबा के पास बस स्टैंड से होकर गुजर रहे यात्रियों के साथ लूटपाट एवं छिनतोरी करने के मामले में पुलिस ने पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से एक देसी पिस्टल, 10 गोली और उजला नशीला पाउडर जैसा 30 पुड़िया वजन 13.20 ग्राम जब्त किया गया है। वहीं जयराम महतो हत्याकांड में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पकड़े लोगों के पास से एक लोडेड देसी पिस्टल और एक गोली जब्त किया गया है।

यह गिरफ्तारी बाईपास थाना की पुलिस के द्वारा किया गया है। इस संबंध में गुरुवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए सिटी एसपी (पूर्वी) प्रमोद यादव ने बताया कि बुधवार को पूर्वाहन 11 बजे बाईपास थाना के थानाध्यक्ष अमित कुमार को सूचना मिली कि रानीपुर पैजाबा के पास कुछ अपराधकर्मी जुटे हैं और लूटपाट की घटना को अंजाम दे रहे हैं। इसके बाद एएसआई राजेंद्र राम को वहां भेजा गया। दरअसल बैरिया बस पड़ाव से आने वाले यात्रियों के साथ छिनतोरी और लूटपाट किया जा रहा था। जैसे ही पुलिस वहां पहुंची, अपराधी पुलिस को देखकर भागने लगे। मगर पुलिस बल और आसपास के लोगों की मदद से खदेड़ कर पांच को गिरफ्तार किया गया। इसमें अगमकुआं थाना क्षेत्र के भूतनाथ रोड का रहने वाला छोटू आलम पिता मो आलम, बाईपास थाना क्षेत्र के बाहरी बेगमपुर गोरैया स्थान का बारिशु राज उर्फ बादशाह स्व टिंकू मेहता, बेगमपुर मोकरपुर का रहने वाला रोशन कुमार उर्फ कल्लू पिता शंकर प्रसाद, मेहंदीगंज थाना क्षेत्र के नीमतल का रहने वाला मंगल सिंह पिता राम सिंह और खाजेकलां थाना क्षेत्र के नौजरकटरा दीवान मोहल्ला का रहने वाला मानस सिन्हा पिता मुकेश सिन्हा शामिल है। पुलिस ने 8न सबों के पास से एक देसी कट्टा, 7.65एमएम का 10 गोली, 30 पुड़िया नशीला पदार्थ उड़िया वजन 13.20 ग्राम है, बरामद किया गया। सिटी एसपी प्रमोद यादव ने बताया कि इसी साल 28 अप्रैल को अजय कुमार उर्फ जयराम महतो की हत्या हुई थी।इस हत्या के बाद मीरा देवी के द्वारा थाना में कांड 168/22 दर्ज कराया गया था। इस मामले में बाहरी बेगमपुर पारपोखरा दाता साहेब के पास का रहने वाला शुभम कुमार उर्फ चंटी पिता विनय कुमार उर्फ विनय मेहता को गिरफ्तार किया गया। उसकी निशानदेही पर घटना में शामिल ध्रुव कुमार पिता जयपाल महतो रानीपुर थाना मेहंदीगंज एवं बाईपास थाना क्षेत्र के पारपोखरा का रहने वाला सूरज कुमार को गिरफ्तार किया गया। इन सबों के पास से एक लोडेड देसी पिस्टल और 7.65एमएम का एक गोली मिला है। दरअसल अजय कुमार उर्फ जयराम महतो अपनी हत्या से करीब 10 दिन पहले जेल से छूट कर आया था। वह लोगों से रंगदारी की मांग कर रहा था और शराब बेचने के लिए दबाव डाल रहा था। इसी से ऊब लोगों ने मिलकर उसकी हत्या कर दी।

**आरोप**

- बदेसी पिस्टल, 10 गोली, 30 पुड़िया नशीला पदार्थ, लोडेड कट्टा, 1 गोली जब्त

# भारी बारिश के कारण सड़कों पर लगा था लंबा जाम

## जाम की सूचना मिलने मौके पर पहुंची बिहटा थाना की लेडी दरोगा दीप्ति, लोगो ने कहा ऐसा जज्बा हर पुलिसकर्मियों में होना चाहिए

बिहटा, प्रात : किरण संवाददाता



वैसे तो पुलिस अपने कई कार्यो को लेकर पब्लिक में बदनाम रहती है लेकिन कभी कभी पुलिस की कार्यशैली पब्लिक के बीच मे उसकी वाह वही भी करवाती है। एक ऐसा हीं गुरुवार को बिहटा में तब दिखा जब भयावह जाम को छुड़ाने के लिए बिहटा थाना की लेडी दारोगा दीप्ति कुमारी ने बारिश के परवाह किये बिना ही झमाझम बारिश में बीच सड़क पर खड़े होकर जाम छुड़ाते रही।लोग लेडी दरोगा के इस जज्बे को देखकर अचंभित रह गए और पुलिस के साथ पब्लिक भी जाम छुड़ाने में उनकी मदद करने लगे।

भारी बारिश के बीच लोग महिला दरोगा के हौसले और हिम्मत को निहारते रहे और सभी ने उनके जज्बे को सलाम किया।दअरसल बिहटा कॉलेज में बीएसी पार्ट 2 का परीक्षा चल रही है उसको लेकर अचानक बाजार में गाड़ियां बढ़ गयी इधर तेज बारिश के कारण सड़को पर वाहनों की कतार लग गयी ।

दो घंटे के महाजाम में स्कूली बच्चे और एम्बुलेंस भी फँसे रहे। दोपहर गश्ती में निकली बिहटा थाने की दीप्ति कुमारी सब इंस्पेक्टर जाम को छुड़ाने आयी और मूसलाधार बारिश में भी रोड पर खड़ी रही। सुबह से पूल पर लगे जाम ने लोगों के छक्के छुड़ा दिये।कई विद्यार्थी जाम में फंसे थे लेकिन ऐन वक्त पर जाम छूट जाने से उनकी परीक्षा बच गयी ।इधर लेडी दारोगा देर शाम तक सड़क पर डटी रही और जाम को हटाते दिखी।

## संक्षिप्त खबरें

### छापेमारी में बालू लदा ट्रैक्टर जप्त

जहानाबाद। ओकरी ओपी की पुलिस ने पिरोधामठ गांव के समीप से एक बालू लदे हुए एक ट्रैक्टर को जब्त किया है। ओपी अध्यक्ष चंद्रहास सिंह ने बताया कि जानकारी मिली थी कि फल्गु नदी से अवैध खनन कर एक ट्रैक्टर पिरोधामठ गांव की ओर आ रहा है। सूचना मिलते ही पिरोधामठ गांव के समीप पुलिस को लगाया गया। इसीबीच एक ट्रैक्टर को आते हुए देखा गया।ट्रैक्टर चालक भी पुलिस को देखकर सड़क के किनारे ट्रैक्टर को खड़ा कर फरार हो गया। उन्होंने बताया कि इस सिलसिले में ट्रैक्टर के मालिक तथा चालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की जा रही है।

### जानलेवा हमले के आरोपित गिरफ्तार

जहानाबाद।ओकरी ओपी की पुलिस ने नईमा काथरपर गांव में छापेमारी कर जानलेवा हमले के एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक राकेश कुमार बताया गया है। पुलिस ने बताया कि दो वर्ष पूर्व वहां मामुली विवाद को लेकर मारपीट की घटना हुई थी। जिसमें एक युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया था।

# पीएम आवास को 15 अगस्त तक हर हाल में करें पूर्ण :डीएम

हाजीपुर, प्रात: किरण संवाददाता



**निर्देश**

● डीएम ने पंचायत सरकार भवन का निर्माण कार्य इस टोले के लोगों से कराने का निर्देश दिया

वैशाली डीएम श्री यशपाल मीणा गुरुवार को महनार के वासुदेवपुर चंदेल एवं करनौति पंचायत का दौरा कर विद्यालय सहित विभिन्न सरकारी योजनाओं का निरीक्षण किया और स्थानीय लोगों से मिलकर विकास योजनाओं की धरातल पर क्या स्थिति है इसकी जानकारी लिया। इस दौरान संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश भी दिया गया।

निरीक्षण के दौरान डीएम ने स्वीकृत किए गए सभी पीएम आवास को 15 अगस्त तक हर हाल में पूर्ण कर लेने का निर्देश दिया। बताया गया कि डीएम गुरुवार की सुबह बासुदेवपुर चंदेल पंचायत स्थित राजकीय बालिका प्राथमिक विद्यालय बासुदेवपुर पहुंचे। विद्यालय के प्रधान शिक्षक संजय कुमार सिंह अनुपस्थित पाए गए। जानकारी दी गई कि इनकी तबीयत खराब रहती है। इस पर डीएम ने एसडीओ को स्वास्थ्य जांच कराने के लिए शीघ्र मेडिकल बोर्ड कराने का निर्देश दिया। एक शिक्षिका उज्जमा तस्लीम भी लंबी अवधि से अनुपस्थित पाई गई। इनके विरुद्ध भी जांच कर कार्रवाई का निर्देश दिया गया।वासुदेवपुर चंदेल पंचायत में डीएम ने रविदास टोला का भ्रमण किया।इस दौरान डीएम को बताया गया कि पिछले एक माह से नल जल योजना का मोटर जल जाने से जलापूर्ति बंद है। इस पर डीएम ने अविलंब मोटर को बदल कर नया मोटर लगाने एवं नल जल को सुचारू रूप से चलाने का निर्देश दिया। बताया गया कि लोगों का जॉब कार्ड बना हुआ है। परंतु कार्य के अभाव में बैठे हैं। डीएम ने पंचायत सरकार भवन का निर्माण कार्य इस टोले के लोगों से कराने का निर्देश दिया। यहां प्रशांत कुमार नाम का एक शिक्षित युवक भी मिला। जिसे डीएम ने कुछ टास्क देते हुय प्रशांत कुमार को कहा कि दसवीं,12वीं एवं स्नातक पास छात्रों की सूची बनाएं। सामाजिक सुरक्षा पेंशन के योग्य लाभुक जो अभी तक पेंशन से आच्छादित नहीं है। उनकी सूची बनाकर प्रखंड के बीडीओ को उपलब्ध करा दें।यहां के वार्ड संख्या 8 के जन वितरण विक्रेता कृष्ण चंद्र सिंह पर पास मशीन की पर्ची नहीं देने एवं 25 किलो की जगह 20 किलो राशन देने की बात लोगों ने बताया। जिस पर डीएम ने एसडीओ को लाभुकों के उपस्थिति में पीडीएस दुकान की पूर्ण जांच कर कार्रवाई का निर्देश दिया। बासुदेवपुर के बाद करनौती पहुंचे डीएम ने माध्यमिक विद्यालय कमला कन्या करनौती में निरीक्षण को पहुंचे।वहां की व्यवस्था पर डीएम ने संतोष जताते हुए प्रधानाध्यापक प्रशांत कुमार को सम्मानित करने का निर्देश दिया। बताया गया कि यहां बच्चे स्कूली पोशाक में और गले में लटकाए परिचय पत्र में उपस्थित थे।जबकि सभी शिक्षक सामान्य तौर पर एक रंग के परिधान में नजर आए।

### अग्नि पीड़ितों को 10 दिन बाद भी नहीं मिली सरकारी सहायता

**राघोपुर** । प्रखंड के चकसिंगार पंचायत के रामपुर बरारी गांव में आग लगने से 5 घर जलकर राख हो गए थे । 10 दिन बीत जाने के बावजूद भी अग्नि पीड़ित परिवारों को किसी भी प्रकार की सरकारी सहायता राशि अब तक उपलब्ध नहीं कराई गई है । जिसके कारण अग्नि पीड़ित परिवारों में आक्रोश व्याप्त है। अब वे आंदोलन की तैयारी में है। बताया जाता है कि अग्नि पीड़ित परिवारों का राशन कार्ड, आधार कार्ड आदि जलकर राख हो गए हैं जिसके कारण उन्हें किसी भी प्रकार की सरकारी सुविधा प्राप्त नहीं हो पा रही है। अग्नि पीड़ित परिवार इससे बरसात के मौसम में खुले आसमान के नीचे रहने को विवश हैं। अगर कोई कुछ खाने को दे देता है तो खा लेते हैं अन्यथा भूखे पेट हीं सो जाते हैं। ज्ञात हो कि चक सिंगार पंचायत के रामपुर बरारी गांव में गैस चूल्हा पर खाना बनाने के दौरान गैस सिलेंडर फट जाने के कारण मुकेश मिश्रा के घर में आग लग गई। देखते हीं देखते रणबीर मिश्रा, पवन मिश्रा, अरुण मिश्रा कथा गोल्डन मिश्रा के घर में आग लग गई। ग्रामीणों ने चापाकल, मोटर पंप तथा अग्निशामक यंत्र की सहायता से आग पर काबू पाया तब तक घर में रखें सारा सामान जलकर राख हो गया।

# नव निर्वाचित मुखिया व उप मुखिया को दिया प्रारंभिक प्रशिक्षण



हाजीपुर , प्रात: किरण संवाददाता

वैशाली प्रखंड में त्रिस्तरीय पंचायती राज के नवनिर्वाचित मुखिया और उप मुखिया का प्रारंभिक प्रशिक्षण कार्यक्रम 21 जुलाई 2022 जुलाई से प्रारंभ हुआ जो 23 जुलाई 2022 तक चलेगी। कार्यक्रम का उद्घाटन वैशाली प्रखंड प्रमुख शैलेन्द्र प्रसाद सिंह, बीडीओ सुशील कुमार, जिला मुखिया संघ के अध्यक्ष डॉ राज नंदन राय उर्फ दूधनाथ राय, जिला पंचायत संसाधन केंद्र के पदाधिकारी संजीव कुमार, अचिराभा अजय के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। जिला पंचायत संसाधन केंद्र के पदाधिकारी संजीव कुमार एवं अचिराभा अजय द्वारा पंचायती राज का उद्भव एवं विकास की विस्तृत जानकारी दी गई। बिहार पंचायत राज अधिनियम 2006 की संक्षिप्त जानकारी जिला पंचायत संसाधन केंद्र के पदाधिकारियों के द्वारा दिया गया। मौके पर प्रशिक्षण के दौरान विभिन्न पंचायतों के मुखिया उपस्थित थे। उपस्थित प्रतिनिधियों में भगवतपुर पंचायत के मुखिया अनिल राय, कांति देवी,बीरेन्द्र पासवान, अरविंद कुमार, उप मुखिया शिव राय, राज किशोर सिंह मुखिया मतैया पंचायत, पुष्पा कुमारी,रूबी सिंह, निरमा कुमारी मुखिया चिंतामणीपुर, प्रभा देवी, संजीव कुमार मुखिया पंचायत सलेमपुर सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# जिला पार्षद ने मोकरी ग्राम में पीसीसी का कराया निर्माण



भभुआ , प्रात: किरण संवाददाता

जिला पार्षद विकास कुमार सिंह लालू पटेल ग्राम पंचायत मोकरी में षष्ठम वित्त आयोग के तहत लगभग 115700 रुपए से पीसीसी का निर्माण कराया है। ज्ञात हो कि ग्राम पंचायत मोकरी में योजना संख्या-169/2020-23 में आशिम साइं के घर से लेकर पटेल किराना स्टोर तक, योजना-170/2022-23 पटेल किराना स्टोर से लेकर रवि पटेल के घर तक पीसीसी का निर्माण करा दिया। ज्ञात हो कि ग्राम पंचायत मोकरी सबसे बड़ा ग्राम होने के बावजूद पंचायत भी है। पंचायत के लोगों को पीसीसी के अभाव में नारकीय जीवन यापन करना पड़ता था। विकास कुमार सिंह उर्फ लल्लू पटेल कहा कि मेरे लिए निर्वाचन क्षेत्र में मोकरी गांव के लोगों ने आशा एवं विश्वास के साथ मुझे मतदान करके विजय घोषित किया था। आज इस पंचायत के लिए मेंने पीसीसी देकर उनके अरमानों को अरमान पूरा करने का दायित्व निभा रहा हूं। ग्राम पंचायत मोकरी में पीसीसी का निर्माण होने पर ग्रामीणों में भारी पैमाने पर उत्साह देखा गया।

### छापेमारी में शराब के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**जहानाबाद**। शराब तस्करों के खिलाफ संचालित अभियान के तहत ओकरी ओपी, कल्पा ओपी तथा भेलावर ओपी की पुलिस ने विभिन्न जगहों पर छापेमारी कर 28 लीटर महुआ शराब जब्त की है। इस सिलसिले में दो तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। इस दौरान पुलिस ने तकरीबन तीन सौ लीटर अर्धनिर्मित शराब को नष्ट भी कर दिया है। जानकारी के अनुसार ओकरी ओपी की पुलिस ने रामपुर चरूई गांव में छापेमारी कर 13 लीटर महुआ शराब के साथ लालती देवी तथा चंदेश्वर मांझी को गिरफ्तार किया है। उधर कल्पा ओपी की पुलिस ने कामदेव बिगहा गांव में छापेमारी कर सजन मांझी के घर से पांच तथा सरविन्द मांझी के क्षघर से दस लीटर महुआ शराब बरामद की है। पुलिस के आने से पूर्व ही दोनों तस्कर फरार हो जाने में सफल हो गए । पुलिस ने कामदेव बिगहा गांव के बधार से तकरीबन एक सौ लीटर फुला हुआ जावा महुआ को नष्ट कर दिया है। इधर भेलावर ओपी की पुलिस ने रानीपुर गांव के बधार में शराब निमार्ताओं के अड्डे पर छापेमारी अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस को देखकर तस्कर फरार हो गए। पुलिस ने यहां से तकरीबन दो सौ लीटर अर्धनिर्मित शराब व उपकरण को जब्त कर मौके पर ही नष्ट कर दिया है।

# मुर्मू के राष्ट्रपति निर्वाचित होने पर जिला अध्यक्ष ने दी बधाई

जहानाबाद, प्रात :किरण संवाददाता

जिला अध्यक्ष सुरेश कुमार शर्मा कहा कि एनडीए गठबंधन के राष्ट्रपति उम्मीदवारद्रौपदी मुर्मू जी कि भारी बहुमत के साथ भारत गणराज्य के 15 वें व देश की प्रथम आदिवासी महिला राष्ट्रपति निर्वाचित होने पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए श्रीमती द्रौपदी मुर्मू जी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दिया है। भाजपा जिला अध्यक्ष ने कहा कि । उनकी यह जीत सही मायनों में देश के गरीबों, आदिवासियों व वंचितों की आकांक्षाओं की जीत है। हमें विश्वास है कि इनके मार्गदर्शन एवं निर्देशन में देश विकास, समृद्धि एवं सद्भाव के नए कीर्तिमान स्थापित करेगा । प्रदेश उपाध्यक्ष पूर्व विधान पार्षद श्री राधामोहन शर्मा ने अनुसूचित जनजाति समाज की महिला श्रीमती द्रौपदी मुर्मू जी को राष्ट्रपति निर्वाचित होने पर बधाई एवं शुभकामना देते हुए खुशी जाहिर किया है । प्रदेश उपाध्यक्ष ने कहा कि श्रीमती द्रौपदी मुर्मू जी आदिवासी समाज के पढ़े-लिखे बौद्धिक समृद्ध महिला राष्ट्रपति बनकर देश और दुनिया के सामने अनुपम उदाहरण प्रस्तुत करेंगी। श्रीमती द्रौपदी मुर्मू जी का राष्ट्रपति निर्वाचित होने पर प्रसन्नता व्यक्त करने वालों में भाजपा के निवर्तमान जिला अध्यक्ष श्रीमती पूनम सिन्हा , तिलक देव शर्मा अवधेश कुमार प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अजीत शर्मा, भाजपा नेता रंजीत रंजन जिला महामंत्री धर्मेंद्र चौहान निरंजन कुमार बबलू जिला उपाध्यक्ष मनोरंजन कुमार बिक्कू तिलेश्वर कौशिक दामोदर प्रसाद विमल कुमार मंजू कुमारी कमलेश शर्मा जिला मंत्री कविंद्र प्रजापति अरविंद चौधरी किसान मोर्चा अध्यक्ष कौशलेंद्र कुमार ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष इंद्रदेव चौहान महिला मोर्चा अध्यक्ष पुष्पा कश्यप अनुसूचित जाति मोर्चा अध्यक्ष मनोज पासवान अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष सैयद मोहम्मद अली आईटी सेल जिला सहसंयोजक दीपक कुमार युवा मोर्चा शुभम राज मिट्ठू समेत कई नेताओं ने प्रसन्नता व्यक्त की है।

# वरिष्ठ समाजसेवी दाऊजी पटेल नगर निकाय से सभापति के प्रबल दावेदार

भभुआ , प्रात :किरण संवाददाता



स्वतंत्रता सेनानी देव रूप सिंह के पुत्र वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता उदय प्रताप सिंह उर्फ दाऊजी पटेल के नगर निकाय सभापति के प्रबल दावेदार के रूप में दावा ठोकने पर राजनीति गलियारे में हलचल मचा हुआ है। दाऊजी पटेल जिला समाहरणालय में जिलाधिकारी के समक्ष सभी बैठक के बिंदुओं पर विचार विमर्श देते हुए नजर आते हैं।

दाऊजी पटेल 26 फरवरी यानी गणतंत्र दिवस एवं 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस पर पटेल चौक एवं जयप्रकाश चौक पर हर वर्ष महान नायकों की मूर्तियों पर माल्यार्पण करने से पीछे नहीं हटते हैं। दाऊजी पटेल के पहल पर सरदार वल्लभभाई पटेल के नाम पर पटेल चौक का नामांकरण कराया। उसी प्रकार जेपी आंदोलन के जन नायक जयप्रकाश के नाम पर जयप्रकाश चौक पर मूर्ति का अनावरण कराया। दाऊजी पटेल कृषि यानी किसान घर के पुत्र हैं। दाऊ जी पटेल को नगर के सभापति के पद पर प्रबुद्ध सामाजिक लोगों की पहल पर नगर में प्राप्त भ्रष्टाचार को देखते हुए दावा के रूप में दावेदार प्रस्तुत किया है।

दाऊजी पटेल सोनहन थाना क्षेत्र के जदुपुर गांव निवासी हैं। पटेल ने नगर निकाय में जलजमाव को बहुत बड़ी समस्या मानते हैं। स्थानीय एकता चौक पर जल जमाव होने के कारण आम नागरिकों को जीवन जीना दुश्वार हो जाता है। दाऊजी पटेल कहते हैं कि प्रयाप्त भ्रष्टाचार के कारण नगर निकाय में सभापति के खेल में जनता के अरमानों पर पानी फेर दिया गया। दाऊजी पटेल छात्र जीवन से हैं विकलांगों के लिए शैक्षिक कार्यों एवं सामाजिक उत्कृष्ट कार्य करने में जिला से पुरस्कृत किया गया है। दाऊजी पटेल निर्भीक होते हुए भी पटेल सेवा संघ का स्थापना किया एवं शिक्षा के प्रति प्राथमिक, मध्य विद्यालय, हाई स्कूल, इंटर स्तरीय एवं महाविद्यालय का निर्माण कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाया।

एक सवाल के जवाब में दाऊजी पटेल कहते हैं कि शिक्षा के प्रति ध्यान नहीं दिया गया तो देश रसातल में चला जाएगा। दाऊजी पटेल प्रेस को कहते हैं कि सर्व विदित है कि नगर निकाय का राशि को गुणवत्ता पूर्वक खर्च नहीं करने के कारण नगर का स्थिति बद से बदतर है। उन्होंने कहा कि अब जरूरत है सामाजिक कार्यकताओं के लिए नगर के पहेली बनकर नगर निकाय के आम जनों का ज्वलंत समस्याओं का निदान करने का।

### लोक शिकायत निवारण के द्वारा 21 मामलों की सुनवाई

**गया**। लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम, 2015 द्वितीय अपील के तहत जिला पदाधिकारी, गया डॉ० त्यागराजन एसएम द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कुल 21 मामलों की सुनवाई की गई, जिसमें कुछ मामलों का निष्पादन ऑन द स्पॉट किया गया है। रंजित कुमार, ग्राम विवेकानंद कॉलोनी, टिकारी द्वारा जमीन अतिक्रमण के मामला में शिकायत दर्ज किया गया था। पूर्व की सुनवाई में जिला पदाधिकारी द्वारा उक्त भूमि को अतिक्रमणमुक्त कराने का निर्देश अंचलाधिकारी, टिकारी को दिया गया था। आज सुनवाई में जिला पदाधिकारी द्वारा भूमि को अतिक्रमणमुक्त नहीं कराए जाने पर अंचलाधिकारी, टिकारी पर 5000 रुपए का जुमार्ना अधिरोपित किया है। साथ ही दौ माह के अंदर भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने का आदेश दिया है। गिरधारी यादव एवं केदार यादव, मोहनपुर द्वारा अतिक्रमणमुक्त कराने हेतु वाद दायर किया गया था। आज सुनवाई में अंचलाधिकारी, मोहनपुर द्वारा बताया गया की उक्त भूमि को अतिक्रमणमुक्त करा दिया गया है।

# स्थानांतरित सीडीपीओ व पर्यवेक्षिका को दी विदाई

रतनी फरीदपुर, प्रात: किरण संवाददाता



प्रखंड मुख्यालय स्थित सीडीपीओ कार्यालय के प्रांगण में गुरुवार को स्थानांतरित सीडीपीओ शबाना काष्पी पर्यवेक्षिका गायत्री कुमारी व रश्मि कुमारी के सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन किया गया ।

वही नवपदस्थापित सीडीपीओ कुमारी दीपमाला का स्वागत सेविकाओं ने की मालूम हो कि सीडीपीओ कार्यालय में स्थापित सीडीपीओ पर्यवेक्षिका व लिपिक को स्थानांतरण किया गया था जबकि इनके जगह पर नवपदस्थापित सीडीपीओ पर्यवेक्षिका व लिपिक ने योगदान दिया जिसके उपरांत सेविकाओं ने सभी स्थानांतरित पदाधिकारी व कर्मी को विदाई दी वही नव पदस्थापित सीडीपीओ व पर्यवेक्षिका को बुके देकर स्वागत किया विदाई सामारोह को संबोधित करते हुए सीडीपीओ शबाना काष्पी ने कहा कि इस प्रखंड में विगत 4 वर्षो से लगातार ईमानदारी पूर्वक मैंने कर्तव्य का निर्वहन किया है।

जिसमें आप लोगों का सहयोग रहा है जिसके कारण कार्य करने में कहीं कोई परेशानी नहीं हुई उन्होंने यह भी कहा कि आपलोग नव पदस्थापित सीडीपीओ को भी सहयोग देते रहेंगे ताकि उन्हें भी कार्य करने में कोई परेशानी ना हो इस मौके पर आंगनवाड़ी सेविका सहित कई कर्मी मौजूद थे।

# द्रौपदी मुर्मू की जीत के ऐलान से पहले ही भाजपा कार्यकर्ता ने मनाया जश्न

रोहतास ब्यूरो, अ ई अंजुम



द्रौपदी मुर्मू की जीत पक्की है, बस औपचारिक ऐलान और यू.पी.ए.के कैंडिडेट से जीत के अंतर का इंतजार है। द्रौपदी मुर्मू को राष्ट्रपति प्रत्याशी बनाकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विरोधियों को बड़े धर्मसंकट में डाल दिया था।नतीजों से पहले ही द्रौपदी मुर्मू की जीत का जश्न भाजपा कार्यकताओं ने मनाना शुरू कर दिया है। एनडीए की राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू की जीत का अभी औपचारिक ऐलान नहीं हुआ है।

आदिवासी समाज की सबसे बड़ी हितैषी बीजेपी,पीएम मोदी वंचित तबके के लिए काम करते हैं। देश को नया राष्ट्रपति मिलने जा रहा है। प्रतिभा पाटिल के बाद देश को दूसरी महिला राष्ट्रपति मिलने जा रही हैं। इस वक्त राष्ट्पति चुनावों के लिए वोट की गिनती जारी है। द्रौपदी मुर्मू की जीत पक्की है, बस औपचारिक ऐलान और यू.पी.ए.के कैंडिडेट से जीत के अंतर का इंतजार है। द्रौपदी मुर्मू को प्रत्याशी बनाकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विरोधियों को बड़े धर्मसंकट में डाल दिया था। देश की पहली आदिवासी महिला राष्ट्रपति का विरोध करें तो दिक्कत और समर्थन करें तो दिक्कत। सासाराम के व्यस्त चौराहा पोस्ट ऑफिस मोड़ पर सासाराम नगर के भाजपा कार्यकताओं ने नगर अध्यक्ष डॉ.शिवनाथ चौधरी की अध्यक्षता एवं पूर्व विधायक जवाहर प्रसाद के नेतृत्व में राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू की अवश्यंभावी जीत की खुशी में कार्यकताओं व नागरिकों के साथ मिठाई खाकर और खिलाकर खुशी व्यक्त की, खुशी व्यक्त करनेवालों में विजय सिंह, मंगलानंद पाठक, गुप्तेश्वर गुप्ता, संदीप सोनी, विजय कुशवाहा, संजय काश्यप, गुड्डू सिंह, धीरज तिवारी, कमलेश्वर प्रसाद, सोनू सिन्हा, सत्यनारायण पासवान, सत्येन्द्र सिंह, मुन्ना शर्मा, बनारसी जी, विनोद पासवान, दिनेश साह आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# विधायक ने जनता इमरजेंसी हॉस्पीटल का किया उद्घाटन

जहानाबाद, प्रात :किरण संवाददाता



शहर के कनौदी स्थित जनता इमरजेंसी हॉस्पीटल का गुरूवार को स्थानीय विधायक कुमार कृष्ण मोहन उर्फ सुदय यादव ने फीता काटकर उद्घाटन किया। विधायक श्री यादव ने कहा कि चिकित्सक भगवान के रूप होते है और वे पीड़ित मानवता की सेवा की प्रतिमूर्ति होते है। जिले के लोगों को आधुनिक सुविधाओं से युक्त इस हॉस्पीटल के खुलने से काफी फायदा होगा।

श्री यादव ने कहा कि स्पर्धा के दौरा में अस्पताल खोलने से गरीब लोगों को काफी फायदा हुआ है। गरीब लोगों को इलाज के लिए पटना-गया जाने की आवष्यकता नहीं पड़ेगी। श्री यादव ने हॉस्पीटल की सुख सुविधाओं को देखते हुए कहा कि उपलब्ध योग्य चिकित्सक और बेहतर सुविधा का लाभ आने वाले मरीज को अवश्य मिलेगा। हॉस्पीटल प्रबंधक महेष कुमार एवं अमरेष कुमार ने बताया कि यहां मल्टी स्पेशलिस्ट की सुविधाएं उपलब्ध है।

हॉस्पीटल में आधुनिक आईसीयू, इमरजेर्सी केयर तथा प्रोटोकॉल आधारित उच्च गुणवत्ता वाली चिकित्सा व्यवस्था उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि मरीजों को कम खर्च में ज्यादा सुविधा उपलब्ध कराना उनका उद्देश्य है। इस मौके पर पैक्स अध्यक्ष सुरेष यादव, प्रधान महासचिव परमहंस राय, विधान पार्षद प्रतिनिधि सूर्यदेव यादव, अमरजीत छोटू, अरमान मल्लिक सहित कई लोग मौजूद थे।

# बिहार प्रदेश पंच सरपंच संघ सहरसा के जिला कन्वेंशन में जिला कमेटी का किया गया गठन

सहरसा, प्रात: किरण संवाददाता



सहरसा बिहार प्रदेश पंच सरपंच संघ सहरसा का जिला कन्वेंशन जिला परिषद कार्यालय परिसर विवाह भवन में हुआ जिसकी अध्यक्षता विष्णु देव यादव ने किया। कन्वेंशन को विधिवत उद्घाटन प्रदेश उपाध्यक्ष सहरसा जिला प्रभारी किरण देव यादव ने किया। यादव ने संबोधित करते हुए कहा कि 5 अगस्त को जिलाधिकारी के सामने राज्यव्यापी आंदोलन के तहत धरना प्रदर्शन सभा किया जाएगा तथा 20 सूत्री मांग पत्र राष्ट्रपति राज्यपाल के नाम जिलाधिकारी को सौंपा जाएगा।

कन्वेंशन में 41 सदस्यीय जिला कमेटी, 31 सदस्यीय कार्यकारिणी का गठन तथा 25 सदस्यीय पदाधिकारी का चयन किया गया। सहरसा जिला संरक्षक विष्णु देव यादव, सह संरक्षक सत्येंद्र सिंह, सोनेलाल, जिला संयोजक भूपेंद्र यादव, सहसंयोजक खुशी लाल यादव, जिलाध्यक्ष रूपम कुमारी, महासचिव कृष्ण कुमार यादव , जिला उपाध्यक्ष रणवीर कुमार, कामेश्वर राम, मोहम्मद हैदर, रमेश यादव, मणिकांत मुखिया, जिला सचिव राम पुकार यादव , चंदन कुमार, मोहम्मद शब्बीर, रुपेश झा, सुशीला भारती, संयुक्त सचिव लाल बहादुर शाह, संजू देवी, दिनेश शाह, दिलीप शर्मा धीरेंद्र शर्मा, कोषाध्यक्ष सूर्य नारायण यादव , सह कोषाध्यक्ष कल्पना देवी, प्रवक्ता हीरेंद्र मिश्र हीरा, मीडिया प्रभारी सरवन पौद्दार

व्यवस्थापक विनोद यादव, विजय यादव एवं राज्य कमिटी सदस्य विष्णु देव यादव , भूपेंद्र यादव सर्वसम्मति से चुने गए। कन्वेंशन में पंचायती राज मंत्री सम्राट चौधरी द्वारा 15 अगस्त को झंडोत्तोलन करने में पंच सरपंचों की भूमिका पर चर्चा नहीं करने पर घोर निंदा प्रस्ताव पारित किया गया तथा दिलीप चौधरी को संघ से निष्कासित करने का प्रस्ताव सर्वसम्मति ध्वनिमत से पारित किया।

### लालगंज बीडिओ ने झूठा दिव्यांगता प्रमाण पत्र का किया भंडाफोड़

**हाजीपुर**। लालगंज बीडियो पूलक कुमार ने फर्जी दिव्यांगता प्रमाण पत्र का भांडाफोड़ करते हुए उक्त व्यक्ति को पुलिस के हवाले कर दिया। मामले के संबंध में बताया गया कि घटारो मध्य पंचायत के वार्ड नंबर 6 निवासी स्व चंद्रिका राम का पुत्र हरेंद्र राम को साथ लेकर एक व्यक्ति दिव्यांग पेंशन योजना में नाम जुड़वाने प्रखंड कार्यालय पहुंचा था। जहां आवेदन लेकर लालगंज बीडियो पूलक कुमार के समक्ष हरेंद्र राम का दिव्यांगता प्रमाण पत्र की छाया प्रति के साथ प्रस्तुत किया। साथ हीं दिव्यांगता पेंशन योजना में नाम जोड़ने की अपील की। जब पूलक कुमार ने मूल प्रति एवं आधार कार्ड की मांग की तो उपलब्ध नहीं हो पाया। जिससे बीडियो को आशंका हुई और दिव्यांगता प्रमाण पत्र की सघनता से जांच किया गया तो उसमें 55% लिखा हुआ पाया। लेकिन प्रमाण पत्र में अंग्रेजी में फिफ्टीन लिखा हुआ पाया। जांच में गलत पाए जाने पर बीडियो ने लालगंज पुलिस को सूचित किया और दोनों को पुलिस के हवाले कर दिया।

### महंगाई के विरोध में छात्र संगठन ने फूंका प्रधानमन्त्री का पुतला

**हाजीपुर** । ऑल इंडिया स्टूडेंट्स फेडरेशन हाजीपुर अंचल परिषद द्वारा महंगाई के विरोध में शहर में आक्रोश मार्च निकाल कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला दहन किया। यह मार्च अनवरपुर चौक से डाक बंगला रोड होते हुए गांधी चौक पहुंचा जहां सभा में तब्दील हो गया। इस सभा की अध्यक्षता करते हुए एआईएसएफ के जिला अध्यक्ष प्रकाश कुमार ने कहा कि केंद्र सरकार गरीब के मुंह में हाथ डालकर उसका निवाला छीनने की तैयारी कर रही है। पूरे देश में आजादी के बाद पहली बार आटा, दाल, चावल, मैदा, सूजी जैसी रोजमर्रा के काम आने वाले खाद्य पदार्थों में भी पांच फीसदी जीएसटी लगा दी गई है। केंद्र सरकार ने खाद्य पदार्थों में जीएसटी लगाकर साबित कर दिया है कि उसे आम जनता से कोई सरोकार नहीं है। गरीब भूखा मर जाए लेकिन उद्योगपतियों के खजाने में कोई कमी नहीं आनी चाहिए। वहीं सभा को संबोधित करते हुए एआईएसएफ के राज्य परिषद सदस्य अविनाश यादव ने कहा कि सरकार के नए फैसले से गरीब मध्यम वर्ग काफी प्रभावित होंगे और उन्हें आर्थिक बोझ का सामना करना पड़ेगा और वहीं इसका बड़ा लाभ कुछ खास उद्योगपति को मिलने वाला है ।

# हाजीपुर: पोखर में डुबने से सात वर्षीय बच्चे की हुई मौत

हाजीपुर, प्रात: किरण

● परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इंकार किया

महनार थाना क्षेत्र के करनौती पंचायत में पोखर में डूबने से एक 7 वर्षीय बच्चे की मौत हो गई।बच्चे का शव बुधवार की देर संध्या पोखर से निकाला गया। घटना के संबंध में बताया गया कि करनौती पंचायत स्थित बेसिक स्कूल के निकट अवस्थित पोखर में डूबने से समस्तीपुर जिला के सरायरंजन थाना क्षेत्र के चांदचर गांव निवासी धर्मेंद्र दास के 7 वर्षीय पुत्र प्रिंस कुमार की डूबने से मौत हो गई।

बताया गया कि प्रिंस कुमार देर संध्या शौच के लिए गया था। जब वह काफी देर तक नहीं लौटा स्वजनों ने उसकी खोजबीन शरू की। जिसके बाद उसका शव पोखर में पाया गया।बताया गया कि शौंच के दौरान हीं असंतुलित होकर वह पोखर में चला गया। जिसके कारण डूबने से उसकी मौत हो गई। प्रिंस कुमार अपने फूफा करनौती निवासी विश्वनाथ दास के यहां एक श्राद्ध कर्म में आया हुआ था। घटना की सूचना मिलने के बाद प्रिंस कुमार के स्वजन करनौती पहुंचे और शव को अपने साथ अंतिम संस्कार हेतु घर लेकर चले गए।

परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया। इस संबंध में महनार थाना अध्यक्ष अंजनी कुमार सिंह ने बताया कि घटना की सूचना मिलने पर थाने से पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल को मौके पर भेजा गया था। लेकिन काफी बातचीत के बावजूद भी स्वजन पोस्टमार्टम के लिए तैयार नहीं हुए और शव को अपने साथ ले गए। प्रिंस कुमार की मृत्यु पर उप प्रमुख कल्याणी देवी,मुखिया सुधा देवी,सामाजिक कार्यकर्ता विपिन ठाकुर,संदीप चौधरी आदि ने गहरा शोक प्रकट किया है।

### कोविड महाभियान के तहत 1025 छात्र-छात्राओं को दिया गया टीका



**गडहनी**। जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी भोजपुर के निदेर्शानुसार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गडहनी मे कोविड-19 महाअभियान के तहत गुरूवार को प्रखण्ड के 16 केंद्रों पर शिविर का आयोजन किया गया। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी अभिषेक कुमार व स्वास्थ्य प्रबंधक अनिल कुमार ने बताया कि प्रखण्ड के 12 उच्च व माध्यमिक विद्यालय, तीन आँगनबाडी केन्द्र सहित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र गडहनी मे कोविड महाभियान के तहत कुल 1025 छात्र छात्राओ को एएनएम के द्वारा टीका दिया गया।इस दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा कोविड केन्द्रो का निरीक्षण भी किया गया। निरीक्षण करने वालो मे कामला प्रसाद, इन्द्रेश कुमार, चंदन कुमार, अलताज अली, रवि शेखर चांद सहित अन्य कर्मी शामिल रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### फेमिना ने किया वृक्षारोपण



भागलपुर। लायंस क्लब ऑफ भागलपुर 'फेमिना' ने स्थानीय मोती मातृ सेवा सदन में अपने क्लब की सदस्यों के साथ मिलकर वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान अध्यक्ष लायन रश्मि अग्रवाल ने बताया पर्यावरण बचाना है, हम सबको पेड़ लगाना है। वहीं सचिव लायन पल्लवी सिंघानिया ने बताया कि सावन आया संग अपने हरियाली लायी है, आज हम सभी फेमिना सदस्य एक साथ जगह जगह वृक्ष लगा रहीं हैं।

### दहेज हत्या मामले में पति सास ससुर गिरफ्तार कर भेजे गए जेल

दुर्गावती (कैमूर)। बुधवार की रात्रि ग्राम तिरोजपुर में एक पत्नी के हत्या मामले में पुलिस ने हत्या के मामले में दर्ज प्राथमिकी के तीन अभियुक्तों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। मिली खबरों के मुताबिक एक विवाहिता की की मृत्यु गले में पंखे से लटके फांसी के फंदे पर हो गई। जब पुलिस ग्राम तिरोजपुर पहुंची तो दरवाजे को तोड़कर मृत महिला का शव फंदे से उतारा गया। तत्पश्चात उसे पोस्टमार्टम के लिए भभुआ भेज दिया गया। जिस संबंध में मृत महिला के दादा लटन खरवार ग्राम भुंड़ी टेकरी के द्वारा थाने में दर्ज कराई गई थी।

# कार्यशाला का मंत्री ने किया शुभारंभ

## *समाज सुधार अभियान के तहत जीविका दीदियों के साथ प्रमंडलस्तरीय घरेलू हिंसा संवेदीकरण*

गया, प्रात: किरण संवाददाता



**कार्यक्रम**

- बिहार सरकार और हमारे मुख्यमंत्री की प्राथमिकता में समाज सुधार अभियान: श्रवण

समाज सुधार अभियान के तहत जीविका दीदियों के साथ प्रमंडल स्तरीय घरेलू हिंसा संवेदीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम का शुभारम्भ मंत्री ग्रामीण विकास विभाग, बिहार श्रवण कुमार ने महिला एवं बाल विकास निगम की अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक हरजोत कौर बम्हारा, मगध प्रमंडल के आयुक्त मयंक वरवड़े, गया के जिला पदाधिकारी डॉ० त्यागराजन एस०एम०, निगम के परियोजना निदेशक अजय कुमार श्रीवास्तव, उप विकास आयुक्त विनोद दूहन की उपस्थिति में दीप प्रज्वलित कर किया गया है।

मंत्री ग्रामीण विकास विभाग बिहार सरकार श्रवण कुमार ने कहा कि बिहार सरकार और हमारे मुख्यमंत्री की प्राथमिकता में समाज सुधार अभियान हैं। सरकार लड़कियों और महिलायों के बेहतरी के लिए प्रतिबद्ध है। घरेलू हिंसा को समाप्त करने के लिए पहले हमें उस कारण में जाना पड़ेगा, कारण कई है जैसे आर्थिक तंगी, शराब पीना, दहेज प्रथा और बाल विवाह के कारण भी घरेलू हिंसा होती है इसको समाप्त करने के लिए हम सब को मिल कर कार्य करना होगा और इसमें आपसब जीविका दीदियों की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है। 2016 में मुख्यमन्त्री ने शराबबंदी कानून लागू किया। शराबबंदी जब से बिहार में हुई है तब से महिला हिंसा में कमी आई है। गया जिले में इसमें काफी बेहतर कार्य हुआ है गया जिले में 55 फीसदी की कमी हुई है। पूरे राज्य में भी 13 प्रतिशत की कमी हुई है। बिहार महिलाओं के सशक्तिकरण में काफी कदम उठाये है जैसे पंचायत और निकाय चुनाव में 50 प्रतिशत का आरक्षण दिया गया है जिसमें बिहार पहला राज्य है। बिहार में जब मुख्यमंत्री बने थे तो उन्होंने साइकिल योजना शुरू की उस समय एक लाख सतर बेटियां पढ़ती थी हाल मे कोरोना से पहले हमने 9 लाख बेटियों को साइकिल योजना का लाभ दिया था। आज हम सब यहाँ से संकल्प ले कर जायेंगे कि समाज सुधार में हम सब मिल कर अपनी भूमिका निभाएं। महिला एवं बाल विकास निगम की अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक हरजोत कौर बम्हरा ने कहा कि समाज को सुधारना है तो तो महिलाओं को आगे बढ़ाना होगा। हमें यह सोचना होगा कि समाज उन्हें कितना मूल्यवान समझता है। अगर समाज मानेगा कि महिलाएं लड़कियां मूल्यवान है तो समाज की बहुत सी कुरीतियां जैसे भ्रूण हत्या, बाल विवाह, दहेज प्रथा यह अपने आप समाप्त हो जाएगी। मुख्यमंत्री की अगुवाई में बिहार में महिलाओं के लिए जो काम किया गया है वैसा कार्य और किसी राज्य में नहीं हुआ है। आज आप उसका बहुत हद तक परिणाम देख सकते हैं। आज जब आप सड़कों पर घूमते हैं खासकर, पटना की सड़कों पर तो आप को अधिकतम महिला पुलिस दिखती है.विभिन्न सेवाओं में भी 35% आरक्षण दिया गया है जिसके कारण सेवाओं में महिलाओं की संख्या भी बढ़ी है। मगध प्रमंडल के आयुक्त मयंक वरवड़े ने कहा कि घरेलू हिंसा कहां से शुरू होती है और घरेलू हिंसा का क्या दायरा है। घरेलू हिंसा जैसी सामाजिक कुरीतियां अभी भी हो रही है हालांकि अभी काफी हद तक कम हुआ है इसको कम करने के लिए प्रशासन पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है।

आर्थिक रूप से जब महिलाएं, किशोरियां सशक्त होंगी तो घरेलू हिंसा अपने आप कम हो जाएगी। गया के जिला पदाधिकारी डॉ० त्यागराजन एस एम ने कहा कि जब भी बाल विवाह से सम्बंधित खबर प्राप्त होती है तो हम उसपर एक्शन लेते हैं। कन्या भ्रूण हत्या कानून को भी सख्ती से इंप्लीमेंट करा रही है। लड़कियों के साथ अब भी भेद भाव है जैसे पौष्टिक आहार ना दिया, उनका बाल विवाह किया जाना है, उनको पढ़ाई ना करने देना उन को आर्थिक सहायता ना देना इत्यादि समाज सुधार के तहत हमें इसको दूर करना है। गया की वरीय पुलिस अधीक्षक हरप्रीत कौर ने कहा कि महिलाओं के बारे में काफी कानून बने हैं पर सबसे जरुरी है आपका उसके बारे में जानकारी। कई बार महिलाओं को पता नहीं होता है उन्हें शिकायत क्या करनी है और कहा करनी हैं। काननों के बारे में जागरूक होना आप के लिए जरुरी है. कई बार महिलाये आर्थिक स्वतंत्रता नहीं होने के कारण भी घरेलू हिंसा को झेलती हैं। इनके बारे में हमें स्कूल कॉलेज में भी इस प्रकार के कार्यक्रम करने की जरुरत है।

इस कार्यक्रम के तकनीकी सत्र के दौरान टाटा इंस्टिट्यूट ऑफ सोशल साइंस की अनुप्रिया ने घरेलू हिंसा कानून पर विस्तृत प्रस्तुतिकरण दिया साथ ही कई घरेलू हिंसा के ऐसे उदाहरण भी दिए जिसे आमतौर पर घरेलू हिंसा के मामला ही नहीं मानते। सेंटर फॉर कैटलाइजिंग चेंज (उ3) की ओर से अनामिका और गुंजन बिहारी ने जेंडर और सेक्स में अंतर के बार में बताया है। कार्यक्रम में प्रमंडल के विभिन्न जिलों से लगभग 250 जीविका दीदियों ने भाग लिया है।

# अतिक्रमणकारियों ने अधिकारियों व कर्मचारियों पर किया पत्थराव



गोपालगंज, प्रात :किरण संवाददाता

- पदाधिकारी ने समझा बुझाकर मामला शांत कराते हुये अतिक्रमण मुक्त कराया

सुलतानगंज (भागलपुर)। नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड 22 के टिकारामपुर गांव में बिहार सरकार के जमीन पर अवैध कब्जा किये लोग को अंचलाधिकारी पुलिस प्रशासन के साथ अधिग्रहित जमीन को मुक्त करने के लिए चिन्हित स्थल पर पहुचकर जेसीबी मशीन से अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही शुरू की। इस दौरान बिहार सरकार के रास्ते पर घर बनाये लोगों ने अधिकारियों व कर्मचारियों पर इट्ट पत्थर से हमला कर दिया। इस पथराव की घटना में जेसीबी मशीन सहित अन्य वाहनों को भी भारी क्षति हुई। मामले की जानकारी मिलने पर अंचलाधिकारी शंभुशरण राय, बी.डी.ओ. मनोज कुमार मुर्मू, थानाध्यक्ष लाल बहादुर सहित अन्य पुलिस बलों की भारी संख्या के पहुंचने पर आसपास के लोगों में भगदड़ मच गयी। इस दौरान पुलिस बल व महिला पुलिस टीम के सहयोग से हंगामा कर रहे अतिक्रमणकारियों के आक्रोश को समझा बुझा कर मामला शांत कराया गया। इसके बाद सरकारी जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराया गया। वहीं मामले को लेकर बिहार सरकार के जमीन को कब्जा किये विस्थापित जमदार मंडल ने बताया कि बिहार सरकार के जमीन पर नाला बनाया गया हैं, जो गांव के 50 लोग अतिक्रमण किये हैं, उन सभी को हटाने पर ही अपना डेरा हटाने देगें। वहीं सी.ओ. शंभुशरण राय, थानाध्यक्ष लाल बहादुर ने जमादार मंडल को समझाने पर कहा कि लिखित मिलने पर सभी को बिहार सरकार के जमीन से हटाया जाएगा। न्यायालय द्वारा बिहार सरकार के जमीन पर कब्जा किये घर को जेसीबी मशीन द्वारा तोडफोड़ कर अतिक्रमण मुक्त कराये गये। इस दौरान सीओ शंभुशरण राय ने मीडिया को बताया कि पथराव हुये थे, जिसमें कोई हताहत नहीं हुआ है। बिहार सरकार के जमीन पर कब्जा किये लोगों को समझ बुझा कर अतिक्रमण शांतिपूर्ण तरीके से मुक्त करा लिया गया है।

# गोपालगंज : 577 बोतल शराब के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

गोपालगंज, प्रात: किरण संवाददाता



- उत्तराखण्ड से बिहार ले जायी जा रही थी शराब की खेप
- वाहन जांच के दौरान चेकपोस्ट पर मिली सफलता

जिले में उत्पाद विभाग व पुलिस के लाख प्रयास के बावजुद शराब का कारोबार रूकने का नाम नही ले रहा है। इसी क्रम में उत्पाद विभाग की टीम ने बलथरी चेकपोस्ट के समीप वाहन जांच के दौरान एक वाहन से 577 बोतल विदेशी शराब को बरामद कर लिया। इसके साथ ही दो तस्करों को गिरफ्तार कर लिया।

गिरफ्तार तस्कर उत्तराखण्ड के रूद्रपुर जिले के उधम सिंह नगर थाने के शांति बिहार कालोनी के राहुल कुमार व भंवर सिंह बताए गए है। इसकी जानकारी देते हुए उत्पाद अधीक्षक राकेष कुमार ने बताया कि उत्पाद विभाग की टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि यूपी से एक वाहन से शराब की खेप जा रही है। जिसके आधार पर उत्पाद विभाग की टीम ने चेकपोस्ट के समीप वाहनों की जांच शुरू कर दी। जांच के दौरान एक मालवाहक वाहन से 577 बोतल विदेशी षराब को बरामद कर वाहन को जप्त कर लिया गया। पुलिस गिरफ्तार तस्करों से पूछताछ कर रही है। उत्पाद अधीक्षक ने बताया कि किसी भी हाल में शराब का करोबार नही होने दिया जाएगा।

# डीएम व एसपी ने लिया बूस्टर डोज

**गोपालगंज**। जिले में चलाए जा रहे बूस्टर डोज महाअभियान के तहत जिला पदाधिकारी डॉक्टर नवल किषोर चैधरी व पुलिस अधीक्षक आनंद कुमार ने जिला अस्पताल में गुरूवार को बूस्टर डोज लगवाया। इन दोनो अधिकारियों ने प्रषासनिक अधिकारियों, पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों तथा अन्य लोगो से अपील करते हुए कहा कि जो लोग दोनो डोज लगवा चुके है। दुसरा डोज लगने से 90 दिन की अवधि पूर्ण करने वाले सभी लोग बूस्टर डोज अवष्य लगवा ले। वही जो लोग अब तक एक भी डोज नही लगवाए है, वे सभी लोग तत्काल निकट के टिकाकरण स्थल पर जाकर कोरोनारोधी टीका अवष्य लगवा ले। उन्होंने कहा कि कोविड-19 के पूर्ण खात्मे को लेकर उक्त डोज लेने में हमे किसी भी प्रकार की कोई लापरवाही नही करनी चाहिए। विदित हो कि आज जिले में प्रिकॉशन डोज को लेकर महाअभियान चलाया जा रहा है।

# डीएम ने स्मार्ट सिटी परियोजना के कार्यों का किया निरीक्षण



भागलपुर, प्रात :किरण संवाददाता

स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत चल रहे कार्यों में तेजी लाने को लेकर जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन ने कार्यों का निरीक्षण किया। स्थानीय सैंडिस कंपाउंड, भैरवा तलाव, टाउन हॉल के अलावा शहर के आसपास के इलाके में चल रहे कार्यों का जायजा लिया, साथ ही साथ जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन ने स्मार्ट सिटी के तहत कार्य करने वाले अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण कार्य करने को लेकर सख्त दिशा निर्देश दिए। वहीं काम में तेजी लाने को लेकर भी डीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिए। शहरी क्षेत्र में बनाए जाने वाले पार्किंग स्थलों को लेकर भी कई जगहों को चिन्हित किया गया। वहीं डीएम सुब्रत कुमार सेन ने कहा कि परियोजना के तहत भागलपुर वासियों को यातायात व्यवस्था को सुगमता से संचालन के लिए पार्किंग की व्यवस्था जल्द कराए जाएंगे।

# गजब: जिस नहर से होनी चाहिए सिचांई उसी को बना दिया खेत

विकास कुमार, प्रात :किरण संवाददाता



- मांझा प्रखंड के धनखर नहर के मुहाने को बंद कर की जा रही खेती

**गोपालगंज**। गोपालगंज में गंडक नहर विभाग की लापरवाही की वजह से जिस नहर से किसानों के खेतो तक पानी पहुंचना चाहिए। उसी नहर में किसान अब धान खेती करना शुरू कर दिए है। मामला माझा प्रखंड के धनखर नहर का है। जिसका स्लूइस गेट पिछले कई वर्षो से बंद कर दिया गया है। स्लूइस गेट के बंद कर दिए जाने के कारण इस उपवितरणी नहर में कही भी पानी नहीं जा रहा है। नतीजा यह है कि इस नहर में किसान धान का रोपनी करना षुरू कर दिए है। स्थानीय ग्रामीण का कहना है कि इस नहर में 4-5 वर्ष पहले पानी जाता था। लोग अपने अपने खेतो में पटवन भी करते थे। लेकिन पिछले पांच वर्ष से स्लूइस गेट के मुहाने को मिट्टी से भरकर पुरी तरह बंद कर दिया गया है। जिसके कारण मुख्य नहर से इसमें पानी नहीं जाता है। जिसके वजह से आसपास के किसान जिनकी जमीन इस नहर के बगल में है उन्होंने इस नहर में भी खेती करना शुरू कर दिया है। हैरत तो इस बात की है कि पिछले कई वर्षो से इस नहर में खेती की जा रही है। लेकिन इसकी खबर न तो स्थानीय प्रषासन को है और न ही गंडक नहर विभाग को। अब इसे अधिकारियों की लापरवाही समझे या विभाग की उदाषीनता जिसके कारण जिस जिस नहर से किसानों के खेतो की सिचाई होनी चाहिए उस नहर के मुहाने को बंद कर उसमें खेती कर पानी से वंचित किया जा रहा है। हालांकि इस संबध में डीएम डॉक्टर नवल किशोर चैधरी का कहना है कि सारण मुख्य गंडक नहर से 43 उपवितरणी निकला हुआ है। इसमें कई उपवितरणी नहर में किसी कारण से पानी नहीं जा रहा है। ऐसे नहरों में पानी पहुंचाने के लिए एसडीएम को निर्देश दिया गया है की वे तत्काल निरीक्षण कर करवाई करे। ताकि नहरों के आखरी छोर तक पानी को सप्लाई की जा सके और लोगो के खेतो में हर हाल में पानी पहुंचाया जा सके। अब देखना यह है कि डीएम साहब के आदेष का असर होता है या हवा हवाई साबित होता है।

# चकिया चैंबर ऑफ कॉमर्स ने किया इकाई का गठन

**चकिया**। चकिया चेम्बर ऑफ कॉमर्स की सांगठनिक इकाई का गठन विधिवत संपन्न हुआ। इस चुनाव के प्रभारी प्रमोद गुप्ता और चुनाव पर्यवेक्षक कन्हैया लाल सर्राफ ने संयुक्त बयान जारी कर इकाई के गठन की अधिकारिक घोषणा की। इन दोनों पदाधिकारियों की देखरेख में ही चुनाव की पूरी प्रक्रिया सम्पन्न हुई। चुनाव में श्याम सुंदर तोदी को चकिया इकाई का संरक्षक बनाया गया है। कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में कार्यभार देख रहे पवन सर्राफ को कार्य विस्तार देकर अध्यक्ष बनाया गया है। इसके अतिरिक्त पदाधिकारियों में सचिव लखिन्द्र कुमार गुप्ता, उपाध्यक्ष सुशील पोदार, उपाध्यक्ष संजय गुप्ता, सह सचिव शंभू तुलस्यान, कोषाध्यक्ष अशोक जायसवाल शामिल हैं। इसके अतिरिक्त पन्द्रह लोगों को कार्यकारिणी के सदस्य के रूप में जिम्मेदारी दी गई है। जिनमें कन्हैया लाल सर्राफ, हरजीत सिंह राजू, प्रमोद कुशवाहा, मनोज तुलस्यान, संदीप सुल्तानिया, रमेश गुप्ता, नंदू यादव, राजेश यादव, मनोज चौधरी, उमेश चौरसिया, केशर सिंह, रमेश कुमार, मोहन भार्गव, मनीष सुल्तानिया व अमरजीत कुमार शामिल हैं।

# पंचायत स्तरीय बाल संरक्षण समिति गठित

मुजफ्फरपुर ,प्रात :किरण संवाददाता

राजीव गांधी सेवा केन्द्र आथर पर एक्शन एड के सहयोग से पंचायत स्तरीय बाल संरक्षण समिति का गठन किया गया। बैठक की अध्यक्षता मुखिया सुरेश कुमार ने की। बैठक में एक्शन एड के जिला समन्वयक अरविन्द कुमार ने आंकड़ों के माध्यम से बिहार, मुजफ्फरपुर और बोचहा प्रखंड की स्थितियों का उल्लेख किया जिसमें नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे 5 का जिक्र करते हुए बताया कि बच्चों एवं महिलाओं में कुपोषण का दर पहले से बढ़ गया है। बाल श्रम, बाल तस्करी, बाल विवाह, विषमलिंगानुपात, कन्या भ्रूणहत्या, फेक मैरेज पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। बाल विवाह,बाल मजदूरी,बाल तस्करी के कारण उससे होने वाले दुष्प्रभावों पर बात करते हुए पंचायत एवं वार्ड स्तरीय बाल संरक्षण समिति के गठन और इसकी भूमिकाओं के संबंध में विशेष चर्चा हुई।। मुखिया सह पंचायत बाल संरक्षण समिति के अध्यक्ष सुरेश कुमार ने उपस्थित सदस्यों से अपील की कि विशनपुर जगदीश पंचायत को बालश्रम व बाल विवाह मुक्त पंचायत बनाने में आप सभी पंचायत जनप्रतिनिधियों, सेवा प्रदाताओं की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। सभी सदस्यों को इस संबंध में अपने अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए संकल्प लेना होगा कि वे अपने पंचायत को बालश्रम व बाल विवाह व कुपोषण मुक्त बनायेंगे तथा शिक्षा के क्षेत्र में सभी बच्चों को स्कूल जाना सुनिश्चित करेंगे। आंगनबाड़ी सेविकाओं ने अशिक्षा, गरीबी और अभिभावकों में जागरूकता की कमी को बाल विवाह का कारण बताया। राजगीर कुमार, प्रखंड समन्वयक, एक्शन एड ने प्रधान मंत्री मातृ वंदना योजना के तहत बच्चे के जन्म तक पांच हजार रुपए और मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना के तहत एक बच्ची को कुल 90 हजार रूपए से अधिक दिए जाने की बात कही जिसमें बताया कि अविवाहित लड़की को इंटरमीडिएट पास करने पर 25 हजार तथा स्नातक करने पर एम के यू वाई के तहत 50 हजार रुपए मिलने का प्रावधान है।

# स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर योजना के तहत स्वनिधि महोत्सव कार्यक्रम आयोजित

गया, प्रात :किरण संवाददाता



- फुटफाटी वैडर के द्वारा स्टाल का निरक्षण मगव आयुक्त एव नगर निगम आयुक्त के द्वारा

दीनदयाल अंत्योदय योजना- राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन ऊअ - ठवछट योजना के SUSV घटक के अंतर्गत गया नगर निगम के सम्राट अशोक भवन में प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर योजना के तहत स्वनिधि महोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया है जिसका उद्घाटन मगध आयुक्त मयंक बड़बड़े, द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया है। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर आयुक्त अभिलाषा शर्मा द्वारा किया गया एवं सुशील मिश्र अपर निदेशक, नगर विकास एवं आवास विभाग, पटना अभिषेक भारद्वाज, राष्ट्रीय मिशन प्रबंधक, ठवछट, भारत सरकार, सोनल सिन्हा एवं आशीष पाठक राज मिशन प्रबंधक, नगर विकास एवं आवास विभाग, पटना द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित हुए थे।

स्वनिधि महोत्सव कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं नाटक नुक्कड़ के माध्यम से पूरे स्वनिधि महोत्सव में उपस्थित अतिथिगण, बैंक पदाधिकारी एवं फुटपाथी वेंडर के सामने बेहतरीन प्रस्तुति पेश किया गया है।

स्वयं सहायता समूह के द्वारा भिन्न भिन्न प्रकार से स्टॉल के साथ फुटपाथी वेंडर का भी स्टॉल लगाया गया जिसका भ्रमण मगध आयुक्त मयंक बड़बड़े, सुशील मिश्र अपर निदेशक, नगर विकास एवं आवास विभाग पटना, अभिषेक भारद्वाज, राष्ट्रीय मिशन प्रबंधक, एन यू एलम, भारत सरकार, सोनल सिन्हा एवं आशीष पाठक राज मिशन प्रबंधक, नगर विकास एवं आवास विभाग, पटना के द्वारा सभी स्टॉल का भ्रमण भी किया गया है।

**फुटपाठी वेंडर के द्वारा स्टॉल:-** इस कार्यक्रम के तहत फुटपाठी वेंडर के द्वारा फल का स्टॉल ,चाय स्टॉल, जूस स्टॉल , लिट्टी चोखा का स्टॉल ,नारियल पानी का स्टॉल , पानी पूरी का स्टॉल लगाया गया है। स्वयं सहायता समूह के द्वारा स्टॉल :- दुर्गा एसचीजी -जुट माइक्रो डोरी , टेडी वियर ,सुगिया एसचीजी -बरी ,आचार झोला , लता एसचीजी- गमछा , तौली, मूर्ति नारी शक्ति एसचीजी झसत्तू बादाम, लड्डू , नमकीन , लक्ष्मी एसचीजी- घी, सुजाता एलओ के द्वारा -मंडला डायरी, सैंड आर्ट, लाइट लैम्प ,चमेली एसचीजी- बैग, ब्रासस्लेट ,चाभी रिंग, लकड़ी की मूर्ति ,मिट्टी का दिया , परी एसचीजी के द्वारा-मसाला, सत्तू का स्टॉल लगाया गया है।

# जिला परिषद योजना में अनियमितता की जांच के आदेश

चांद/कैमूर, प्रात :किरण संवाददाता



प्रखंड में अइलाय गांव में जिला परिषद योजना में बरती गई अनियमितता के जांच का आदेश मुख्य कायार्पालक पदाधिकारी के द्वारा दिया गया है। सिरहिरा पंचायत समिति सदस्य दाउ सिंह ने जिला परिषद योजना में भारी गड़बड़ी का आरोप लगाया था। पंचायत समिति सदस्य दाउ सिंह के आवेदन के आलोक में मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी जिला परिषद ने जिला अभियंता को योजना में अनियमितता की जांच का रिपोर्ट तीन दिन के अंदर देने का निर्देश दिया है। मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी ने जांच के दिये आदेश में कहा है दाउ सिंह पंचायत समिति सदस्य ने परिवाद दायर कर आरोप लगाया है अइलाय गांव में जिला परिषद के द्वारा चयनित योजना में काम नहीं कराकर अभिकर्ता द्वारा दुसरे स्थान पर कार्य करवाए गए हैं। उन्होंने ने कहा 15 वे वित्त आयोग की अनटाइटड अनुदान योजना को क्रियान्वित करने में कथित अनियमितता बरती गई है। कार्यपालक पदाधिकारी ने जिला अभियंता को तीन दिन में जांच कर रिपोर्ट देने को कहा गया है। उन्होंने ने जांच करने के समय परिवाद दायर करने वाले दाउ सिंह को भी सूचना दी जाय। जुलाई के प्रथम सप्ताह में जिला परिषद योजना में काम में भारी गड़बड़ी का आरोप लगाया गया था। इस संबंध में दाउ सिंह ने कहा जिला परिषद के द्वारा चयनित योजना है धर्मेन्द्र कुशवाहा से मेन नाला तक पीसीसी निर्माण जबकि कार्य कराया गया बलु चौहान के घर से राजनाथ मौर्या के घर होते हुए बिराम साह के घर तक। पीसीसी गली निर्माण में भारी अनियमितता बरतने का आरोप है।

# गोपालगंज में शराब तस्करों को लेकर एक्शन में पुलिस

गोपालगंज,प्रात :किरण संवाददाता



शहर के हजियापुर दलित बस्ती में उत्पाद विभाग की टीम ने शराब के खिलाफ अभियान चलाकर छापेमारी कर भारी मात्रा में गुड़ के पास को बरामद कर लिया। बरामद गुड के पास को उत्पाद विभाग की टीम के द्वारा विनष्ट कर दिया गया। और इस कारोबार में शामिल कारोबारियों के गिरफ्तारी के लिए छापेमारी शुरू कर दी है।

फिलहाल उत्पाद विभाग की टीम द्वारा किए गए इस कार्रवाई से शराब कारोबारियों में हड़कंप मचा हुआ है। सूबे में पूर्ण शराबबंदी के बावजूद शराब का कारोबार थमने का नाम नहीं ले रहा है कहीं न कहीं आए दिन शराब की भठ्ठी और निर्मित शराब के आलावे शराब की बड़ी खेप बरामद हो रही है। जिससे शराबबंदी की पोल खुलती नजर आ रही है।

वही उत्पाद विभाग की टीम शराब कारोबारियों के खिलाफ लगातार कार्यवाई कर रही है। और एक बार फिर उत्पाद विभाग की टीम ने करवाई करते हुए हजियापुर दलित बस्ती में छापेमारी कर शराब बनाने के लिए रखे गए गुड़ के पास को बरामद कर नष्ट कर दिया। साथ ही ड्रोन की मदद से पूरे इलाके में नजर रखी जा रही है।

उत्पाद अधीक्षक राकेश कुमार ने बताया कि शराब के खिलाफ अभियान लगातार जारी है। उन्होंने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर हजियापुर दलित बस्ती में छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान शराब बनाने के लिए जमीन के अंदर छिपा कर रखे गुड़ के पास को बरामद कर विनष्ट कर दिया गया। हालांकि कारोबारी फरार होने में सफल रहा है जिसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

# भारत में बुजुर्गों के अतिरिक्त सुविधाओं में कटौती: आर.पी.एलौन

रोहतास ब्यूरो, प्रात : किरण

लोकसभा में रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव द्वारा कोरोना के समय बन्द की गई वरिष्ठ नागरिकों का रेल किराया रियायत (छुट) को भारी बोझ एवं सरकारी खजाने में घाटा बताते हुए इसे पुनः बहाल नही करने की घोषणा पर प्रतिक्रिया देते हुए नेशनल सीनियर सिटीजन एसोसिएशन के राष्ट्रीय महासचिव रामायण पांडेय एलौन ने कहा है की ये अत्यंत ही दुर्भाग्यपूर्ण एवं देश के लगभग 16 करोड़ बुजुर्गों का अपमान है। उन्होंने कहा की वरिष्ठ नागरिकों ने अपना पुरा जीवन देश एवं समाज के लिए समर्पित कर दिया है, वे अब सरकार के लिए बोझ बन गए है। कहा की इस सरकार की नजर तो पहले से ही वरिष्ठ नागरिकों की रेल किराया रियायत पर लगी हुई थी। 2016 में हाई लेवल रेलवे रिस्ट्रक्चरिंग कमिटी तथा 2019 में कैग द्वारा इसे बन्द कराने का प्रयास किया गया था लेकिन संघ के कड़े विरोध तथा आंदोलन के कारण सरकार को सफलता नही मिली तब मार्च 2020 में कोरोना के बहाने इसे बन्द कर दिया गया है। उन्होंने कहा की जहा दुनिया भर के देश अपने वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान करते हुए उन्हें अतिरिक्त सुविधाएं दे रहे है जबकी हमारी सरकार उन्हें बोझ बताते हुए पहले से मिल रही सुविधाओं में कटौती कर पैसा कमा रही है, जबकी मंत्रियों, सांसदों एवं विधायकों की सुविधाओं में बढ़ोतरी हो रही है।

# विजयमल चौधरी बने प्रखंड मत्स्य जीवी के मंत्री व रामराज चौधरी बने अध्यक्ष

रामगढ़, प्रात :किरण संवाददाता



**(कैमूर)**। स्थानीय प्रखंड में मत्स्य जीवी सहयोग समिति का चुनाव मंगलवार को शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न हुआ। अध्यक्ष, मंत्री व कार्यकारिणी सदस्य पद के लिये मतदान किया गया। प्रखंड क्षेत्र में कुल 1117 मतदाता है, जिसमे कुल 845 मतदातायों ने अपने मताधिकार का उपयोग किया,जो कुल लगभग 75.64 प्रतिशत मतदान हुआ।

मत्स्य जीवी सहयोग समिति चुनाव को लेकर, सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम किया गया था। मिली जानकारी के अनुसार मत्स्य जीवी सहयोग समिति का मतदान प्रखण्ड परिसर स्थित पुराना सभागार भवन तथा कृषि कार्यालय में बने बूथ में समपन्न कराया गया। सुबह सात बजे से ही मतदाता कतार में खड़े होकर अपने उम्मीदवार के लिए जमकर मतदान किये।9 बजे तक मतदान की गति धीमी रही उसके बाद मतदान की संख्या में तेजी आई, वही मतदान के अंत समय तक कुल 75.64 प्रतिशत मतदान हुआ। 1117 मत में 845 मत पड़ा। सुरक्षा के दृष्टिकोण से, प्रशासन का पुख्ता इंतजाम किया गया। मतदान केंद्र से 100 मीटर की दूरी तक मतदाता के अलावा किसी का भी प्रवेश वर्जित था। निर्वाचन पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रदीप कुमार ने बताया कि अध्यक्ष पद, सचिव पद और कार्यकारिणी सदस्य के लिए 37 सदस्यों ने नामांकन पर्चा दाखिल किया था। मिली जानकारी के अनुसार अध्यक्ष पद से रामराज चौधरी विजयी घोषित हुये उनके निकटम प्रत्यशी रहे अंगद चौधरी,वही मंत्री पद पर विजयमल चौधरी विजयी घोषित हुए,उनके निकटम प्रत्याशी रहे फिरोज अंसारी,बीडीओ प्रदीप कुमार द्वारा चुनाव परिणाम सुनाते ही, विजयी प्रत्याशियों के समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई।

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातःकिरण
पटना, शुक्रवार, 22 जुलाई 2022

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के ऑन करें
www.pratahkiran.com
@Pratahkiran
epaper.pratahkiran.com
@Pratahkiran

## संक्षिप्त खबरें



### टाटा प्रोजेक्ट्स के प्रबंध निदेशक बने विनायक पई

नई दिल्ली। टाटा प्रोजेक्ट्स ने विनायक पई को प्रबंध निदेशक (एमडी) नियुक्त करने की बृहस्पतिवार को घोषणा की। कंपनी ने एक बयान में बताया कि पई ने विनायक देशपांडे की जगह ली है जो लगभग 11 साल तक इस जिम्मेदारी को संभालने के बाद अब सेवानिवृत्त होने वाले हैं। पई को इस क्षेत्र में तीन दशक से अधिक का अनुभव है। यह कंपनी बड़े पैमाने की शहरी एवं औद्योगिक अवसंरचना परियोजनाओं की विशेषज्ञ है।

### बीएमडब्ल्यू ने 5 श्रृंखला में नया संस्करण 50 जहरे एम उतारा

नई दिल्ली। लग्जरी वाहन कंपनी बीएमडब्ल्यू इंडिया ने अपनी 5 श्रृंखला में एक नया संस्करण 50 जहरे एम पेश किया है। दिल्ली में इसकी शोरूम कीमत 67.5 लाख रुपये है। बीएमडब्ल्यू ने बृहस्पतिवार को जारी बयान में कहा कि इस कार का उत्पादन चेन्नई कारखाने में किया गया है। बीएमडब्ल्यू 530आई एम स्पोर्ट दो लीटर पेट्रोल इंजन में आएगी। जर्मनी की वाहन विनिमार्ता के अनुसार, यह वाहन सीमित संख्या में उपलब्ध होगा और इसकी ऑनलाइन बुकिंग आज से ही शुरू हो गई है। बीएमडब्ल्यू ने हाल में ह्य50 जहरे एमह्न के 10 विशेष संस्करण पेश करने की घोषणा की थी।

### बैटरी की आसान खरीद, रखरखाव के लिए टीजीवाई और टाटा मोटर्स में करार

मुंबई। टाटा ऑटोकॉम्प जीवाई बैटरीज ने बैटरियों की आसान खरीद और रखरखाव के लिए टाटा मोटर्स के साथ ऑफ्टरमार्केट समझौता किया है। टाटा ऑटोकॉम्प जीवाई बैटरीज को टाटा ग्रीन बैटरीज (टीजीवाई) के नाम से भी जाना जाता है। ऑफ्टरमार्केट से आशय बिक्री बाद की सेवाओं से होता है। कंपनी ने बृहस्पतिवार को जारी बयान में कहा कि इस समझौते के तहत टाटा मोटर के अधिकृत डीलरशिप केंद्रों और सर्विस स्टेशन पर इलेक्ट्रिक वाहन मालिकों को एक स्थान पर पर बैटरी संबंधी सभी सुविधाएं मिलेगी। बयान में कहा गया कि इस साझेदारी से टाटा ऑटोकॉम्प जीवाई बैटरीज को टाटा मोटर्स के अधिकृत डीलरशिप और सर्विस स्टेशनों के विशाल नेटवर्क का लाभ मिलेगा। टाटा जीवाई बैटरीज दरअसल टाटा ऑटोकॉम्प सिस्टम्स और जापान की जीएस कुहासा कारपोरेशन के बीच 50-50 प्रतिशत की भागीदारी वाला संयुक्त उद्यम है।

### पेट्रोल-डीजल के दाम में कोई बदलाव नहीं

नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव के बीच देश में गुरुवार को तेल विपणन कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया। अंतरराष्ट्रीय बाजार में लंदन ब्रेंट क्रूड आज 0.69 प्रतिशत गिरकर 106.18 डॉलर प्रति बैरल और अमेरिकी क्रूड 0.89 प्रतिशत की गिरावट के साथ 98.99 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा। सार्वजनिक क्षेत्र की देश की सबसे बड़ी तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन के अनुसार, दिल्ली में आज पेट्रोल 96.72 रुपये और डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर बिक रहा है।

# केंद्र ने तेलंगाना में चावल खरीद बहाल की : पीयूष गोयल

नई दिल्ली, एजेंसी



उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री पीयूष गोयल ने गुरुवार को बताया कि केंद्र ने तेलंगाना में केंद्रीय पूल (के लिए चावल खरीद संचालन को बहाल करने का फैसला किया है।

केंद्र की मुफ्त राशन योजना के लिए तेलंगाना द्वारा अनाज न उठाने और एथनॉल कार्यक्रम के लिए उचित पहल न करने के कारण वहां से केंद्रीय पूल में चावल डिलीवरी कर दी गयी थी।

श्री गोयल ने यहां संवाददाताओं से बातचीत में तेलंगाना सरकार की इस बात के लिए आलोचना की कि राज्य सरकार ने केंद्र से बार-बार याद दिलाने के बावजूद प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना (पीएमजीकेएवाई) के तहत अप्रैल और मई में गरीबों को राशन वितरित नहीं किया गया। श्री गोयल के पास वाणिज्य एवं उद्योग और कपड़ा मंत्रालय का भी दायित्व है।

श्री गोयल ने कहा कि केंद्र सरकार गरीबों और किसानों के लिए प्रतिबद्ध और चिंतित है। पीएमजीकेएवाई के माध्यम से केंद्र सरकार यह सुनिश्चित करना चाहती है कि कोई भी गरीब व्यक्ति अपने अधिकार से वंचित न रहे और उसे उसका पूरा हक मिले। मंत्री ने कहा, ऱतेलंगाना सरकार ने अप्रैल और मई के दौरान खरीद की विकेंद्रित व्यवस्था (डीसीपी) के भंडार से पहले ही काफी मात्रा (1.90 लाख टन ) उठा ली है, लेकिन इसे वितरित नहीं किया गया है, जिससे केंद्रीय योजना के लाभार्थियों को लाभ नहीं मिल रहा है।

डीसीपी के तहत राज्यों की एजेंसियों द्वारा खरीदे गए अतिरिक्त अनाज (गेहूं,चावल) की खरीद, भंडारण और वितरण का खर्च केंद्र उन्हें वापस चुकाता है। उन्होंने बताया कि राज्य में धान के भौतिक सत्यापन (पीवी) के दौरान केंद्रीय टीम की रिपोर्ट के आधार पर मार्च 2022 में दायित्व पूरा न करने वाली चावल मिलों के खिलाफतत्काल सख्त कार्रवाई करने के लिए राज्य सरकार सूचित किया गया था। राज्य में 40 मिलों में 4,53,896 बोरी चावल कम पाए गए थे। राज्य सरकार को मई 2022 को फिर से सूचित किया गया गया कि 63 मिलों में कुल 1,37,872 बोरी चावल की कमी देखी गई। वहां 492 मिलों में 2020-21 के धान को गणना की दृष्टि से ठीक से संग्रहीत नहीं किये जाने से स्टाक की भौतिक पुष्टि नहीं की जा सकी थी।

श्री गोयल ने यह भी कहा कि तेलंगाना को पेट्रोल में 20 तक एथेनॉल मिश्रण के कार्यक्रम के लिए 36 करोड़ लीटर अतिरिक्त वार्षिक क्षमता की आवश्यकता है। लेकिन, राज्य सरकार ने इस पर कार्रवाई नहीं की। उन्होंने कहा कि एथेनॉल के प्रसंस्करण से किसानों को मदद मिल सकती थी, युवाओं के लिए रोजगार पैदा हो सकता था और निवेश भी हो सकता था। इससे पेट्रोलियम के आयात को कम करने में भी मदद मिलती और इससे विदेशी मुद्रा की बचत होती। उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय की एक विज्ञपति के अनुसार तेलंगाना सरकार के नागरिक आपूर्ति विभाग ने इस वर्ष अप्रैल से शुरू होने वाली प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना (पीएमजीकेएवाई) चरण - छह योजना के तहत वितरण के लिए कच्चा चावल उठाया था, जहां सरकार द्वारा मुफ्त खाद्यान्न उपलब्ध कराया जा रहा है। भारत सरकार ने कोविड-19 महामारी के कारण जनता के सामने आने वाली कठिनाइयों को कम करने के लिए, हालांकि, इसे जून की शुरूआत तक लाभार्थियों के बीच वितरित नहीं किया गया था।

इसके अतिरिक्त, राज्य सरकार एथनॉल के निर्माण के लिए राज्य में आसवनी की स्थापना के लिए आवेदनों के प्रसंस्करण में भी सक्रिय कार्रवाई नहीं कर रही थी। बयान में कहा गया कि उपरोक्त मुद्दों पर राज्य सरकार की ओर से निष्क्रियता के कारण, तेलंगाना में सात जून से केंद्रीय पूल में चावल की डिलीवरी को राज्य सरकार द्वारा कोई ठोस कार्रवाई शुरू करने तक रोकने का निर्णय लिया गया था।

## दिल्ली मेट्रो ने इलेक्ट्रिक तिपहिया के लिए दिए 300 परमिट, महिलाएं होंगी चालक



नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली मेट्रो ने इलेक्ट्रिक तिपहिया के लिये 300 परमिट आवंटित किये हैं। ये तिपहिया महिलाएं चलाएंगी और अंतिम छोर तक संपर्क सुविधाएं उपलब्ध कराएंगी। एक बयान में बुधवार को यह जानकारी दी गई। ई-ऑटो के लिये परमिट इलेक्ट्रिक वाहन समाधान और सेवा प्रदाता ईटीओ मोटर्स को दिये गये हैं। पहले चरण में अगस्त में 50 ई-ऑटो परिचालन में आ जाएंगे। ईटीओ मोटर्स ने बयान में कहा कि कंपनी ने जीएमआर वारालक्ष्मी फाउंडेशन एंड एमओडब्ल्यूओ के साथ समझौता किया है।

एमओडब्ल्यूओ गैर-सरकारी संगठन है जो महिलाओं के लिये सुरक्षित परिवहन को बढ़ावा देता है। बयान के अनुसार, गैर-सरकारी संगठन ई-वाहन सेवाओं के लिये महिला चालकों को प्रशिक्षण देगा। इस पहल का मकसद 300 महिलाओं के लिये आय का भरोसेमंद जरिया सृजित करना और उनके लिये अवसर बनाना है। महिलाओं द्वारा संचालित ई-ऑटो का रंग नीला तथा बैंगनी होगा। दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) ने परमिट दिये जाने की पुष्टि की है।

## एडीबी ने भारत के विकास अनुमान में की कटौती

नई दिल्ली, एजेंसी

एशियन डेवलपमेंट बैंक (एडीबी) ने केंद्रीय बैंक द्वारा मौद्रिक सख्ती के साथ अप्रैल से महंगाई अनुमान से ज्यादा होने का हवाला देते हुए गुरुवार को 2022-23 के लिए भारत के विकास के अनुमान को कम कर दिया है। इसे 7.5 फीसदी के घटाकर 7.2 फीसदी कर दिया। मनीला स्थित मल्टीनेशनल फंडिंग एजेंसी ने भारत के लिए अपने मुद्रास्फीति के अनुमान को भी बढ़ा दिया।

इसे वित्त वर्ष 2023 के लिए पहले के 5.8 फीसदी से बढ़ाकर 6.7 फीसदी कर दिया। अपने नवीनतम एशियाई विकास आउटलुक (एडीओ) सप्लीमेंट में एडीबी ने कहा कि, 'कंज्यूमर विश्वास में सुधार जारी है। उम्मीद से ज्यादा महंगाई ग्रोहकों की परचेजिंग पावर को कम कर सकती है। उल्लेखनीय है कि जनवरी से मार्च की अवधि के दौरान भारत की अर्थव्यवस्था 4.1 फीसदी बढ़ी थी, जो पिछली चार तिमाहियों में सबसे धीमी थी। रूस और यूक्रेन के संकट की वजह से सप्लाई में व्यवधान और उच्च कमोडिटी एवं कच्चे तेल की कीमतें प्रभावित हुईं।

एशियन डेवलपमेंट बैंक के अनुसार भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई ) महंगाई को नियंत्रित करने के लिए नीतिगत दरों में वृद्धि जारी रखता है। एडीओ रिपोर्ट में कहा गया है कि साल 2020 में कोविड-19 महामारी के बाद से सर्विस सेक्टर वित्त वर्ष 2022 में अच्छा प्रदर्शन करेगा क्योंकि अर्थव्यवस्था खुल रही है और यात्रा फिर से शुरू हुई है।

अप्रैल में भारत में मुद्रास्फीति, उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) 7.8 फीसदी और मई में 7.0 फीसदी थी, जो आरबीआई के लक्ष्य (2 से 6 फीसदी) की ऊपरी सीमा से काफी ऊपर है। एडीबी ने कहा कि वित्त वर्ष 2023 के लिए मुद्रास्फीति का अनुमान 5.0 फीसदी से बढ़ाकर 5.8 फीसदी कर दिया गया है।

## एम्स के प्राइवेट वार्ड में कमरा लेने पर लगेगा 5 फीसदी जीएसटी, 18 जुलाई से लागू

### अब 5 फीसदी जीएसटी के साथ एक डीलक्स कमरे का किराया 6300 रुपये होगा

नई दिल्ली, एजेंसी

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में इलाज कराना और महंगा हो गया है। एम्स के वित्त प्रभाग ने देर रात जारी आदेश में कहा है कि अब प्राइवेट वॉर्ड के डीलक्स कमरों के लिए मरीजों को 5 फीसदी जीएसटी भी चुकाना होगा। एम्स के वित्त प्रभाग ने गुरुवार को बताया कि इसे 18 जुलाई से लागू कर दिया गया है। एम्स प्रशासन के जारी आदेश के मुताबिक डीलक्स कमरे लेने वाले मरीजों को अब भर्ती होने के पहले 10 दिन का अग्रिम राशि जमा कराना होगा।

इसमें 5 फीसदी जीएसटी और डायट चार्ज भी शामिल होगा। इस लिहाजा से किसी मरीज को प्राइवेट वार्ड में अपना इलाज करवाने से पहले 66 हजार रुपये जमा कराना होगा।



- एम्स प्रशासन के जारी आदेश के मुताबिक डीलक्स कमरे लेने वाले मरीजों को अब भर्ती होने के पहले 10 दिन का अग्रिम राशि जमा कराना होगा।

वित्त प्रभाग के मुताबिक प्राइवेट वॉर्ड के डीलक्स कमरों के लिए रोजाना मरीजों को 300 रुपये अतिरिक्त देना होगा। इस बढ़ोत्तरी के बाद एक डीलक्स कमरे का किराया 5 फीसदी जीएसटी जोड़ने के बाद बढ़कर 6300 रुपये हो गया है। इसके साथ ही अगर मरीज डीलक्स कमरे में वैकल्पिक तौर पर भोजन चाहता है, तो उसे 300 रुपये अतिरिक्त देने होंगे।

वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) परिषद की 47वीं बैठक में विभिन्न उत्पादों पर जीएसटी की दरों में बदलाव और टैक्स स्लैब में कटौती और बढ़ोतरी की है।

इसके मुतबिक अब इंटेसिव केयर यूनिट (आईसीयू) को छोड़कर अस्पताल के प्रतिदिन 5 हजार रुपये से अधिक वाले कमरों पर 5 फीसदी जीएसटी लगेगा। अस्पताल के कमरों पर लगने वाला 5 फीसदी जीएसटी 18 जुलाई से लागू हो चुका है।

## क्रिएटिव गैलीलियो ने वित्तपोषण दौर से 75 लाख डॉलर जुटाए

नई दिल्ली, एजेंसी

शिक्षा-प्रौद्योगिकी (एडटेक) मंच क्रिएटिव गैलीलियो ने कलारी कैपिटल समेत निवेशकों के एक समूह से वित्तपोषण दौर में 75 लाख डॉलर यानी लगभग 60 करोड़ रुपये जुटाए हैं। कंपनी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। श्रृंखला ए वित्तपोषण दौर में अफर्मा कैपिटल, ईस्ट वेंचर्स, वेलियंट एम्प्लाई इंवेस्टमेंट फंड और एंजल निवेशकों ने भी हिस्सा लिया था। इसके साथ ही क्रिएटिव गैलीलियो की कुल पूंजी बढ़कर एक करोड़ डॉलर हो गई है। पिछले साल जुलाई में हुए अग्रिम श्रृंखला ए दौर में कंपनी ने 25 लाख डॉलर जुटाए थे।

गैलीलियो की संस्थापक प्रेरणा ए झुनझुनवाला ने कहा कि कंपनी ने चार करोड़ डॉलर के मूल्यांकन पर नया धन जुटाया है, जो पिछले साल जुलाई में लगभग 1.25 करोड़ डॉलर के मूल्यांकन की तुलना में तीन गुना अधिक है। जुलाई, 2020 में स्थापित



हुई इस कंपनी ने 70 लाख से अधिक डाउनलोड का दावा किया है। कंपनी नए फंड का उपयोग कई भौगोलिक क्षेत्रों में भर्तियों में तेजी लाने, क्षेत्रीय भाषाओं की पेशकश में और मंच के अनुसंधान एवं विकास को और मजबूत करने के लिए करेगी।

झुनझुनवाला ने कहा कि कंपनी बच्चों की सीखने की यात्रा को और अधिक व्यक्तिगत बनाने के लिए नए उत्पाद पेश करेगी। क्रिएटिव गैलीलियो तीन से दस वर्ष की आयु के बच्चों के लिए एक चरित्र-आधारित प्रारंभिक शिक्षा मंच है। कंपनी की योजना एक साल में अपनी टीम को मौजूदा 30 से बढ़ाकर 60 करने की है।

## माइक्रोसॉफ्ट इंडिया देश का सबसे आकर्षक नियोक्ता बांड, मर्सिडीज बेंज दूसरे स्थान पर : सर्वे

नई दिल्ली, एजेंसी

दिग्गज प्रौद्योगिकी कंपनी माइक्रोसॉफ्ट इंडिया देश का सबसे आकर्षक नियोक्ता ब्रांड है। बृहस्पतिवार को जारी एक सर्वेक्षण के अनुसार, मर्सिडीज बेंज इंडिया सबसे आकर्षक नियोक्ता की सूची में दूसरे स्थान पर और अमेजन इंडिया तीसरे स्थान पर है। रैंडस्टैड नियोक्ता ब्रांड अनुसंधान-2022 मुताबिक, माइक्रोसॉफ्ट इंडिया ने वित्तीय मोर्चे, छवि या प्रतिष्ठा, आकर्षक वेतन और लाभ देने के मामले में सबसे अधिक अंक हासिल किए हैं। किसी भी संगठन या कंपनी के लिए आकर्षक ब्रांड बनने को ये तीन सबसे महत्वपूर्ण तत्व हैं।




सर्वेक्षण में कहा गया कि 2022 के लिए दस सबसे आकर्षक नियोक्ताओं की सूची में चौथे स्थान पर हेवलेट पैकर्ड, पांचवें पर इन्फोसिस, छठे पर विप्रो, सातवें पर टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, आठवें पर टाटा स्टील, नौवें पर टाटा पावर कंपनी और दसवें पर सैमसंग है।

यह सर्वेक्षण वैश्विक स्तर पर 31 देशों की 5,944 कंपनियों पर 1,63,000 से अधिक लोगों की राय पर आधारित है। सर्वे में 18 से 65 साल के आयु वर्ग में आम लोगों की राय जानी गई।

सर्वे के अनुसार, 10 में से नौ भारतीय कर्मचारी (88 प्रतिशत) प्रशिक्षण और व्यक्तिगत करियर की वृद्धि को सबसे महत्वपूर्ण मानते हैं।

## नीति आयोग के नवाचार सूचकांक में प्रमुख राज्यों की श्रेणी में कर्नाटक शीर्ष स्थान पर

नई दिल्ली, एजेंसी

नीति आयोग के तीसरे नवाचार सूचकांक में 17 प्रमुख राज्यों की श्रेणी में कर्नाटक शीर्ष स्थान पर रहा जबकि तेलंगाना दूसरे और हरियाणा तीसरे स्थान पर है। आयोग के भारत नवाचार सूचकांक, 2021 में राज्यों के स्तर पर नवाचार क्षमताओं और परिवेश की पड़ताल की गई है। भारत नवाचार सूचकांक के तीसरे संस्करण को नीति आयोग के उपाध्यक्ष सुमन बेरी ने मुख्य कार्यपालक अधिकारी परमेश्वरन अय्यर की उपस्थिति में जारी किया। इस सूचकांक को वैश्विक नवाचार सूचकांक की तर्ज पर विकसित किया गया है। एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को उनके प्रदर्शन की प्रभावी तुलना करने के लिए 17 प्रमुख राज्यों, 10 पूर्वोत्तर और पहाड़ी राज्यों तथा 9 केंद्र शासित प्रदेशों एवं शहर राज्यों की श्रेणी में वगीर्कृत किया गया था। प्रमुख राज्यों में कर्नाटक राज्य लगातार तीसरे वर्ष पहले स्थान पर रहा है। वहीं, सबसे निचले पायदान पर छत्तीसगढ़, ओडिशा और बिहार हैं। केंद्र शासित प्रदेशों में चंडीगढ़ पहले स्थान पर वहीं पूर्वोत्तर और पहाड़ी राज्यों की श्रेणी में मणिपुर शीर्ष पर है। सूचकांक के मुताबिक, 17 प्रमुख राज्यों में 18.01 अंक के साथ कर्नाटक का प्रदर्शन श्रेष्ठ पाया गया। इसके बाद क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर तेलंगाना और हरियाणा हैं। छत्तीसगढ़ को सबसे कम 10.97 अंक मिले। प्रमुख राज्यों की श्रेणी में औसत अंक 14.02 रहे। कुल मिलाकर सूचकांक अंक 14.56 थे। सूचकांक के मुताबिक प्रत्यक्ष विदेशी निवेश आकर्षित करने में शानदार प्रदर्शन और बड़ी संख्या में उद्यम पंजी सौदों के बूते कर्नाटक को सबसे अधिक अंक मिले। इसमें कहा गया कि उत्तर प्रदेश और हरियाणा ने बड़ी संख्या में इंटरनेट उपभोक्ताओं के साथ ही निवेश के लिए सुरक्षित परिवेश और नवोन्मेषी कारोबारी माहौल को बढ़ावा देने में उल्लेखनीय वृद्धि हासिल की।

पूर्वोत्तर और पहाड़ी राज्यों की श्रेणी में औसत अंक 14.41 रहे, मणिपुर को 19.37 अंक मिले और यह इस श्रेणी में शीर्ष पर रहा। दूसरे स्थान पर उत्तराखंड रहा। 11 अंक के साथ नगालैंड सबसे निचले स्थान पर रहा। केंद्र शासित प्रदेशों एवं शहर-राज्यों की श्रेणी में औसत अंक 15.74 रहे जो राष्ट्रीय औसत से अधिक है। नीति आयोग के मुख्य कार्यपालक अधिकारी परमेश्वरन अय्यर ने कहा कि आयोग देश में राज्यों के नवाचार पर निगरानी रखने को प्रतिबद्ध है और यह काम भारत नवाचार सूचकांक के जरिए जारी रहेगा। उन्होंने कहा, हम राज्यों और अन्य संबंधित पक्षों के साथ साझेदारी में देशभर में नवाचार परिवेश को बेहतर बनाना चाहते हैं। नीति आयोग के सदस्य वी के सारस्वत ने कहा कि नवाचार टिकाऊ और समावेशी विकास की कुंजी है। उन्होंने कहा, यह (नवाचार) हमारे दौर की सबसे बड़ी चुनौतियों से निपटने में हमें मदद देता है, लाखों लोगों को गरीबी से निकालता है, आजीविका के अवसर पैदा करता है और आत्मनिर्भर भारत के रास्ते पर आगे बढ़ाता है। सूचकांक के पहले और दूसरे संस्करण को क्रमशः अक्टूबर, 2019 और जनवरी, 2021 में जारी किया गया था। एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि सूचकांक का तीसरा संस्करण देश में नवाचार विश्लेषण के दायरे को मजबूत करता है। पिछले संस्करणों में 36 संकेतकों के आधार पर विश्लेषण किया गया था लेकिन इस बार 66 संकेतकों का इस्तेमाल किया गया।

## सपाट शुरूआत के बाद शेयर बाजार में सुधार के संकेत

नई दिल्ली, एजेंसी

मिले-जुले ग्लोबल संकेतों के बीच घरेलू शेयर बाजार ने आज सपाट शुरूआत की। हालांकि जैसे-जैसे कारोबारी गतिविधियां आगे बढ़ीं, शेयर बाजार में खरीदार भी एक्टिव होते नजर आए। जिसके कारण सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों में मजबूती का रुख बनता दिखा। इस बीच थोड़ी- थोड़ी देर में बिकवाली का झटका भी लगता रहा। इसके बावजूद लिवाली का जोर ज्यादा होने की वजह से सेंसेक्स और निफ्टी की चाल में मजबूती बनी रही।

शुरूआती 1 घंटे के कारोबार में दिग्गज शेयरों में से इंडसइंड बैंक, हिंडाल्को इंडस्ट्रीज, यूपीएल, टाटा कंस्ट्रक्शन्स और अडाणी पोर्ट्स के शेयरों में लगातार हो रही लिवाली के सपोर्ट से मजबूती का रुख बना हुआ है। दूसरी ओर टेक महिंद्रा, कोटक महिंद्रा बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस और एचडीएफसी बैंक के शेयर बिकवाली के दबाव में फंस कर गिरावट का सामना करते नजर आ रहे हैं।

बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) के सेंसेक्स ने आज 5.60 अंक की सांकेतिक कमजोरी के साथ 55,391.93 अंक के स्तर से कारोबार की शुरूआत की। शुरूआती कारोबार में ही सेंसेक्स 126.78 अंक लुढ़क कर 55,270.75 अंक के स्तर पर पहुंच गया। लेकिन इसके बाद खरीदारों ने बाजार में मोर्चा संभाल लिया, जिसके कारण सेंसेक्स में तेजी आने लगी।

कारोबार के बीच में शेयर बाजार में रह-रह कर बिकवाली के झटके भी लगते रहे। इसके बावजूद सेंसेक्स लगातार ऊपर की ओर चढ़ता गया। लगातार जारी खरीद बिक्री के बीच शुरूआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10:15 बजे सेंसेक्स 176.01 अंक की मजबूती के साथ 55,573.54 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था।

सेंसेक्स की तरह ही नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी आज 2.70 अंक की सांकेतिक मजबूती के साथ 16,523.55 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरूआत में ही निफ्टी 36.95 अंक कमजोर होकर 16,483.90 अंक पर पहुंच गया। लेकिन इसके बाद बाजार में खरीदारों के एक्टिव हो जाने से निफ्टी की चाल को भी सहारा मिला और ये सूचकांक बिकवाली के मामूली झटकों का सामना करते हुए ऊपर की ओर चढ़ने लगा। लगातार जारी खरीद बिक्री के बीच शुरूआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10:15 बजे निफ्टी 53.90 अंक की तेजी के साथ 16,574.75 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था।

## वाहन कलपुर्जा कंपनियों के सालाना राजस्व में 8-10% की बढ़ोतरी होगी : इक्रा



नई दिल्ली, एजेंसी

वाहन कलपुर्जे बनाने वाली 49 कंपनियों का सालाना राजस्व चालू वित्त वर्ष में आठ से 10 प्रतिशत की वृद्धि के साथ तीन लाख करोड़ रुपये पर पहुंच सकता है। घरेलू रेटिंग एजेंसी इक्रा ने बृहस्पतिवार को यह अनुमान लगाया है। इक्रा ने कहा कि स्थिर मांग के बीच आपूर्ति-श्रृंखला के मुद्दे धीरे-धीरे हल होने के साथ वाहन कलपुर्जा कंपनियों का राजस्व बढ़ेगा। इक्रा ने बयान में कहा कि मूल उपकरण विनिमार्ता (ओईएम) खंड की स्थिर मांग, वाहनों को बेहतर होने, स्थानीयकरण पर ध्यान, बेहतर निर्यात क्षमता और इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) अवसरों से वाहन कलपुर्जा आपूर्तिकताओं के लिए स्वस्थ वृद्धि की संभावनाएं बनी हैं। इक्रा का कहना है कि चालू वित्त वर्ष 2022-23 की पहली छमाही में लागत पर दबाव जारी रहेगा। हालांकि, जिंस कीमतों और आपूर्ति-पक्ष के मुद्दे हल होने से 2022-23 में परिचालन मार्जिन में 0.5 से 0.75 प्रतिशत का सुधार होगा। इक्रा को उम्मीद है कि वाहन कलपुर्जा कंपनियां 2022-23 में अपने पूंजीगत व्यय को धीरे-धीरे बढ़ाकर परिचालन आय का छह से 6.5 प्रतिशत करेंगी। यह 16,000-18,000 करोड़ रुपये बैठता है।

## उत्तर प्रदेश की वैश्विक ब्रांडिंग के लिए विदेश दौरों पर जाएंगे सरकार के मंत्री

लखनऊ, एजेंसी

उत्तर प्रदेश सरकार ने जनवरी 2023 में प्रस्तावित वैश्विक निवेशक सम्मेलन से पहले राज्य की वैश्विक ब्रांडिंग करने की खातिर वृहद योजना तैयार की है। इसके तहत आयोजन से पहले सरकार के विभिन्न मंत्री करीब एक दर्जन देशों में रोड शो करेंगे।

राज्य सरकार के एक प्रवक्ता ने यहां बताया कि जनवरी 2023 में आयोजित होने वाली यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के लिए राज्य सरकार ने बड़ी कार्य योजना तैयार की है। इसके तहत राज्य की वैश्विक ब्रांडिंग के लिए सम्मेलन से पहले प्रदेश के सभी मंत्री करीब 12 देशों का दौरा और रोड शो करेंगे। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश के ब्रांड एम्बेसडर के रूप में मंत्रियों का दल अलग-अलग देशों में रोड शो आयोजित कर उत्तर प्रदेश की क्षमताओं और संभावनाओं से परिचय कराएगा। ऐसी संभावना है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ खुद भी किसी एक देश के दौरे पर जाएंगे। प्रवक्ता ने बताया कि सिंगापुर ने आगे बढ़कर यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर समिट के लिए फर्स्ट कंट्री पार्टनर बनने की इच्छा जताई है। इससे पहले वर्ष 2018 के निवेशक सम्मेलन में नीदरलैंड, जापान, स्लोवाकिया, फिनलैंड, चेक रिपब्लिक, मॉरीशस, थाईलैंड, नेपाल, बेल्जियम कंट्री पार्टनर रहे हैं। इन देशों के साथ-साथ ब्रिटेन, अमेरिका, संयुक्त अरब अमीरात, कनाडा, स्वीडन, सिंगापुर, नीदरलैंड, इजराइल, फ्रांस, जर्मनी, दक्षिण कोरिया, मॉरीशस, रूस और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों में रोड शो आयोजित करने की तैयारी है। मंत्रियों के यह दौरे इस साल सितंबर से नवम्बर महीने के बीच हो सकते हैं।

योजना के अनुसार एक कैबिनेट मंत्री की टीम में एक स्वतन्त्र प्रभार के राज्य मंत्री और एक राज्य मंत्री हो सकते हैं। इस बाबत तैयारी शुरू हो चुकी है। प्रवक्ता ने बताया कि इन दौरों के दौरान औद्योगिक जगत के लोगों से मिलकर उत्तर प्रदेश में निवेश के अनुकूल माहौल का हवाला देते हुए निवेश के लिए आमंत्रित किया जाएगा। साथ ही उन देशों में प्रवासी भारतीयों खासकर उत्तर प्रदेश के लोगों से संवाद कर प्रदेश के बदले माहौल और भावी कार्ययोजना पर बातचीत भी होगी।

प्रस्तावित समिट में 10 लाख करोड़ रुपये का औद्योगिक निवेश जुटाने का लक्ष्य है। प्रवक्ता ने बताया कि औद्योगिक निवेश से रोजगार के बड़े अवसरों को देखते हुए मुख्यमंत्री ने औद्योगिक निवेश के माहौल को और बेहतर करने के लिए नियमों में समयानुकूल बदलाव करने को कहा है। उन्होंने बताया कि मंत्रियों के विदेश दौरों से पहले खाद्य प्रसंस्करण, हथकरघा, पॉवरलूम, सूचना प्रौद्योगिकी, जैव ईंधन, फिल्म एवं मीडिया, पर्यटन, सौर ऊर्जा, इलेक्ट्रिक वाहन, एनिमेशन, विजुअल इफेक्ट, गेमिंग और कॉमिक इंडस्ट्री, खिलौना निर्माण, नागर विमानन, आवास एवं रियल एस्टेट सहित एक दर्जन नई क्षेत्रवार नीति के साथ निवेशकों को आमंत्रित किया जाएगा।

## संक्षिप्त खबरें

### वीनस विलियम्स को टोरंटो ओपन के लिये वाइल्ड कार्ड

टोरंटो। शीर्ष टेनिस खिलाड़ी और सात बार की ग्रैंडस्लैम चैंपियन वीनस विलियम्स को अगले महीने होने वाले नेशनल बैंक ओपन के मुख्य ड्रॉ में वाइल्ड कार्ड से प्रवेश दिया गया है। वीनस 2019 के बाद पहली बार टोरंटो में खेलेगी और अगस्त 2021 के बाद पहली बार डब्ल्यूटीए टूर में एकल में वापसी करेंगी। विश्व की पूर्व नंबर एक खिलाड़ी और पांच बार की विंबलडन चैंपियन आखिरी बार इस महीने की शुरूआत में विंबलडन के मिश्रित युगल में खेली थी जहां उन्होंने ब्रिटेन की जेमी मर्रे के साथ जोड़ी बनायी थी। वीनस 41 बार की डब्ल्यूटीए एकल चैंपियन और ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता हैं। उनकी बहन सेरेना विलियम्स टोरंटो ओपन के पिछले सप्ताह जारी किये गये आधिकारिक ड्रॉ में शामिल थी।

### जोकोविच पर भारी पड़ेगा कोविड वैक्सीन का विरोध

नई दिल्ली। वर्ल्ड नंबर-1 टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच पर कोविड-19 वैक्सीन का विरोध एक बार फिर भारी पड़ सकता है। अब तक वैक्सीन नहीं लगवाने के कारण वह यूएस ओपन चूक सकते हैं। इस साल की शुरूआत में ऑस्ट्रेलियन ओपन में भी जोकोविच इसी वजह से हिस्सा नहीं ले सके थे। दरअसल, यूएस में एंट्री के लिए बाहरी लोगों को कोविड-19 वैक्सीन लगाना अनिवार्य है। जबकि जोकोविच वैक्सीनेशन की इस अनिवार्यता के खिलाफ हैं। वह इसे व्यक्तिगत स्वतंत्रता से जोड़कर देखते हैं। उनके मुताबिक वैक्सीन लगवाना या नहीं लगवाने का फैसला व्यक्ति का अपना होना चाहिए। सरकारों द्वारा इस फैसले को जबरदस्ती नहीं थोपा जाना चाहिए। अपने इसी एजंडे पर कायम रहते हुए जोकोविच ने अब तक वैक्सीन नहीं लगवाई है। इधर, यूएस ओपन ने अपने महिला और पुरुष सिंगल इवेंट के लिए खिलाड़ियों की लिस्ट जारी कर दी है। इसमें सर्बिया के नोवाक जोकोविच का नाम भी शामिल है। लेकिन इसके साथ ही यूएस ओपन ने जो बयान जारी किया है वह जोकोविच के लिए चिंता बढ़ाने वाला है। यूएस ओपन के बयान में कहा गया है, 'यूएस ओपन का वैक्सीनेशन को लेकर कोई मत नहीं है। लेकिन वह बाहरी लोगों के प्रवेश के मामले में यूएस गवर्मेंट की वैक्सीनेशन पॉलिसी का सम्मान करता है।'

### दक्षिण अफ्रीका की टी20 लीग में मुंबई इंडियंस ने खरीदी टीम

नई दिल्ली। दक्षिण अफ्रीका में अगले साल से नई टी20 लीग शुरू होने जा रही है। दक्षिण अफ्रीका की नई टी20 लीग की सभी 6 टीमों को आईपीएल के फ्रेंचाइजी मालिकों ने खरीदा है। पांच बार की आईपीएल चैंपियन मुंबई इंडियंस फ्रेंचाइजी ने केपटाउन की टीम को खरीदने पर खुशी जाहिर की है। चार बार की आईपीएल विजेता चेन्नई सुपर किंग्स के मालिक ने जोहान्सबर्ग की टीम को खरीदा है। रिलायंस इंडस्ट्रीज द्वारा केप टाउन फ्रेंचाइजी का अधिग्रहण कंपनी द्वारा संयुक्त अरब अमीरात स्थित इंटरनेशनल लीग टी20 में एक टीम का अधिग्रहण करने के बाद हुआ है। रिलायंस इंडस्ट्रीज निदेशक नीता अंबानी ने कहा, ₹मुझे रिलायंस परिवार में अपनी नई टी20 टीम का स्वागत करते हुए खुशी हो रही है। हम मुंबई इंडियंस के निडर और मनोरंजक क्रिकेट के ब्रांड को दक्षिण अफ्रीका में ले जाने के लिए उत्साहित हैं, एक ऐसा देश जो क्रिकेट से उतना ही प्यार करता है जितना हम भारत में करते हैं। उन्होंने कहा, दक्षिण अफ्रीका में क्रिकेट खेलने का अच्छा माहौल है और हम यहां लीग को शुरू करने के लिए तत्पर हैं।

# वेस्टइंडीज के खिलाफ भारत के दूसरी कतार के खिलाड़ियों की होगी परीक्षा

**पोर्ट ऑफ स्पेन (त्रिनिदाद), एजेंसी**



शिखर धवन की अगुवाई में वेस्टइंडीज के खिलाफ शुक्रवार से शुरू होने वाली तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला में भारत के दूसरी कतार में शामिल क्रिकेटरों की परीक्षा होगी। यह श्रृंखला ऐसे समय में हो रही है जबकि द्विपक्षीय वनडे मैचों के आयोजन को लेकर चर्चा जोरों पर है।

बेन स्टोक्स के अचानक वनडे से संन्यास लेने से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के व्यस्त कार्यक्रम विशेषकर द्विपक्षीय श्रृंखलाओं को लेकर चर्चा ने जोर पकड़ा है। इंग्लैंड के इस ऑलराउंडर ने स्पष्ट किया है कि तीनों प्रारूप में नियमित रूप से खेलना असंभव है। ऐसे में टेस्ट और टी20 के बीच में फंसे वनडे क्रिकेट के लिए अपनी जगह बनाना मुश्किल होता जा रहा है। वेस्टइंडीज फरवरी में तीन वनडे और इतने ही टी20 मैच खेलने के लिए भारत आया था और इन दोनों टीमों के बीच फिर से सीमित ओवरों की श्रृंखला हो रही है। इस साल टी-20 विश्व कप खेला जाना है और ऐसे में वन डे का महत्व थोड़ा कम हो गया है लेकिन शीर्ष खिलाड़ियों की अनुपस्थिति में नए खिलाड़ियों को मौका मिलेगा और वह इस श्रृंखला में अपनी छाप छोड़ना चाहेंगे। केवल वनडे प्रारूप में खेल रहे धवन अपने करियर में दूसरी बार भारत की अगुवाई करेंगे क्योंकि नियमित कप्तान रोहित शर्मा को इस श्रृंखला के लिए विश्राम दिया गया है। उनके अलावा मोहम्मद शमी, जसप्रीत बुमराह, ऋषभ पंत, हार्दिक पंड्या और विराट कोहली को भी विश्राम दिया गया है। इंग्लैंड की श्रृंखला में पता चला अगर कोई खिलाड़ी नियमित रूप से शीर्ष स्तर पर नहीं खेलता तो उसके लिए काम आसान नहीं होता। अपने प्रदर्शन में निरंतरता रखने वाले धवन अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने से काफी पीछे रहे। यह देखना दिलचस्प होगा कि श्रृंखला के पहले मैच में धवन के साथ कौन पारी का आगाज करता है। शुभमन गिल की टीम में वापसी हुई है। वह धवन के साथ दाएं और बाएं हाथ के बल्लेबाज का संयोजन बनाएंगे लेकिन टीम में शामिल अन्य खिलाड़ियों को भी पारी की शुरूआत करने का मौका मिल सकता है जिनमें ईशान किशन और रुतुराज गायकवाड़ शामिल हैं। टीम प्रबंधन को मध्यक्रम में खिलाड़ियों का चयन करने के लिए थोड़ी मशक्कत करनी पड़ेगी। बेहतरीन फॉर्म में चल रहे दीपक हुड्डा तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतर सकते हैं और सूर्यकुमार यादव का भी अंतिम एकादश में चयन तय है। ऐसे में टीम प्रबंधन को श्रेयस अय्यर और संजू सैमसन में किसी एक का चयन करने के लिए फैसला करना होगा। अय्यर पर दबाव होगा क्योंकि इंग्लैंड के दौरे में शार्ट पिच गेंदों के सामने उनकी कमजोरी खुलकर सामने आई थी। हार्दिक की अनुपस्थिति में शार्दुल ठाकुर भारत की तरफ से तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर के विकल्प होंगे। पिच से स्पिनरों को मदद मिलने की उम्मीद है और ऐसे में युजवेंद्र चहल और रविंद्र जडेजा तीनों मैचों में खेल सकते हैं। अक्षर पटेल तीसरे स्पिनर के रूप में विकल्प हैं। पेट की मांसपेशियों में खिंचाव के कारण इंग्लैंड में वनडे नहीं खेल पाने वाले तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह को शुक्रवार को वनडे में पदार्पण का मौका मिल सकता है क्योंकि गुरुवार को उन्हें नेट पर काफी गेंदबाजी करते हुए देखा गया।

**कमजोरी**

- अय्यर पर दबाव होगा क्योंकि इंग्लैंड के दौरे में शार्ट पिच गेंदों के सामने उनकी कमजोरी खुलकर सामने आई थी

प्रसिद्ध कृष्णा और मोहम्मद सिराज मुख्य गेंदबाज के तौर पर अंतिम एकादश में रहेंगे। वेस्टइंडीज का हाल का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है। उसे बांग्लादेश के खिलाफ वनडे श्रृंखला में 0-3 से हार का सामना करना पड़ा था। ऑलराउंडर जेसन होल्डर ने वापसी की है और इससे निकोलस पूरण की अगुवाई वाली टीम में संतुलन पैदा हुआ है। कैरेबियाई टीम कुछ क्षेत्रों में सुधार करने की कोशिश करेगी जिनमें बल्लेबाजी भी शामिल है। हाल के मैचों में उसकी टीम अपने सभी 50 ओवर खेलने में नाकाम रही थी। विश्व कप 2019 के बाद 39 पारियों में से केवल छह पारियों में उसकी टीम सभी 50 ओवर खेल पाई थी और यह टीम के लिये चिंता का विषय है।

# काउंटी क्रिकेट में चमके पुजारा, सैनी





**लंदन, एजेंसी**

भारतीय खिलाड़ी इंग्लैंड में काउंटी क्रिकेट में अपनी छाप छोड़ रहे हैं, क्योंकि चेतेश्वर पुजारा ने ससेक्स के लिए सीजन का अपना तीसरा दोहरा शतक लगाया, जबकि तेज गेंदबाज नवदीप सैनी ने केंट के लिए डेब्यू पर पांच विकेट लिए। पुजारा ने अपना नाम ससेक्स के इतिहास की किताबों में दर्ज कर लिया, क्योंकि उन्होंने शानदार 231 रन बनाए। इससे बुधवार को लॉर्डस में मिडलसेक्स के खिलाफ अपनी पहली पारी में 523 का विशाल स्कोर बनाने में मदद मिली। तेज गेंदबाज सैनी ने बुधवार को बर्मिंघम के एजबेस्टन में केंट के लिए वारविकशायर के खिलाफ 5/72 रन से शानदार शुरूआत की। मिडलसेक्स के लिए खेलते हुए, साथी भारतीय तेज गेंदबाज उमेश यादव ससेक्स की पहली पारी में कोई विकेट नहीं लिया। पुजारा, भारत के टेस्ट खिलाड़ी लॉर्डस में मिडलसेक्स के खिलाफ दोहरा शतक बनाने वाले पहले ससेक्स बल्लेबाज बने। ईएसपीएन क्रिकइन्फो की एक रिपोर्ट के अनुसार, 125 साल पहले एमसीसी के खिलाफ खेलते हुए देश के सर रंजीतसिंहजी विभाजी द्वितीय ने लॉडर्स में 200 का स्कोर बनाने वाले अंतिम ससेक्स बल्लेबाज थे। इससे पहले उन्होंने डर्बी के खिलाफ पहले मैच में नाबाद 201 और डरहम के खिलाफ 203 रन बनाए थे। प्रथम श्रेणी क्रिकेट में यह उनका 16वां दोहरा शतक था। पुजारा ने अपनी 231 रनों की पारी के दौरान 403 गेंदों का सामना किया, जिसमें 21 चौके और 3 छक्के शामिल थे। कुल मिलाकर उनका विकेट पर रुकना 533 मिनट तक रहा। सैनी ने शानदार गेंदबाजी की। उन्होंने 18 ओवरों में 5/72 विकेट हासिल किए। उन्होंने क्रिस बेंजामिन, डैन मूसली, माइकल बर्गेस, हेनरी ब्रूक्स और क्रेग माइल्स का पवेलियन भेजा।

# हमें पूरे 50 ओवर तक बल्लेबाजी करनी होगी: फिल सिमन्स

**पोर्ट ऑफ स्पेन, एजेंसी**





वेस्टइंडीज की टीम पिछले दो वर्षों में वनडे मैचों में पूरे 50 ओवर खेलने के लिए संघर्ष करती रही है और टीम के मुख्य कोच फिल सिमन्स ने कहा कि भारत के खिलाफ शुक्रवार से शुरू होने वाली तीन मैचों की श्रृंखला में उनकी टीम खेल के इस विभाग में सुधार करना चाहेगी।

यदि आंकड़ों पर ध्यान दें तो वेस्टइंडीज विश्व कप 2019 के बाद 39 पारियों में से केवल छह पारियों में ही पूरे 50 ओवर खेल पाया है। उसने पिछली 13 वनडे श्रृंखलाओं में से नौ श्रृंखलाएं गंवाई हैं। सिमन्स की कोचिंग वाली टीम को इस साल के शुरू में घरेलू मैदानों पर आयरलैंड से भी हार का सामना करना पड़ा था। सिमन्स ने भारत के खिलाफ पहले वनडे की पूर्व संध्या पर पत्रकारों से कहा, अहम बात यह है कि हम पूरे 50 ओवर तक कैसे बल्लेबाजी करते हैं। हमें पारी संवारकर और साझेदारी निभाकर पूरे 50 ओवर तक बल्लेबाजी करनी होगी। उन्होंने कहा, किसी को क्रीज पर टिककर पारी संवारनी होगी और शतक जड़ने पर ध्यान देना होगा। बल्लेबाजी में हमें ऐसा करना ही होगा। सिमन्स 2019 से वेस्टइंडीज के मुख्य कोच हैं। उन्हें उम्मीद है कि उनके खिलाड़ियों को यहां की अनुकूल पिचों पर भारत की तुलना में अधिक मदद मिलेगी। उन्होंने कहा, हमें जितना बेहतर विकेट मिलेगा उतना ही हमारे बल्लेबाजों और गेंदबाजों के लिए अच्छा होगा। सिमन्स हालांकि अपने क्षेत्ररक्षण और गेंदबाजी विभाग को लेकर चिंतित नहीं है। उन्होंने कहा, गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण में लगातार सुधार हो रहा है। क्षेत्ररक्षण में हम अपनी टीम को अव्वल दर्जे का मानते हैं। हमारे गेंदबाज अच्छी गेंदबाजी कर रहे हैं। उन्हें रन प्रवाह पर अंकुश लगाने और विकेट लेने पर ध्यान देना होगा। ऐसा करके ही हम विरोधी टीम को कम स्कोर पर आउट करके जीत दर्ज कर सकते हैं।

# ताइपे ओपन 2022: क्वार्टर फाइनल में पहुंचे कश्यप

**पाइपे, एजेंसी**



राष्ट्रमंडल खेलों के पूर्व स्वर्ण पदक विजेता पारुपल्ली कश्यप ने गुरुवार को यहां ताइपे ओपन 2022 में क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली, जबकि प्रियांशु राजावत, मिथुन मंजूनाथ और किरण जॉर्ज पुरुष एकल के दूसरे दौर में हारकर बाहर हो गए। तीसरी वरीयता प्राप्त कश्यप ने 36 मिनट तक चले मुकाबले में चीनी ताइपे के चिया हाओ ली को 21-10 21-19 से हराया, जबकि राजावत को स्थानीय स्टार चेन ची टिंग से सीधे गेम में 21-19 21-13 से हार का सामना करना पड़ा। मंजूनाथ ने पहला गेम 24-22 से जीता लेकिन अगले दो गेम 21-5, 21-17 से हारकर बाहर हो गए। किरण जॉर्ज ने बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर सुपर 300 इवेंट के दूसरे दौर में 21-23, 21-16, 7-21 से हारने से पहले चीनी ताइपे की शीर्ष वरीयता प्राप्त चेन टीएन चाउ को शिकस्त दी थी। महिला एकल में, भारत की सामिया इमाद फारूकी चीनी ताइपे की वेन ची सू से 21-18 और 21-13 से हार गईं। छठी वरीयता प्राप्त ईशान भटनागर और तनीषा क्रास्टो ने भी चीनी ताइपे की चेंग काई वेन को 21-14, 21-17 से हराकर मिश्रित युगल के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। महिला युगल में तनीषा क्रॉस्टो और श्रुति मिश्रा चीनी ताइपे की जिया यिन लिन और लिन यू-हाओ से 21-14, 21-8 से हारकर बाहर हो गईं।

# भारत के लिए साल 2010 के कॉमनवेल्थ गेम्स रहे थे सर्वश्रेष्ठ

**नई दिल्ली, एजेंसी**

कॉमनवेल्थ गेम्स के अब तक के इतिहास में भारत के लिए साल 2010 का इवेंट सर्वश्रेष्ठ रहा था। 12 साल पहले नई दिल्ली में हुए इन गेम्स में पहली बार भारत ने 100 से ज्यादा मेडल हासिल किए थे। उस साल पदक तालिका में भी भारतीय दल ऑस्ट्रेलिया के बाद दूसरे स्थान पर रहा था। कॉमनवेल्थ गेम्स 2010 में भारत ने कुल 101 पदक जीते थे। इनमें 38 गोल्ड, 27 सिल्वर और 36 ब्रॉन्ज मेडल थे। उस साल कॉमनवेल्थ गेम्स के कई स्पोर्ट्स इवेंट ऐसे थे जिनमें भारतीय खिलाड़ियों ने इतिहास कायम किया था। जिमनास्ट में आशीष कुमार ने यहां सिल्वर और ब्रॉन्ज जीता था। यह पहली बार था जब कॉमनवेल्थ के इस इवेंट में भारत को पदक हासिल हुआ था। उस साल ट्रैक एंड फील्ड में भी भारत को 52 साल बाद गोल्ड हिस्से आया था। मिल्खा सिंह के 1958 कार्डिफ गेम्स में गोल्ड जीतने के बाद 2010 में कृष्णा पुनिया ने महिलाओं के डिस्क थ्रो इवेंट में गोल्ड जीता था। इस डिस्क थ्रो इवेंट में सिल्वर और ब्रॉन्ज भी भारत के हाथ लगा था। यह पहली बार था जब कॉमनवेल्थ गेम्स के किसी इवेंट में भारत ने तीनों मेडल अपने नाम किए थे। कॉमनवेल्थ गेम्स 2010 में भारत को अकेले शूटिंग इवेंट में ही 30 मेडल हासिल हुए थे। इसमें 14 गोल्ड मेडल थे। कुश्ती में भी भारतीय पहलवानों ने धमाल मचा दिया था। 21 में से 19 भारतीय रेसलर्स ने मेडल जीते थे, इनमें भी 10 गोल्ड मेडल हाथ लगे थे। इस साल हुए कॉमनवेल्थ गेम्स में पुरुषों ने कुल 64 और महिलाओं ने कुल 36 मेडल भारत की झोली में डाले थे। इसी साल गीता फोगाट ने भी इतिहास रचा था। वह इन खेलों में कुश्ती का गोल्ड जीतने वाली पहली भारतीय महिला खिलाड़ी बनी थीं।

# राष्ट्रमंडल खेलों में बैडमिंटन : सिंधू पर होगी नजर, लेकिन भारत के लिये युगल महत्वपूर्ण

**नई दिल्ली, एजेंसी**



पीवी सिंधू सहित स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी राष्ट्रमंडल खेलों में व्यक्तिगत स्वर्ण पदक हासिल करने के लिये कोई कसर नहीं छोड़ेंगे लेकिन युगल खिलाड़ी भी सुर्खियों में रहेंगे क्योंकि भारत का लक्ष्य मिश्रित टीम खिताब बरकरार रखकर इन खेलों में अपने प्रदर्शन में निरंतरता बनाये रखना होगा। भारत की तरफ से राष्ट्रमंडल खेलों की बैडमिंटन प्रतियोगिता में पहला पदक 1966 में दिनेश खन्ना ने कांस्य पदक के रूप में जीता था।

तब से लेकर अब तक भारत कुल 25 पदक जीत चुका है जिसमें सात स्वर्ण पदक भी शामिल हैं। गोल्ड कोस्ट में खेले गए पिछले राष्ट्रमंडल खेलों में भारतीय खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया था तथा दो स्वर्ण पदक सहित कुल छह पदक जीते थे। व्यक्तिगत स्पधाओं में सोने का तमगा जीतना फिर से भारतीय खिलाड़ियों का लक्ष्य होगा। इनमें केवल सिंधू ही नहीं बल्कि विश्व चैंपियनशिप के रजत और कांस्य पदक विजेता क्रमशः किदांबी श्रीकांत और लक्ष्य सेन भी शामिल हैं। चिराग शेट्टी और सात्विकसाइराज रंकीरेड्डी ने 2018 में रजत पदक जीता था और इस बार वह अपने पदक का रंग बदलना चाहेंगे। व्यक्तिगत प्रदर्शन के अलावा इस बार ध्यान मिश्रित टीम स्पर्धा में भारत के प्रदर्शन पर भी रहेगा। गोल्ड कोस्ट में युवा भारतीय टीम ने मलेशिया की मजबूत टीम को हराकर पहली बार स्वर्ण पदक जीता था। भारत कुल मिलाकर पदक तालिका में तीसरे स्थान पर है। इंग्लैंड आठ बार का विजेता और मलेशिया पांच बार का चैंपियन है। उन्होंने बैडमिंटन में क्रमशः 109 और 64 पदक जीते हैं। भारत को मिश्रित टीम स्पर्धा में ग्रुप एक में ऑस्ट्रेलिया, श्रीलंका और पाकिस्तान जैसी कमजोर टीमों के साथ रखा गया है। ऐसे में उसके लिए नॉकआउट में जगह बनाना महज औपचारिकता होगी लेकिन उसकी असली परीक्षा क्वार्टर फाइनल से शुरू होगी। मिश्रित टीम स्पर्धा में दो एकल और तीन युगल मैच होंगे। ऐसे में सिंधू सेन और श्रीकांत भारत को दो महत्वपूर्ण अंक दिला सकते हैं लेकिन असली दारोमदार युगल खिलाड़ियों पर होगा। विशेषकर विश्व में आठवें नंबर की जोड़ी चिराग और सात्विक को अच्छा प्रदर्शन करना होगा। महिला युगल में हालांकि भारत की तरफ से नई जोड़ियां उतरेंगी। गायत्री गोपीचंद और त्रिशा जोली ने अप्रैल में चयन ट्रायल में शीर्ष पर रहकर क्वालीफाई किया था लेकिन इसके बाद उन्होंने एशियाई चरण की प्रतियोगिताओं में अधिक भाग नहीं लिया क्योंकि गायत्री चोट से उबर रही थी।

**पदक**

- भारत कुल 25 पदक जीत चुका है जिसमें सात स्वर्ण पदक भी शामिल हैं

उन्होंने मलेशिया मास्टर्स में वापसी की लेकिन अनुकूल परिणाम हासिल करने में नाकाम रहे। अश्विनी पोनप्पा चौथी बार राष्ट्रमंडल खेलों में भाग लेगी तथा चिराग और सात्विक की जोड़ी के अलावा उनकी उपस्थिति में ही भारत मिश्रित टीम स्पर्धा में खिताब का दावेदार बना हुआ है। अश्विनी इस बार मिश्रित युगल में बी सुमित रेड्डी के साथ जोड़ी बनाएगी। व्यक्तिगत स्पधाओं में सिंधू अभी तक स्वर्ण पदक जीतने में नाकाम रही है। उन्होंने पिछले दो राष्ट्रमंडल खेलों में कांस्य और रजत पदक जीते थे। इस बार हालांकि वहां खिताब के प्रबल दावेदार के रूप में शुरूआत करेगी।

# सीडब्ल्यूजी 2022 : महिला हॉकी खिलाड़ियों ने बेहतरीन पलों को किया याद

**नई दिल्ली, एजेंसी**





भारत में महिला हॉकी के प्रशंसकों के लिए 2002 में मैनचेस्टर में भारत द्वारा जीते गए ऐतिहासिक स्वर्ण पदक राष्ट्रमंडल खेलों में सबसे बेहतरीन यादें हैं। बर्मिंघम में 2022 के राष्ट्रमंडल खेलों के साथ, भारतीय महिला हॉकी टीम के कुछ पूर्व और वर्तमान खिलाड़ी प्रतिष्ठित टूर्नामेंट के पिछले संस्करणों के सबसे बेहतर क्षणों को याद किया।

2002 में भारत की ऐतिहासिक स्वर्ण पदक जीत में एक अभिन्न भूमिका निभाने वाली भारत की पूर्व गोलकीपर हेलेन मैरी ने कहा, 2002 राष्ट्रमंडल खेलों का अभियान मेरा पसंदीदा क्षणों में से एक है। उन्होंने कहा, जिस तरह से हमने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ क्रॉसओवर मैच में वापसी की, उससे हमारा मनोबल बढ़ा। पहले हाफ में 0-3 से पीछे रहने के बाद अतिरिक्त समय में मैच 4-3 से जीतने के लिए हमने अच्छा खेल दिखाया। हमने फिर सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड को 2-1 हराया और मेजबान इंग्लैंड के खिलाफ 3-2 से जीत दर्ज की। यह पिछले आठ-नौ महीनों में की गई कड़ी मेहनत का नतीजा था और टीम की एकता हमारी सबसे बड़ी ताकत थी। महिला हॉकी टीम की पूर्व कप्तान असुंता लाकड़ा ने 2006 के मेलबर्न कॉमनवेल्थ गेम्स के अपने पसंदीदा पल को याद किया, जहां भारत ने फाइनल में मेजबान ऑस्ट्रेलिया से 0-1 से हारकर रजत पदक जीता था। उन्होंने कहा, सीनियर टीम के साथ यह मेरा पहला बड़ा टूर्नामेंट था और मैंने अपना पहला गोल ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ ही शुरूआती गेम में किया था, इसलिए यह राष्ट्रमंडल खेलों का मेरा पसंदीदा पल है। हम बहुत कम अंतर से स्वर्ण पदक से चूक गए, लेकिन कुल मिलाकर यह शानदार अनुभव था। इस बीच, मौजूदा खिलाड़ी नवजोत कौर और नवनीत कौर ने भी राष्ट्रमंडल खेलों के अपने यादगार पलों को साझा किया। 2014 और 2018 के सीजनों में भाग लेने वाली नवजोत ने कहा, यह मेरा तीसरा राष्ट्रमंडल खेल होगा और प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में भारत का प्रतिनिधित्व करना हमेशा सम्मान की बात है।

# वनडे क्रिकेट को हमेशा के लिये खत्म कर दें : वसीम अकरम

**लंदन, एजेंसी**

पाकिस्तान के महान तेज गेंदबाज वसीम अकरम का मानना है कि वनडे क्रिकेट अब पुराना हो गया है और प्रशासकों को इसे खत्म कर देना चाहिये। इंग्लैंड के हरफनमौला बेन स्टोक्स के वनडे क्रिकेट से अचानक संन्यास लेने के बाद अकरम ने यह बयान दिया है। इसके बाद से ही 50 ओवरों के क्रिकेट के अस्तित्व को लेकर चर्चा छिड़ी हुई है। अकरम ने वॉनी एंड टफर्स क्रिकेट क्लब पॉडकास्ट में कहा, मुझे लगता है कि वनडे क्रिकेट खत्म होना चाहिये। इंग्लैंड में स्टेडियम खचाखच भरे होते हैं लेकिन भारत, पाकिस्तान, श्रीलंका, बांग्लादेश और दक्षिण अफ्रीका में वनडे क्रिकेट में स्टेडियम खाली रहते हैं। उन्होंने कहा, सिर्फ नाम के लिये वनडे क्रिकेट कराया जा रहा है। यह प्रारूप अब पुराना हो गया है। अकरम ने कहा, स्टोक्स का वनडे क्रिकेट छोड़ने का फैसला दुखद है लेकिन मैं उसके साथ हूं। एक कमेंटेटर के तौर पर भी वनडे क्रिकेट अब खिंच रहा है। खासकर टी20 के आने के बाद। आप खिलाड़ी की दशा समझ सकते हैं। 50 ओवर बहुत होते हैं। उन्होंने कहा, टी20 क्रिकेट आसान है। चार घंटे में खेल खत्म। दुनिया भर में इतनी लीग हो रही है और इतना पैसा है। यह आधुनिक क्रिकेट का हिस्सा है। टी20 या टेस्ट क्रिकेट। वनडे क्रिकेट खत्म होने वाला है। अकरम ने कहा कि टेस्ट क्रिकेट अभी भी किसी खिलाड़ी के लिये सर्वोपरि है। उन्होंने कहा, टेस्ट क्रिकेट में जंग के भीतर जंग है।

# माता-पिता बच्चों को क्रिकेट के उपकरण दिला सकते हैं तो पानी की बोतल भी खरीद सकते हैं : अदालत

**मुंबई, एजेंसी**



बॉम्बे उच्च न्यायालय ने गुरूवार को कहा कि अगर माता-पिता अपने बच्चों को क्रिकेट खेलने के उपकरण (क्रिकेट गीयर) दिला सकते हैं तो वे पीने के पानी की बोतल भी खरीद सकते हैं। मुख्य न्यायाधीश दीपांकर दत्ता और न्यायाधीश एम एस कार्णिक की खंडपीठ उस जनहित याचिका की सुनवाई कर रही थी जिसमें क्रिकेट के मैदानों में पीने के पानी और टॉयलेट की बुनियादी सुविधाओं की कमी को लेकर अंसतोष जताया गया है।

पीठ ने साथ ही कहा कि क्रिकेट तो ऐसा खेल भी नहीं है जो मूल रूप से भारत का हो। एक वकील राहुल तिवारी द्वारा दायर की इस जनहित याचिका में दावा किया गया कि राज्य में कई क्रिकेट मैदानों में पीने के पानी और टॉयलेट जैसी बुनियादी सुविधायें नहीं हैं जबकि इन पर उभरते हुए और पेशेवर क्रिकेट खेलते हैं। इसमें दक्षिण मुंबई का एक मैदान भी शामिल है जिसकी देखरेख मुंबई क्रिकेट संघ करता है। पीठ ने फिर कहा कि महाराष्ट्र के कई जिलों में आज तक भी हर रोज पीने के पानी की सप्लाई नहीं होती। दत्ता ने कहा, क्या आप जानते हैं कि औरंगाबाद को हफ्ते में केवल एक बार पीने का पानी मिलता है। आप (क्रिकेटर) अपने पीने का पानी क्यों नहीं ला सकते? आप क्रिकेट खेलना चाहते हो जो हमारा खेल है भी नहीं। यह मूल रूप से भारत का खेल नहीं है। उन्होंने कहा, आप (क्रिकेटर) भाग्यशाली हो कि आपके माता-पिता आपको चेस्ट गार्ड, नी गार्ड और क्रिकेट के लिये सभी जरूरी चीजें खरीद सकते हैं। अगर आपके माता-पिता आपको यह सब सामान दिला सकते हैं तो वे आपको पीने के पानी की बोतल भी खरीद सकते हैं। जरा उन गांव वालों के बारे में सोचो जो पीने का पानी खरीद नहीं सकते। दालत ने कहा कि ये लग्जरी वस्तुएं हैं और प्राथमिकता की सूची में यह मुद्दा 100वें स्थान पर आयेगा। अदालत ने कहा, क्या आपने (याचिकाकर्ता) ने उन मुद्दों की सूची देखी है जिनसे हम जूझ रहे हैं? अवैध इमारतें, बाढ़। सबसे पहले हम सुनिश्चित करें कि महाराष्ट्र के गावों को पानी मिलने लगे। पीठ ने फिर कहा कि याचिकाकर्ता को अपने मौलिक अधिकारों पर जोर देने से पहले अपने दायित्वों को निभाना चाहिए।

**क्रिकेट**

- राज्य में कई क्रिकेट मैदानों में पीने के पानी और टॉयलेट जैसी बुनियादी सुविधायें नहीं हैं जबकि इन पर उभरते हुए और पेशेवर क्रिकेट खेलते हैं

# मैकाबी हाइफा ने दूसरे क्वालीफाइंग दौर में ओलंपियाकोस के खिलाफ मैच को किया ड्रॉ

**जेरूसलम, एजेंसी**

इजरायली चैंपियन मैकाबी हाइफा ने बुधवार शाम यूईएफए चैंपियंस लीग के दूसरे क्वालीफाइंग दौर में ग्रीक चैंपियन ओलंपियाकोस पीरियस के खिलाफ मैच को 1-1 से ड्रॉ किया। तीसरे दौर में आगे बढ़ने वाली टीम का निर्धारण 27 जुलाई को पीरियस में होने वाले दूसरे चरण के मैच के बाद किया जाएगा।

कुल मिलाकर विजेता का सामना साइप्रस चैंपियन अपोलोन लिमासोल से होगा। बुधवार को खेले गए दूसरे क्वालीफाइंग दौर के मैचों में यूक्रेन के डायनमो कीव को तुर्की के फेनरबाह्स द्वारा गोल रहित रखा गया, क्रोएशिया के डायनेमो जाग्रेब को उत्तर मैसेडोनिया के शुकुपी ने 2-2 से और फिनलैंड के एचजेके को चेक गणराज्य के प्लजेन से 1-2 से हराया। उत्तरी आयरलैंड के लिनफील्ड ने नॉर्वे के बोडो/ग्लिम्ट को हराकर तीसरे दौर के लिए क्वालीफाई करने की अपनी संभावनाओं में सुधार किया, हंगरी के फेरेन्वेरोस स्लोवान ब्रातिस्लावा से 1-2 से हार गए और स्लोवेनिया के मेरिबोर को मोल्दोवा के शेरिफ ने 0-0 से ड्रॉ पर रोक दिया। उत्तरी शहर हाइफा के सैमी ओफर स्टेडियम में लगभग 30,000 प्रशंसकों ने 92वें मिनट में लेट इक्वलाइजर का जश्न मनाया, जिसकी बदौलत गोलकीपर टॉमस वैक्लिक पर डोलेव हाजिजा द्वारा लकी शॉट लगाया गया। यूनानियों ने सातवें मिनट के बाद से टिक्विन्हो सोरेस द्वारा पोस्ट को हिट करने के बाद से बढ़त बना ली है और फिलिप जिन्करनागल ने आसानी से रिबाउंड को शुरूआती गोल में बदल दिया।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के ऑन करें
www.pratahkiran.com | epaper.pratahkiran.com
@Pratahkiran | @Pratahkiran



## संक्षिप्त खबरें

### मास्को में भीषण आग, 400 लोगों को इमारत से निकाला गया

मास्को। रूस की राजधानी मास्को में भीषण आग के बाद एक आवासीय इमारत से करीब 400 लोगों को निकाला गया है। रूस के आपात मंत्रालय ने बताया कि एक व्यक्ति को बचा लिया गया है। मंत्रालय के मुताबिक बुधवार देर रात लेनिन्स्की एवेन्यू स्थित घर में आग लग गई। इसके बाद करीब 130 दमकलकर्मी और 38 वाहन मौके पर पहुंचे और आग को काबू में करने की कोशिश में जुट गए। मंत्रालय ने कहा, बचावककर्मियों की त्वरित कार्रवाई के कारण एक व्यक्ति को लिफ्ट से बचा लिया गया है। करीब 400 लोगों को घर से निकाल लिया गया है।

### परमाणु संकट से बचने हेतु अमेरिका-चीन के बीच समझ विकसित करने की जरूरत

वाशिंगटन। अमेरिका के वायु सेना सचिव फ्रैंक केंडल ने कहा है कि अमेरिका और चीन को संभावित परमाणु संकट से बचने के लिए दोनों देशोंके बीच बेहतर सांस्कृतिक समझ की जरूरत है। श्री केंडल ने बुधवार को एस्पेन सिक्योरिटी फोरम में एक चर्चा के दौरान कहा, मुझे लगता है कि हमारे और चीनियों के बीच जो सांस्कृतिक अंतर है, वह हमारे और रूसियों के बीच के अंतर की तुलना में बहुत ज्यादा है। उन्होंने कहा, हमें बात करने की जरूरत है, हमें एक-दूसरे को बेहतर ढंग से समझने में सक्षम होने की जरूरत है, हमें एक-दूसरे की प्रेरणाओं और प्रोत्साहनों को समझने की जरूरत है और हम एक-दूसरे को कैसे देखते हैं तथा हमें अस्थिरताओं को दूर करने के लिए सकारात्मक कदम उठाने की जरूरत है।

### नेपाल में 41.55 लाख रुपये की नकदी बरामद, भारतीय गिरफ्तार

काठमांडू। नेपाल में 25 वर्षीय भारतीय नागरिक को बिना किसी वैध दस्तावेज के 41.55 लाख रुपये की भारतीय मुद्रा रखने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि पुलिस के विशेष दल ने बुधवार को उसे गिरफ्तार कर लिया। वह भारतीय मुद्रा के स्रोत के संबंध में कोई वैध दस्तावेज नहीं दिखा पाया। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा, पुलिस ने 41,55,000 रुपये के बैंक नोट जब्त किए। नेपाल में बिना किसी वैध दस्तावेज के 25,000 रुपये से ज्यादा की नकदी रखना गैरकानूनी है। उन्होंने बताया कि आरोपी ने मोटरसाइकिल की सीट के नीचे पेट्रोल टैंक के अंदर ये नोट छिपाए हुए थे। पुलिस ने बैंक एवं वित्तीय संस्थान कानून के तहत आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू की है।

### राजपक्षे को अल्पावधि यात्रा का पास दिया गया है : सिंगापुर सरकार

सिंगापुर। सिंगापुर ने श्रीलंका के पूर्व राष्ट्रपति गोटाबाया राजपक्षे को 14 दिन की अल्पावधि की यात्रा का पास दिया गया है क्योंकि वह 14 जुलाई को निजी यात्रा पर सिंगापुर आए थे। आव्रजन अधिकारियों ने यहां यह जानकारी दी। राजपक्षे (73) श्रीलंका की अर्थव्यवस्था को न संभाल पाने के कारण उनकी सरकार के खिलाफ बढ़ते जन आक्रोश के बाद 13 जुलाई को देश छोड़कर मालदीव चले गए थे और फिर वहां से सिंगापुर चले गए थे। राजपक्षे की सिंगापुर यात्रा के बारे में मीडिया के सवालों के जवाब में एक बयान जारी करते हुए आव्रजन और सीमा जांच चौकी प्राधिकरण (आईसीए) ने कहा कि उन्हें सिंगापुर पहुंचने पर अल्पावधि की यात्रा के लिए पास दिया गया है।

# सेना का मानना है कि पेलोसी का ताइवान की यात्रा करना ठीक नहीं : जो बाइडन

वाशिंगटन, एजेंसी



अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने बुधवार को कहा कि अमेरिकी सैन्य अधिकारियों का मानना है कि प्रतिनिधि सभा की अध्यक्ष नैन्सी पेलोसी का इस समय ताइवान की यात्रा करना ठीक नहीं है। बाइडन ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान यह टिप्पणी की। एक दिन पहले चीन के विदेश मंत्रालय ने कहा था कि पेलोसी आने वाले हफ्तों में ताइवान यात्रा की अपनी योजना पर आगे बढ़ती हैं, तो चीन दृढ़ एवं कड़ी कार्रवाई करेगा।

बाइडन ने पेलोसी की प्रस्तावित यात्रा के बारे में पूछे गए सवाल के जवाब में कहा, मुझे लगता है कि सेना का मानना है कि फिलहाल यह अच्छा विचार नहीं है। लेकिन मैं नहीं जानता की स्थिति क्या है। पेलोसी का अप्रैल में ही ताइवान की यात्रा का कार्यक्रम था, लेकिन तब कोरोना वायरस संक्रमण की चपेट में आने के कारण उन्हें अपनी यात्रा रद्द करनी पड़ी थी।

पेलोसी बीते 25 वर्षों में अमेरिका के करीबी सहयोगी ताइवान की यात्रा करने वाली पहली शीर्ष अमेरिकी सांसद होंगी। उनसे पहले 1997 में अमेरिकी प्रतिनिधि सभा के तत्कालीन अध्यक्ष न्यूट गिंगरिच ताइवान यात्रा पर गए थे। फाइनेंशियल टाइम्स की एक खबर के अनुसार, पेलोसी अगस्त में स्वशासी द्वीप की यात्रा करने की योजना बना रही हैं, जिसे चीन अपना हिस्सा मानता है। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता झाओ लिजियांग ने बुधवार को दैनिक संवाददाता सम्मेलन में कहा, पेलोसी की यात्रा चीन की संप्रभुता तथा क्षेत्रीय अखंडता को गंभीर रूप से कमजोर करेगी और चीन तथा अमेरिका के रिश्तों की नींव पर भी इसका गंभीर असर पड़ेगा। साथ ही, इससे ताइवान के स्वतंत्र बलों को गलत संकेत मिलेगा। झाओ ने कहा, अगर अमेरिका ने गलत रास्ते पर चलना जारी रखा, तो चीन अपनी संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा करने के लिए दृढ़ एवं कड़ी कार्रवाई करेगा। हालांकि, झाओ ने पेलोसी की यात्रा के खिलाफ चीन क्या कार्रवाई कर सकता है, इसकी कोई जानकारी नहीं दी।

## अमेरिकी सीनेट की एक समिति ने भारत के साथ रक्षा साझेदारी मजबूत करने पर जोर दिया

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिकी सीनेट की एक अहम समिति ने भारत के साथ रक्षा साझेदारी को मजबूत करने और खुफिया जानकारी एकत्रित करने, ड्रोन तथा चौथी और पांचवीं पीढ़ी के विमानों के क्षेत्र में वृहद सहयोग के जरिए इसे नए स्तर तक ले जाने का मांग की है। सीनेट की शक्तिशाली सशस्त्र सेवा समिति ने यह बयान ऐसे वक्त में दिया है जब एक सप्ताह पहले प्रतिनिधि सभा ने राष्ट्रीय रक्षा प्राधिकार कानून (एनडीएए) के तौर पर एक विधायी संशोधन पारित किया, जिसमें काउंटरिंग अमेरिकाज एडवर्सरीज थ्रू सैंक्शंस एक्ट (सीएएटीएसए) के तहत दंडात्मक प्रतिबंधों से भारत को छूट दी गयी है।

एनडीएए अमेरिका का वार्षिक बजट है। सीनेट की सशस्त्र सेवा समिति ने वित्त वर्ष 2023 के लिए राष्ट्रीय रक्षा प्राधिकार कानून का अपना संस्करण बुधवार को पारित किया। इसमें भारत के साथ प्रमुख रक्षा साझेदारी बढ़ाने पर जोर दिया गया है, जिसमें खुफिया जानकारियां एकत्रित करने, ड्रोनों और चौथी तथा पांचवीं पीढ़ी के विमानों के क्षेत्रों में वृहद सहयोग शामिल है।

साथ ही इसमें डिपो स्तर पर देखरेख, संयुक्त अनुसंधान एवं विकास, 5जी और ओपन रेडियो एक्सेस नेटवर्क्स (आरएएन), साइबर और सर्द मौसम में रक्षा क्षमता बढ़ाने में सहयोग भी शामिल है।

गौरतलब है कि अमेरिका की प्रतिनिधि सभा ने भारत को रूस से एस-400 मिसाइल रक्षा प्रणाली खरीदने के लिए सीएएटीएसए प्रतिबंधों से खास छूट दिलाने वाला एक संशोधित विधेयक गत सप्ताह पारित कर दिया था। भारतीय-अमेरिकी सांसद रो खन्ना द्वारा पेश किए गए इस संशोधित विधेयक में अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन से भारत को चीन जैसे आक्रामक रुख वाले देश को रोकने में मदद करने के लिए सीएएटीएसए से छूट दिलाने के लिए अपने अधिकार का इस्तेमाल करने का अनुरोध किया गया है।

## श्रीलंकाई राष्ट्रपति के शपथ ग्रहण समारोह में बिजली गुल, सीआईडी करेगी जांच

कोलंबो, एजेंसी



श्रीलंकाई संसद परिसर में बिजली गुल होने से राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे के शपथ ग्रहण समारोह का सीधा प्रसारण बंद हो गया। एक खबर में बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी गई है।

खबर के अनुसार अधिकारियों ने इस घटना की आपराधिक जांच विभाग (सीआईडी) से जांच कराने का फैसला किया है।

रानिल विक्रमसिंघे ने बृहस्पतिवार को श्रीलंका के आठवें राष्ट्रपति के तौर पर शपथ ली।

प्रधान न्यायाधीश जयंत जयसूर्या ने संसद भवन परिसर में 73 वर्षीय विक्रमसिंघे को राष्ट्रपति पद की शपथ दिलाई। उनके सामने देश को आर्थिक संकट से बाहर निकालने तथा महीनों से चल रहे व्यापक प्रदर्शनों के बाद कानून एवं व्यवस्था बहाल करने की चुनौती है।

वेब पोर्टल ह्यकोलंबो पेजह्न की खबर के अनुसार नवनिर्वाचित राष्ट्रपति विक्रमसिंघे के शपथ ग्रहण समारोह के दौरान संसद परिसर में बृहस्पतिवार को बिजली गुल होने की जांच सीआईडी करेगी।

विक्रमसिंघे के शपथ ग्रहण समारोह का सरकार द्वारा संचालित चैनल ह्यरूपवाहिनीह्न द्वारा सीधा प्रसारण किया जाना था और अन्य टेलीविजन चैनलों द्वारा भी इसका एक साथ प्रसारण किया जाना था।

खबर के अनुसार हालांकि राष्ट्रपति के रेड कार्पेट पर संसद परिसर में प्रवेश करने के बाद सीधा प्रसारण बंद हो गया। बाद में यह बताया गया कि संसद परिसर में बिजली गुल होने के कारण सीधा प्रसारण रोक दिया गया था।

संसद परिसर में बिजली गुल होने की स्थिति में, जनरेटर आमतौर पर दो मिनट के भीतर स्वचालित रूप से चालू हो जाते हैं। यह बताया गया है कि राष्ट्रपति के शपथ ग्रहण के समय लगभग 10 मिनट के लिए बिजली बंद हुई थी। इस वजह से टीवी चैनल शपथ ग्रहण समारोह का प्रसारण नहीं कर पाए।

## ईडी ने सोनिया के साथ नहीं किया सम्मानजनक व्यवहार : कांग्रेस

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस ने कहा है कि सरकार राजनीतिक विरोधियों के साथ प्रतिशोध की भावना से काम कर रही है और इसी का परिणाम है कि कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी से प्रवर्तन निदेशालय(ईडी)ने सम्मानजनक व्यवहार नहीं किया है तथा सरकार के दबाव में उन्हें पूछताछ के लिए अपने दफ्तर बुलाया है।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने गुरुवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार ने देश में भय और डर का माहौल पैदा कर दिया है और अपने राजनीतिक विरोधियों की आवाज दबाने का प्रयास किया जा रहा है लेकिन कांग्रेस इनके डराने धमकाने से दबने वाली नहीं है।

श्री गहलोत ने कहा किभाजपा सरकार किसी की मान मयार्दा का ध्यान नहीं रखती है। एक महिला को अगर पूछताछ के लिए बुलाया है तो उसे से सम्मानपूर्वक बुलाया जाना चाहिए था लेकिन इस सरकार के लिए सम्मान का कोई मतलब नहीं है। देश में भय का माहौल है और गांधी परिवार को जानबूझकर निशाना बनाया जा रहा है।

श्रीमती गांधी के खिलाफ लगाए गए मामले को देखते हुए उनसे अगर पूछताछ करनी थी तो घर में पूछताछ की जा सकती थी लेकिन ईडी, केन्द्रीय जांच ब्यूरो और आयकर विभाग जैसी एजेंसियों पर दबाव डालकर विरोधी पक्ष के नेताओं को चुन- चुन कर निशाना बनाया जा रहा है जो असंवैधानिक और गैर कानूनी है।

उन्होंने कहा कि पिछली बार ईडी ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को इसी ममसले में बुलाया और 50 घंटे से अधिक समय तक उनसे पूछताछ की। यह पूरे देश ने देखा की उन्हें किस तरह से परेशान किया गया और अब श्रीमती गांधी को पूछताछ के लिए बुलाया गया है ।एक महिला को जो इस पूछताछ में जो सम्मान दिया जाना चाहिए था उसका ख्याल नहीं रखा गया है।

## पाकिस्तान में चीन के खिलाफ आंदोलन, सीपीईसी के विरोध में अनिश्चितकालीन धरना शुरू

### चीन-पाकिस्तान इकॉनमिक कॉरिडोर की परियोजनाओं के विरोध में अनिश्चितकालीन धरना

इस्लामाबाद, एजेंसी



चीन और पाकिस्तान की सदाबहार दोस्ती के बावजूद अब चीन के खिलाफ पाकिस्तान में आंदोलन के नए दौर का ऐलान हुआ है। इससे सरकार की मुसीबत और बढ़ गई है। पाकिस्तान के ग्वादार इलाके में चीन-पाकिस्तान इकॉनमिक कॉरिडोर (सीपीईसी) की परियोजनाओं के विरोध में गुरुवार से अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया गया है।

इस आंदोलन का ऐलान स्थानीय जन संगठन ग्वादार को हक दो तहरीक ने किया है। तहरीक के नेता मौलाना हिदायत उर रहमान की घोषणा के अनुरूप गुरुवार से धरना शुरू हो गया। बलूचिस्तान प्रांत के क्वेटा में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने अनिश्चितकाल तक धरने की बात कही। उन्होंने आरोप लगाया कि शहबाज शरीफ सरकार गहरे समुद्र में मछली मारने वाली मशीनी नौकाओं पर रोक लगाने में नाकाम रही है। रहमान ने मांग की है कि सरकार गहरे समुद्र में मछली मारने पर पूरी तरह रोक लगाए और सीमा के आरपार कारोबार की छूट दे, ताकि स्थानीय लोग अपनी रोजी-रोटी चला सकें। रहमान ने चेतावनी दी कि अगर उनके संगठन की मांगों को नहीं माना गया, तो ग्वादार बंदरगाह के निर्माण कार्य को ठप कर दिया जाएगा।

इस आंदोलन से पाकिस्तान सरकार की इस इलाके में चीनी परियोजनाओं को निर्बाध रूप से आगे बढ़ाने की मंशा को धक्का लग सकता है। आंदोलन और आतंकवादी हमलों के कारण इन परियोजनाओं पर काम की रफ्तार पहले ही धीमी हो चुकी है। इन परियोजनाओं के विरोधी संगठनों का कहना है कि पाकिस्तान सरकार उनकी चिंताओं को दूर करने में नाकाम रही है। इस पूरे समुद्री क्षेत्र में मशीनी नौकाओं से गैर कानूनी रूप से मछली मारने का धंधा बेरोकटोक चल रहा है।

इससे स्थानीय मछुआरों की आजीविका पर खराब असर पड़ा है। आरोप है कि परियोजनाओं के कारण इस इलाके का पानी और वातावरण भी खराब हुए हैं। जानकारों का कहना है कि अगर आंदोलन लंबा खिंचने पर बंदरगाह की गतिविधियां बाधित हो सकती हैं। इस बंदरगाह के निर्माण के लिए चीन ने अरबों डॉलर का निवेश किया है।

## राजस्थानः डीग क्षेत्र में साधुओं का आंदोलन समाप्त

जयपुर, एजेंसी



भरतपुर जिले के डीग क्षेत्र में कथित तौर पर खनन गतिविधियां बंद करने की मांग को लेकर लंबे समय से चल रहा साधु संतों का आंदोलन राजस्थान सरकार से आश्वासन मिलने के बाद समाप्त हो गया। अधिकारियों के अनुसार सरकार ने आदिबद्री व कनकाचल पर्वत क्षेत्र में चल रही खनन गतिविधियों को बंद करने का आश्वासन दिया है।

उल्लेखनीय है कि इस आंदोलन के बीच बुधवार को एक साधु विजयदास ने आत्मदाह का प्रयास किया था। इससे पहले मंगलवार को एक अन्य साधु नारायण दास मांगों के समर्थन में मोबाइल टॉवर पर चढ़ गए थे। साधु विजय दास का इलाज जयपुर के एसएमएस सरकारी अस्पताल में चल रहा है। एक अधिकारी ने बताया कि जिला प्रशासन के अधिकारियों की संतों के प्रतिनिधिमंडल के साथ बातचीत चल रही थी। बुधवार रात हुई बातचीत सकारात्मक रही और दोनों पक्षों में कुछ बातों पर सहमति बनी। सरकार ने जिस इलाके में खनन गतिविधियां चल रही है उसे 15 दिनों के भीतर वन क्षेत्र घोषित करने के लिए अधिसूचना जारी करने का फैसला किया। यहां खनन बंद होगा।

भरतपुर के जिलाधिकारी आलोक रंजन ने बृहस्पतिवार को बताया कि आदि बद्री क्षेत्र में 34 और कनकाचल पर्वत क्षेत्र में 11 खदानें संचालित हैं। 2000 से 2018 तक खदानों का आवंटन किया गया था। उन्होंने कहा कि इन खदानों में लगभग 2500 लोग काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही पसोपा क्षेत्र में डेढ़ साल से चल रहा साधुओं का आंदोलन समाप्त हो गया है। उक्त क्षेत्र को पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने के लिए विस्तृत कार्य योजना तैयार की जाएगी।

## यूक्रेन से युद्धः रूस ने गंवाए 15 हजार सैनिक, 45 हजार हुए जख्मी

### अमेरिकी खुफिया एजेंसी सीआईए के निदेशक का दावा, यूक्रेन को हुआ कम नुकसान

वाशिंगटन/कीव, एजेंसी



यूक्रेन पर रूसी हमले से यूक्रेन को तो जबर्दस्त नुकसान हुआ ही है, रूस को भी अपने 15 हजार सैनिक गंवाने पड़े हैं। अमेरिकी खुफिया रिपोर्ट के मुताबिक इस युद्ध में रूस के 45 हजार सैनिक जख्मी हुए हैं।

रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध के लगभग पांच महीने बाद भी घमासान थमा नहीं है। रूसी सेनाएं लगातार यूक्रेन पर हमलावर बनी हुई हैं। इस बीच अमेरिका की खुफिया एजेंसी सीआईए ने कहा है कि इस युद्ध में यूक्रेन के साथ रूस को भी खासा नुकसान उठाना पड़ा है। सीआईए के निदेशक विलियम बर्न्स ने कोलोराडो में एस्पेन सिक्योरिटी फोरम में कहा है कि इस युद्ध में कम से कम 15 हजार रूसी सैनिक मारे गए हैं। उन्होंने रूस के 45 हजार से अधिक सैनिकों के जख्मी होने की बात भी कही। उन्होंने ये भी दावा किया है कि यूक्रेन के लोग भी भारी संख्या मारे गए हैं लेकिन ये संख्या रूसी सैनिकों की संख्या से कम है। दरअसल रूस और यूक्रेन के बीच चल रहे युद्ध में यूक्रेन भी रूस को मुंहतोड़ जवाब दे रहा है। ताजा मामले में यूक्रेन के रक्षा मंत्रालय ने दावा किया है कि देश के दक्षिणी हिस्से के नोवा काखोवका शहर के पास वायुसेना ने एक रूसी युद्धक विमान को मार गिराया है। इस हमले का एक वीडियो भी जारी किया गया है। इस वीडियो में आग का गोला बने रूसी युद्धक विमान को साफ देखा जा सकता है और वो थोड़ी ही देर में जमीन पर गिर जाता है। ये विमान जैसे ही जमीन पर गिरता है वैसे ही इसमें एक जोरदार धमाका होता है। इसके बाद इसमें से काले रंग के धुएं का गुबार आसमान की तरफ उठता हुआ दिखाई देता है।

## भोपाल में 23 और 24 जुलाई को यूथ पंचायत का आयोजन : शिवराज

### आजाद की जन्म2स्थऔली से माटी लाने बाइक से निकले युवा, सीएम शिवराज ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

भोपाल, एजेंसी



प्रदेश के जिलों में होने वाली यूथ पंचायत से चयनित प्रतिभागी भोपाल में 23 व 24 जुलाई को होने वाली यूथ महापंचायत में शामिल होंगे। इसमें प्रतिभागियों के साथ शिक्षा, उद्यमिता, कला, संस्कृति, खेल, जनजाति कल्याण और अन्य क्षेत्रों में काम कर रहे युवा भी हिस्सा लेंगे। इसी सिलसिले में गुरुवार को राजधानी के स्मार्ट पार्क में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद की जन्म-स्थली भाभरा के लिए यूथ महापंचायत की बाइक रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान खेल एवं युवा कल्याण की प्रमुख सचिव दीप्ति गौड़ मुखर्जी और युवा कल्याण विभाग के संचालक रवि गुप्ता सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। इस अवसर पर सीएम शिवराज ने युवा बाइकर्स को संबोधित करते हुए कहा कि मां भारती के लाल चंद्रशेखर आजाद ने अंग्रेजों से लोहा लिया और जब अंतिम गोली बची तो उसी से स्वयं को मारकर स्वयं को बलिदान कर दिया। अंग्रेजों ने भारत को आजादी चांदी की तश्तरी में रखकर भेंट नहीं की है, इसके लिए हजारों क्रांतिकारी हंसते-हंसते फांसी के फंदों पर झूल गये थे। कई ने अपनी जवानी और जिंदगी अंडमान-निकोबार की जेल में कोल्हू और चक्की पीसते गुजार दी। अमर क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद जी को प्रणाम करके आज आप यूथ महापंचायत की बाइक रैली को प्रारंभ कर रहे हैं। आप गांव-गांव होते हुए भाभरा जायेंगे और वहां की पवित्र माटी लेकर वापस आयेंगे। उस पवित्र माटी को शौर्य स्मारक में रखा जायेगा और उस माटी को माथे पर लगाकर यूथ महापंचायत होगी। आपको इस रैली के पवित्र उद्देश्यों की सफलता के लिए शुभकामनाएं देता हूं। बता दें कि कि यह रैली शुक्रवार को वापस भोपाल पहुंचेगी। रैली में शामिल युवाओं द्वारा बलिदानी चंद्रशेखर आजाद की जन्म-स्थान की मिट्टी से भरे कलश को को लाकर भोपाल के शौर्य स्मारक में स्थापित किया जाएगा। 23 जुलाई को अमर बलिदानी चंद्रशेखर आजाद की 116वीं जयंती पर कलश स्थापना समारोह होगा।

रैली | कोरोना वायरस महामारी के कारण दो साल के अंतराल के बाद यह वार्षिक रैली निकाली जा रही है

## तृणमूल कांग्रेस की शहीद दिवस रैली के लिए बड़ी संख्या में उमड़े लोग

कोलकाता, एजेंसी



पश्चिम बंगाल में बड़ी संख्या में लोग सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस की विशाल शहीद दिवस रैली के लिए एस्प्लेनेड में एकत्रित हुए। यह रैली बृहस्पतिवार को कड़ी सुरक्षा के बीच निकाली जा रही है। कोरोना वायरस महामारी के कारण दो साल के अंतराल के बाद यह वार्षिक रैली निकाली जा रही है और टीएमसी के उत्साहित समर्थकों ने ट्रेनों, बसों तथा निजी वाहनों से सुबह चार बजे से ही घटनास्थल पर पहुंचना शुरू कर दिया। इनमें से कई लोग रैली के लिए दो दिन पहले ही शहर में पहुंच गए हैं। टीएमसी सुप्रीमो ममता बनर्जी रैली को संबोधित करेंगी। टीएमसी कार्यकर्ताओं को भीड़भाड़ वाली लोकल ट्रेनों से हावड़ा और सियालदह के दो टर्मिनल स्टेशनों पर पहुंचते हुए देखा गया। उन्होंने पार्टी के झंडे, पारंपरिक ह्यढाकह्न और शंख बजाते हुए बनर्जी के पोस्टर ले रखे थे। रैली के दौरान शहर में कानून एवं व्यवस्था बनाए रखने के लिए कम से कम 4,500 पुलिस कर्मियों को तैनात किया गया है। इस साल यह रैली इसलिए भी खास है क्योंकि यह 2021 के विधानसभा चुनावों में टीएमसी की शानदार जीत और लगातार तीसरी बार पार्टी के सत्ता में लौटने के बाद पहली बार आयोजित की जा रही है।

बनर्जी ने बुधवार को कहा था कि शहीद दिवस रैली केंद्र के निरंकुश शासन के खिलाफ होगी।

टीएमसी 1993 में तत्कालीन वाम मोर्चे की सरकार के खिलाफ युवा कांग्रेस की रैली पर पुलिस की गोलीबारी में मारे गए 13 लोगों की याद में हर साल 21 जुलाई को शहीद दिवस मनाती है। इस घटना के वक्त बनर्जी युवा कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष थीं। वहीं, कलकत्ता उच्च न्यायालय ने बुधवार को सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) को निर्देश दिया था कि शहीद दिवस रैली आयोजित करते समय पश्चिम बंगाल सरकार के स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग के दिशानिर्देशों का पालन किया जाए। अदालत एक जनहित याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें कहा गया था कि 21 जुलाई को कोलकाता में होने वाली रैली में लगभग 15 से 20 लाख लोग शामिल होने जा रहे हैं। राज्य में कोविड-19 के बढ़ते मामलों के मद्देनजर याचिका में राज्य सरकार को पर्याप्त एहतियाती कदम उठाने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया।

## लोकसभा में उठा दर्जी कन्हैयालाल की हत्या का मामला

### बीजेपी सांसद ने की- दावत-ए-इस्लामी को प्रतिबंधित करने की मांग

नई दिल्ली, एजेंसी



भारतीय जनता पार्टी के सांसद अर्जुन लाल मीणा ने उदयपुर में कुछ दिन पहले एक दर्जी की निर्मम हत्या का विषय गुरुवार को लोकसभा में उठाया। सांसद ने केंद्र सरकार से आग्रह किया कि दावत-ए-इस्लामी नामक संगठन पर प्रतिबंध लगाया जाए। दावत-ए-इस्लामी संगठन के तार इस घटना से जुड़े होने की बात सामने आई है। उदयपुर से लोकसभा सदस्य मीणा ने सदन में नियम 377 के तहत यह विषय उठाया।

उदयपुर में सांप्रदायिक हिंसा भड़काना था मकसद उन्होंने कहा कि पिछले दिनों उदयपुर में कन्हैया लाल की हत्या की घटना का मकसद सांप्रदायिक हिंसा भड़काना था। उन्होंने कहा, जांच में पता चला है कि बाहर का संगठन इस घटना से जुड़ा है। सरकार से मांग करता हूं कि दावत-ए-इस्लामी संगठन को प्रतिबंधित किया जाए। मीणा ने यह भी कहा कि कन्हैया लाल की हत्या के जिम्मेदार लोगों को जल्द फांसी की सजा दी जाए।

जारा समुदाय को एसटी की सूची में शामिल करने की मांगः नियम 377 के तहत अपना विषय रखते हुए भाजपा के सुब्रत पाठक ने कहा कि उत्तर प्रदेश के बंजारा समुदाय को अनुसूचित जनजाति की सूची में शामिल करने की मांग बहुत लंबे समय से उठ रही है। उन्होंने कहा कि इस मामले को गंभीरता से लिया जाए और बंजारा समुदाय को अनुसूचित जनजाति की सूची में डाला जाए। भाजपा के सुभाष बहेड़िया ने चेक बाउंस होने से जुड़ा एक विषय सदन में शून्यकाल के तहत उठाया और कहा कि इससे जुड़े नियम का दुरुपयोग को रहा है, इसलिए इस पर पुनर्विचार किया जाए।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/ 49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129, 9430990555